ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल


सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • चैत्र शुक्ल पक्ष 12 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 02 अप्रैल 2023 • वर्ष-29 • अंक-166 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

एक्ट्रेस गौहर खान को आया गुस्सा, कपल को... पेज 10 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### क्रशर कंपनी का पैसा लेकर सेल्स मैन फरार

**हरिहरगंज।** पीपरा प्रखंड क्षेत्र में संचालित एस्ट्रा वेंचर्स स्टोन क्रशर कंपनी का सेल्समैन अनुशंकर सीसी कंपनी के पैसे और अन्य संसाधन को लेकर तीन महीने से फरार है। वहीं कंपनी के मैनेजर शिवा कुमार ने इस संबंध में पीपरा थाना में मामला दर्ज कराया है। थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि सेल्समैन अनुशंकर सीसी द्वारा स्टॉन क्रशर कंपनी के पैसे और संसाधन को लेकर फरार होने के संबंध में कंपनी के मैनेजर ने मामला दर्ज कराया है। जिसका अनुसंधान किया जा रहा है। इधर कंपनी के मैनेजर शिवा कुमार ने सेल्समैन की तस्वीर जारी करते हुए कहा है कि गत 21 दिसंबर 2022 से कंपनी के पैसे और अन्य संसाधन को लेकर अनुशंकर सीसी फरार है। इस संबंध में पीपरा थाना में कांड संख्या 01/23 दिनांक 8 जनवरी 2023 मामला दर्ज कराया गया है। उन्होंने बताया कि अनुशंकर सीसी के साथ काम करने वाला कोई भी व्यक्ति या संगठन अपने जोखिम पर अपनी संपति एवं संसाधन आदि का इस्तेमाल न करें।

### ओलावृष्टि से किसानों की नीद हराम

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद और हैदरनगर क्षेत्र के सोन नदी के तटवर्ती इलाके में शनिवार को दोपहर अचानक आयी आंधी बारिश ने किसानों की नींद हराम कर दी है। इसके साथ ही उनके खेतों में विभिन्न प्रजाति के फसल पर करीब दस मिनट तक ओलावृष्टि भी हुई। पूर्व पंसस रामप्रवेश सिंह के कहा कि सोन नदी के तटवर्ती इलाके में ओलावृष्टि से रब्बी की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। उनके कबरा कला गांव में आंधी बारिश व ओलावृष्टि देखते ही किसानों के होश उड़ने लगे थे। फिर पुनः बारिश खुलने पर किसानों ने राहत की सांस ली है।

### रैयत न्याय संघर्ष मोर्चा का धरना स्थगित

**विश्रामपुर।** रैयत न्याय संघर्ष मोर्चा का दो अप्रैल को छह सूत्री मांगों के समर्थन में प्रस्तावित एकदिवसीय धरना राजनैतिक कारणों से स्थगित कर दिया गया है। इसकी जानकारी मोर्चा के सदस्य राहुल दुबे ने दी।

# संदेहास्पद स्थिति में मिला घायल युवक

## अस्पताल जाने के क्रम में मौत



नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** रेहला मुख्य मार्ग पर बरवाडीह गांव के पास संदेहास्पद स्थिति में सड़क किनारे एक युवक गंभीर रूप से घायल स्थिति में मिला। अस्पताल ले जाने के क्रम में युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान रमुना-वंशीधर निवासी संजय बैठा के पुत्र राजन बैठा 25 वर्ष के रूप में हुयी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि शुक्रवार की देर रात फोन से सूचना मिली की एक युवक सड़क दुर्घटना में घायल होकर बरवाडीह में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। घायल युवक राजन बैठा को एम्बुलेंस से तत्काल गढ़वा जिला अस्पताल भेजा गया। लेकिन रास्ते मे ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। इधर स्थानीय लोगों की माने तो वह अत्यधिक रूप से शराब का सेवन करता था। वह हमेशा बरवाडीह गांव के आसपास देशी शराब पीने आया करता था। बीती रात भी वह शराब पी कर जा रहा था। इसी बीच वह किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। लेकिन मृतक के परिजन इस मामले को दुर्घटना नही मान रहे है। परिजनों के अनुसार राजन को मारपीट कर सड़क के किनारे फेका गया था। यहां बताते चले कि मृतक राजन के पिता संजय बैठा वर्षो से रेहला में लॉन्ड्री की दुकान चलाते है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### वज्रपात से 19 वर्षीय युवती की मौत

**पाटन।** थाना क्षेत्र के ग्राम अमवा निवासी विनय राम की पुत्री मालती कुमारी उम्र 19 वर्ष की मौत वज्रपात की चपेट में आकर हो गई। जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर बारिश हो रही थी। इसी बीच मालती कुमारी अपने खेत में गाय को लेने गई थी। इसी दौरान वह वज्रपात की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए किशुनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वही घटना की जानकारी मिलने पर किशनपुर ओपी प्रभारी नीरज कुमार सिंह अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।

# अखाड़े व झांकी के रामभक्तों को मिला सम्मान



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** रामनवमी पूजा महासमिति ने सभी अखाड़ा प्रमुख, झांकी, कलाकारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष कश्यप ने किया। झांकी में योगीबीर, मधुशाला रोड, अखंड ज्योति नवयुवक संघ, दरुआ, पंचमुखी हनुमान नगर कुर्मी टोला, कुसुआ कोइरीडीह सहित सभी 40 अखाड़े व झांकी में शामिल रामभक्तों को सम्मानित किया गया। सबसे बड़ा महावीरी झंडा के लिये बिट्टू केशरी व उनकी टीम को सम्मानित किया गया। जबकि झांकी में लक्ष्मण का शक्ति बान, हनुमान जी का मूविंग, राम दरबार, शंकर दरबार झांकियों को लोगों ने काफी सराहा। कार्यक्रम में आरएसएस के सामाजिक समरसता झारखंड प्रमुख विजय घोष सह जिला संघ चालक दिनेश प्रसाद कश्यप, भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, ओमप्रकाश अग्रवाल, लोकनाथ केशरी, राकेश तिवारी, राजेश कुमार सिंह आदि अतिथियों द्वारा लोगों को मोमेंटो, तलवार, माला, ताजपोशी कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने जुलूस को शांति पूर्ण संपादित करने के लिए प्रसाशनिक अधिकारी, स्वयं सेवी संगठनों, रामभक्तों, पुलिस जवानों को बधाई दी। मौके पर मुख्य रूप से मिंटू अग्रवाल, श्रवण कुमार, राकेश तिवारी, गोपाल पाठक, सचिन आनंद, बिकु कश्यप, संतोष कश्यप,राजेन्द्र पाल, पंकज गुप्ता, सुबोध कश्यप, पवन कुमार गुप्ता, राहुल केशरी, जितेंद्र कुमार, दीनानाथ सोनी, उदय नाथ विश्वकर्मा, देवेंद्र नाथ गुप्ता, रवि कुमार, राजकुमार कश्यप, जय प्रकाश तिवारी, अजय गप्ता, उदयनाथ विश्वकर्मा, उत्तम कुमार, राजेश कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

# एकादशी को निकली भगवान श्रीराम की शोभायात्रा, भजन कीर्तन

## श्री राम - हनुमान जी के जयकारा से नगर भक्तिमय



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड सह बाजार मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक रुप में चैत्र मास शुक्ल पक्ष की एकादशी शनिवार को दूसरे पहर लहराते भगवा ध्वज के बीच जयश्री राम, लाल लंगोटी लाल निशान, जय बजरंगी जय हनुमान, रामजी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी ..., आदि उद्घोष के साथ राम मंदिर से रामनवमी की शोभायात्रा सह विसर्जन जुलूस निकाली गई। जिसमें शामिल रामभक्तों ने नाना प्रकार की झांकियों के साथ पूरे उल्लास के साथ नगर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण किया। शोभायात्रा का नेतृत्व पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने किया। इससे पूर्व रामनवमी समिति अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के अलावे डॉ. अजय जयसवाल, उपमुखिया पवन कुमार, नंदलाल प्रसाद, राकेश कुमार, जयनारायण जयसवाल, मनीराज, आशीष मोदनवाल, रंजन मोदनवाल, मंटू मेहता, अर्जुन प्रजापति, अजय प्रसाद, सुनील सिंह, सोनू, विजय प्रसाद, रामकुमार, भारद्वाज दास, ओमप्रकाश बाला जी, रामप्र वेश मेहता, संतन चौधरी, दीपक कुमार, अरुण कुमार, आशीष कुमार सहित सैकड़ों युवा रामभक्तों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महावीरी ध्वज का पूजन, हवन कराया। वाहनों की कतारें खेल तमाशे में लीन सैकड़ों स्थानीय कलाकारों ने नाना प्रकार की झांकियों का प्रदर्शन किया। इस जुलूस व शोभायात्रा में शहर के अलावे समीपवर्ती बुद्धबिगहा, बगीचा, ब्रह्मस्थान, करीमनडीह, कोईरियाडीह, शिवस्थान आदि जगहों के अखाड़ा समिति सदस्यों ने सिर में केसरिया पट्टी बांधें महावीरी झंडें के साथ शामिल होकर भक्तिमय वातावरण को राममय किया। ढ़ोल, तासे, सिंघा, नगाड़ा, डमरु, झंझरी, बैंजू की धुन पर कई भक्ति गीतों से नगर गूंजता रहा। जुलूस चौक बाजार राममंदिर से प्रारंभ होकर बैंक रोड, जवाहर पथ, बस स्टैंड से वापस मेन रोड होते दक्षिण सदाबह नदी स्थित बड़ा शिवालय पहुंचने के बाद देर रात विसर्जित किया जायेगा। वहीं सुरक्षा व शांति व्यवस्था में बीडीओ धीरज कुमार ठाकुर सीओ सह दंडाधिकारी राजीव नीरज, थाना प्रभारी आजाद अंसारी दलबल के साथ विभिन्न स्थानों में व्यस्त रहे।

# वार्षिक परीक्षा परिणाम के टॉपरों को किया सम्मानित

**विश्रामपुर।** मॉडर्न संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल ने शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन द्वारा एक सादे समारोह में सभी वर्ग के तीन तीन टॉपरों को सम्मानित किया गया। टॉपरों को स्कूल के निदेशक राहुल जैकब ने प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। प्राचार्य क्षितिज प्रभाकर ने बेहतर परीक्षा परिणाम का श्रेय शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और बच्चों के कड़े मेहनत को दिया। मौके पर शिक्षिका प्रतिभा कुमारी,रसिया खातून,स्वेता कुमारी,सोनम कुमारी, शालिनी सुमन,सुदेश प्रजापति,आरती कुमारी, नीतू कुमारी,फरहीद अंसारी, अनु कुमारी, पुष्पा कुमारी,अंजली कुमारी,अमृता कुमारी सहित सभी शिक्षक शिक्षिका और कई अभिभावक मौजूद थे।

### विद्या विहीन मनुष्य पशु के समान : के एन त्रिपाठी



**विश्रामपुर।** विधान सभा क्षेत्र के महुंगाई में स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल का उद्घाटन समारोह के मौके पर शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि विश्रामपुर विधान सभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह वर्तमान बसपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजन मेहता, विशिष्ठ अतिथि कांग्रेस के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी व सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद विश्रामपुर चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर एमएम प्रसाद,नावाडीह ओपी के पूर्व प्रभारी आलोक सोरेन,समाजसेवी छोटन उपाध्याय, कूमी मुखिया प्रतिनिधि छोटू सिंह ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित व फीता काट कर सांस्कृतिक मंच का उद्घाटन किया। वहीं स्कूल प्रबंधन ने सभी मौजूद सम्मानित अतिथियों को अंगवस्त्र व माला पहनकर स्वागत किया। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने अपने संबोधन में स्कूल प्रबंधन को सराहते हुए कहा कि इतनी सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में आप सभी ने जो यह शिक्षा का अलख जगाने का प्रयास किया है। वह वाकई में काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा विद्या विहीन मनुष्य पशु के समान होता है। वहीं स्कूल के निर्देशिका तृप्ति मिश्रा ने मौजूद सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए,उन्हें बताया कि हमारे नव न्युक्त संस्थान स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में कम फिस पर गुणवक्ता पूर्व शिक्षा दी जाती है। ताकि आगे जाकर बच्चे अपने संस्कार व शिक्षा के बल पर रोजगार के साथ साथ राष्ट्र निर्माण में भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सके। वहीं स्कूल प्रबंधन के द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मौजूद स्थानीय कलाकार विजय बवाली व रंजीत किशोर कि जुगलबंदी ने मौजूद लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर बीजेएमसी जिला अध्यक्ष ऋतु राज मिश्रा, दिवाकर मिश्रा, श्यामू विश्वकर्मा, रामजी विश्वकर्मा, आंनद कुमार, स्कूल के प्रिंसीपल राहुल चोबे, अमितेश रंजन,अजित उपाध्याय,नंदन मिश्रा, रजनी देवी, नीतिका कुमारी, वंदना कुमारी, स्वाति पाण्डेय सहित सैकड़ों अभिभावक व स्थानीय लोगों की मौजूदगी रही।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

धनबाद, दिनांक 31/03/2023 मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:– **क्र. सं. 1. ई–निविदा सं.** 212–DHN–2022–23 **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** व. मं. अभि./सम./धनबाद के अधीन धनबाद मंडल के लिए रेलवे के मापदंड के अनुसार 50 एमएम आकार के 1,00,000 घनमीटर मशीन क्रश्ड ट्रैक स्टोन ब्लास्ट की आपूर्ति तथा उसे किसी भी प्रकार के रेलवे वैगन में एफ.ओ. आर. पाकुड़ में लोडिंग। **10 (दस) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू में):** 14,12,51,000.00 **क्र. सं. 2.ई–निविदा सं.** 213–DHN–2022–23 **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** चोपन, रेणुकुट, नगरउंटारी एवं गढ़वा : अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चोपन, रेणुकुट, नगरउंटारी एवं गढ़वा स्टेशन पर 06 मी. चौड़े एफओबी का प्रावधान : एफओबी के फांउडेशन का निर्माण, उठाने के साथ बोल्टिंग/रिवेटिंग /वेल्डिंग एवं रेलवे के द्वारा उपलब्ध एफओबी गरडरों एवं अन्य संरचनात्मक पुर्जो का पेंटिंग तथा संबंधित विभिन्न कार्य। **09 (नौ) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू में):** 18,26,19,164.29 **क्र. सं. 3.ई–निविदा सं.** 214–DHN–2022–23 **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** डाल्टनगंज, गढ़वा रोड, एवं लातेहार :– अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत डाल्टनगंज, गढ़वा रोड, एवं लातेहार स्टेशन पर पीएफ को ऊँचा करना, विस्तार एवं फ़्लोरिंग "के संबंध में" अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत डाल्टनगंज, गढ़वा रोड, एवं लातेहार स्टेशन पर ऊँचा करना, विस्तार, फ्लोरिंग, पुराने डाल्टनगंज एफओबी पर वन लेग रैंप का विस्तार तथा संबंधित विभिन्न कार्य। 09 (नौ) महीना। **कार्य की लगभग लागत (रू में):** 9,69,76,104.80 **ब्याने की राशि (रू में):** ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय:** ई–निविदा बंद होने की तारीख 24.04.2023 को 17:00 बजे तक। ई–निविदा खुलने की तारीख 25.04.2023 को 12:00 बजे से। **वेबसाइट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)
पूर्व मध्य रेल/धनबाद

पीआर/2471/डीएचएन/ईएनजी./टी/22–23/60

# मां सरस्वती के आशीर्वाद से लोग बनते हैं कलाकार : अशोक



नवीन मेल संवाददाता

**नावा बाजार संवादाता।** पलामू लोक कलाकारी में छिपी है कई प्रतिभाएं। प्रतिभा को निखारने की है। उक्त बातें सेवानिवृत्त रेलवे ड्राइवर अशोक तिवारी ने कही। तिवारी ने आज श्री राम नवमी कमेटी तोलरा द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने बताया कि कलाकार जो भी आगे निकलते हैं, उस पर माता सरस्वती की कृपा रहती है। आज जितने भी कलाकार आगे बढ़े हैं और देश विदेश में अपनी पहचान बनाये हैं उनके ऊपर माता की कृपा है। श्री राम नवमी कमेटी के द्वारा मुख्य अतिथि सहित सभी कलाकारों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर रोहित कुमार तिवारी उप मुखिया कुश तिवारी कमेटी के अध्यक्ष रामनिवास तिवारी सचिव बालमुकुंद तिवारी कार्यकारी अध्यक्ष अजीत तिवारी उपेंद्र तिवारी श्याम तिवारी रामानंद तिवारी बबलू तिवारी प्रेमशंकर तिवारी रोहित तिवारी अमित तिवारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# रामनवमी समिति ने निकाली बाइक रैली

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर के रामनवमी समिति की ओर से राम भक्तों ने शनिवार को भव्य बाइक जुलूस निकाला। जुलूस श्रीराम जानकी मंदिर परिसर से निकला, जो हैदरनगर बाजार, रेलवे गुमटी चौक, भाई बिगहा मुख्य पथ, खरडीहा , करीमंडीह, लोहरपुरा , बरेवां , बभनडीह, पतरिया , नौडीहा, बिलासपुर, भीखा बिगहा, चौकड़ी, बहेरा, बिंदूबिघा ,स्टेशन रोड आदि गांव का भ्रमण किया। बाइक रैली का नेतृत्व एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, युवा नेता सूर्या सिंह ने किया। रैली पुनः श्रीराम जानकी मंदिर पहुंच कर संपन्न हो गया। इस मौके पर एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कहा कि आज के परिवेश में श्री राम के आदर्श प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी धर्म इंसान को शांति का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि जो धर्म का पालन करते हैं, वह कभी गलत नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि हैदरनगर के युवाओं का उत्साह उन्हे ऊर्जा देने का काम करता है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष में रामनवमी का पर्व अधिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जायेगा। इसके लिए हैदरनगर के युवाओं को हर संभव मदद की जायेगी। सूर्या सिंह ने बाइक रैली में शामिल सभी राम भक्तों को शुभकामनाएं दी है। विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा कि रामनवमी का पर्व सभी के लिए खास होता है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जन्मोत्सव के मौके पर बाइक रैली में शामिल राम भक्तों ने शांति का परिचय दिया है। असर राम भक्त होने का परिचय उन्होंने दिया है। मौके पर मुखिया संतोष कुमार सिंह, एनसीपी कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल थे।

**कार्यालय : जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट कोषांग, लातेहार**

**अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा**

विज्ञापन सं0 04/23

जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, लातेहार अंतर्गत डी0एम0एफ0टी0 कार्यालय के सुचारू रूप से संचालन हेतु सामग्री क्रय हेतु पी0आर0 292616 लातेहार 22–23(डी) के द्वारा निविदा प्रकाशित की गई थी। वांछित संख्या में निविदा प्राप्त नहीं होने के कारण अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका है।

अतएव उक्त कार्य हेतु इच्छुक फर्मो/प्रतिष्ठानों से पुनः दिनांक 10.04.2023 को अपराह्न 03:30 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 10.04.2023 को अपराह्न 4:00 बजे से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय वेश्म में क्रमवार निविदा समिति के समक्ष निविदा प्रस्तुत करने वाले प्रतिष्ठान अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के उपस्थिति में खोली जायेगी।

विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट http://latehar.nic.in से Download कर प्राप्त किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त
लातेहार

PR 294291 District (23-24)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/19/2022-23

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | ग्रुप सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | प्रखण्ड–प्रतापपुर, पंचायत–गजवा में पाती नदी पर पुल निर्माण। | 2,20,90,700.00 | 4,42,000.00 | 10000.00 | 15 माह | RDD/SD/CHATRA/04/2021-22/RE-I |
| 2 | 02 | प्रखण्ड–गिद्धौर अंतर्गत मंझगांवा पंचायत के घटेरी नदी पर पुल निर्माण। | 3,12,47,878.00 | 6,25,000.00 | 10000.00 | 18 माह | RDD/SD/CHATRA/04/2021-22/RE-I |
| 3 | 03 | चतरा जिला के प्रखण्ड सिमरिया, ग्राम–कुरूमदारी के मानत नदी पर पुल निर्माण। | 4,81,23,800.00 | 9,63,000.00 | 10000.00 | 18 माह | RDD/SD/CHATRA/11/2022-23 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 10.04.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 10.04.2023 से 20.04.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय– 24.04.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
   I) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा।
   ii) अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश अंचल, हजारीबाग।
   iii) e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन धुर्वा, रॉंची।
6. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोशित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान :– **e-procurement cell,** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन धुर्वा, रॉंची।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 25.04.2023 के अपराह्न 02:00 बजे
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।

PR 294310 Rural Development(23-24)D

**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

**ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:- **239/RI/2022-23/RWD/LOHARDAGA** दिनांक :- **31.03.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/LOHARDAGA/12/SRPKG-02/2022-23 | (i) चट्टी लोहरदगा बी0टी0 रोड से कुन्दो बस्ती खेल मैदान भाया बड़गाँई तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.850 कि0मी0)<br>(ii) बेड़ो लोहरदगा मेन रोड (कुन्दो पण्डरिया मोड़) से जमगाई तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.870 कि0मी0)<br>(iii) बिटपी से तिलसीरी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.300 कि0मी0)<br>(iv) कैरो चट्टी रोड से गजनी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.900 कि0मी0)<br>(v) झारो मेन रोड से पण्डरिया टाना टोली पीच रोड तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.400 कि0मी0)<br>(vi) बेदाल चौक से सुरसा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.230 कि0मी0) | 6,11,84,196.00 | छः करोड़ ग्यारह लाख चौरासी हजार एक सौ छियानवे रू0 मात्र | 15 माह | द्वितीय |
| 2. | RWD/LOHARDAGA/13/SRPKG-03/2022-23 | (i) आर0ई0ओ0 रोड माराडीह से ढोवा मोड़ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.200 कि0मी0)<br>(ii) पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड मन्हो से बिजली ऑफिस तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.850 कि0मी0)<br>(iii) जीमा से चटकपुर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.710 कि0मी0)<br>(iv) महुवा टोली से कुजरा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.900 कि0मी0)<br>(v) हिरही (हर्रा टोली) से लोहरदगा कुड़ू मेन रोड से हिरही पाड़ा टोली तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.600 कि0मी0)<br>(vi) डी0ए0मी0 स्कूल जुरिया से पुरनाडीह सेमर टोली तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.350 कि0मी0) | 6,46,01,499.00 | छः करोड़ छियालीस लाख एक हजार चार सौ निनानवे रू0 मात्र | 15 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **11.04.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **24.04.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **लोहरदगा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– **25.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (25.04.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– **26.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **लोहरदगा** के पक्ष में एवं **लोहरदगा** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 294171Rural Work Department(22-23)#D

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • चैत्र शुक्ल पक्ष 12 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 02 अप्रैल 2023 • वर्ष-29 • अंक-166 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

एक्ट्रेस गौहर खान को आया गुस्सा, कपल को... पेज 10 पर



NEWS इन ब्रीफ

### अमूल दूध 2 रुपये प्रति लीटर हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** दूध की बढ़ती कीमतों में आम लोगों को पहले ही परेशान कर रखा है। अब देश के बड़ी दूध कंपनी अमूल ने ग्राहकों को एक बार फिर झटका देते हुए अपनी दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर का इजाफा करने का फैसला किया है। कंपनी ने गुजरात में 2 रुपये प्रति लीटर दूध के दामों में बढ़ोतरी का निर्णय लिया है। नई दरें 1 अप्रैल, 2023 से लागू हो चुकी हैं। इस बढ़ोतरी के बाद गुजरात में दूध के दाम 3 से 4 फीसदी तक महंगे हो गए हैं। गुजरात कॉरपोरेशन मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड (जो कि गुजरात की सबसे बड़ी डेयरी यूनियन हैं) ने अमूल के दूध के दाम में 2 रुपये प्रति लीटर के इजाफे का फैसला किया था। यह बढ़ोतरी अमूल की सभी वैरायटी पर लागू हो चुकी है।

### हावड़ा रामनवमी झड़प : सीआईडी ने अपने हाथ में ली जांच

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस की आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) रामनवमी के जुलूस को लेकर गुरुवार को हावड़ा जिले में हुई झड़पों की जांच करेगी। राज्य सरकार के सूत्रों ने कहा कि सीआईडी के तहत विशेष अभियान समूह (एसओजी) द्वारा जांच की जाएगी और जांच दल का नेतृत्व पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) के स्तर का एक अधिकारी करेगा। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी. आनंद बोस ने कड़े शब्दों में बयान जारी कर पुलिस को मामले में वस्तुनिष्ठ, मजबूत और निष्पक्ष रहने का निर्देश दिया। राज्य सचिवालय के सूत्रों ने बताया कि इस मामले की जांच का प्रभार सीआईडी को सौंपने का फैसला खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्यपाल से चर्चा के बाद लिया। इसमें उन्होंने राज्य के संवैधानिक प्रमुख को मामले में आवश्यक और त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### रमजान



उर्दू कैलेंडर के मुताबिक रोजा का समय 02 अप्रैल को संध्या 6:13 और सेहरी का समय 03 अप्रैल को सुबह 4:30 मिनट में

## अप्रैल से जून तक पड़ने वाली है भीषण गर्मी

### आईएमडी ने कहा– सामान्य से अधिक रहेगा तापमान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को कहा कि उत्तर-पश्चिमी भारत के कुछ हिस्सों और प्रायद्वीपीय क्षेत्र को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में अप्रैल से जून तक अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। विभाग ने कहा कि इस दौरान मध्य, पूर्वी और उत्तर-पश्चिमी भारत के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्मी रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने अप्रैल के महीने में बारिश को लेकर भी भविष्यवाणी की है। विभाग का कहना है कि अप्रैल में सामान्य बारिश होने की संभावना है। उत्तर-पश्चिमी, मध्य और प्रायद्वीपीय क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश की संभावना है जबकि पूर्वी और शेष पृष्ठ 11 पर



### मौसम में उतार चढ़ाव जारी, आज से राहत

**रांची।** राज्य में लगतार बारिश और मौसम के उतार चढ़ाव का सिलसिला लंबा खिंचने वाला है। शनिवार को जहां राज्य के कुछ इलाकों में तेज हवा और वज्रपात के साथ हल्के से माध्यम दर्जे की बारिश हुई, वहीं आज से 4 अप्रैल तक आसमान मुख्यतः साफ रहने और मौसम के शुष्क बने रहने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिकों ने बताया है कि उसके बाद पांच और छह तारीख को भी राज्य के कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश की संभावना है। इधर, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में कई स्थानों पर वर्षा हुई है। पूर्वी सिंहभूम के दरसई में सर्वाधिक 51.8 मिलिमीटर वर्षपात रिकॉर्ड किया गया। इस दौरान अधिकतम तापमान चाईबासा में 36.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## शिवाजी मैदान में रावण वध



**मेदिनीनगर।** रामनवमी पर्व समापन के बाद शहर के शिवाजी मैदान में रावण वध कार्यक्रम का समापन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर सदर एसडीओ राजेश कुमार साह, रामनवमी जनरल कमेटी के अध्यक्ष जुगल किशोर चंद्रवंशी, डिप्टी मेयर मंगल सिंह ने संयुक्त रुप से पुतला दहन किया। रावण दहन के दौरान अग्निबाण चलते ही रावण और मेघनाथ के गगनचुम्बी पुतलों में आग धधक उठी और फिर पुतलों में बंधे पटाखों से आसमान गूंज उठा। शिवाजी मैदान में रावण दहन कार्यक्रम को देखने के लिए हजारों की संख्या में शहर और उसके आसपास के लोगों ने भाग लेकर रावण बध का आनन्द लिया। इस दौरान जय श्रीराम के नारों से वातावरण गूंज उठा। भीड़ को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई थी।

# झारखंड के छह जिलों को केंद्रीय सहायता

## गिरिडीह, गुमला, खूंटी, सरायकेला, चतरा व चाईबासा

**नवीन मेल संवाददाता । रांची**



राज्य के छह नक्सल प्रभावित जिलों गिरिडीह, गुमला, खूंटी, सरायकेला, चतरा और चाईबासा को वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 51.73 करोड़ रुपये मिले हैं। यह राशि केंद्र प्रायोजित पुलिस आधुनिकीकरण योजना अंतर्गत विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत दी गयी है।गिरिडीह को 10.25 करोड़ रुपये, गुमला को 10.25 करोड़ रुपये, खूंटी को 9.89 करोड़ रुपये, सरायकेला को 10.25 करोड़ रुपये, चाईबासा को 10.25 करोड़ रुपये और चतरा को 84 लाख रुपये मिले हैं। इस राशि से राज्य के छह जिलों में सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और सेवाओं से संबंधित क्रिटिकल गैप्स को भर दिया जायेगा। इसके लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने देश के अति उग्रवाद प्रभावित जिलों को विशेष केंद्रीय सहायता प्रदान करने की योजना बनायी थी, जिसमें झारखंड के छह जिले हैं।माओवादी गतिविधि के मामले में झारखंड के आठ जिले अत्यधिक माओवादी प्रभाव श्रेणी में हैं जबकि 16 जिलों में माओवादी प्रभाव है। झारखंड में देश के 25 में से आठ जिले माओवादी प्रभाव वाले हैं। रांची, खूंटी, बोकारो, चतरा, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम झारखंड में माओवादी प्रभाव वाले 16 जिले हैं। आठ अति नक्सल प्रभावित जिले चतरा, गिरिडीह, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम हैं।

## प्रधानमंत्री ने रानी कमलापति स्टेशन से वंदे भारत को झंडी दिखाकर किया रवाना

**एजेंसी। भोपाल**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वंदे भारत ट्रेन नए भारत की उमंग और तरंग का प्रतीक है। यह भारत की आधुनिकतम ट्रेन है, जिसके लोकार्पण का उन्हें सौभाग्य मिला है। रेलवे के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि कोई प्रधानमंत्री इतने कम अंतराल में किसी रेलवे स्टेशन पर दोबारा किसी कार्यक्रम में आया है। पहले रानी कमलापति स्टेशन के लोकार्पण में आया था और आज वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने आया हूं। प्रधानमंत्री शनिवार को भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने ट्रेन के कोच में जाकर स्कूली बच्चों से बातचीत की। उन्होंने ड्राइविंग कैब के क्रू मेम्बर्स से भी संवाद किया। वंदे भारत एक्सप्रेस पर लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश निरंतर विकास की गाथाएं लिख रहा है। खेती, उद्योग, गरीबों के लिए घर, हर घर जल से नल, गेहूं उत्पादन आदि अनेक क्षेत्रों में प्रदेश अग्रणी है। पहले बीमारू कहा शेष पृष्ठ 11 पर

### छह हजार रेलवे स्टेशन वाईफाई से लैस

मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 तक नॉर्थ ईस्ट रेलवे से नहीं जुड़ा। हमारी सरकार आने के बाद हमने उसे रेलवे से जोड़ा और रेलवे का कायाकल्प किया। हमने 'वन स्टेशन-वन प्रोडक्ट' योजना से कारीगरों के कपड़े, कलाकृतियों, पेंटिंग्स, बर्तन इत्यादि का विक्रय के लिए पूरे भारत में 600 से अधिक आउटलेट रेलवे स्टेशन पर खोले हैं, जिसका लाभ आज लाखों लोग ले रहे हैं। रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया गया है, छह हजार रेलवे स्टेशन वाईफाई से लैस हैं और 900 रेलवे स्टेशन पर सीसीटीवी का काम पूरा हो गया है। वंदे भारत ट्रेन पूरे भारत में सुपरहिट रही है और हर कोने से इन्हें चलाने की मांग आ रही है।

## कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू पटियाला जेल से रिहा

**एजेंसी। पटियाला/पंजाब**



1988 के रोड रेज मामले में अपने गृहनगर पटियाला की जेल में 317 दिनों तक सलाखों के पीछे रहने के बाद कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू शनिवार शाम जेल से बाहर आए और उन्होंने राज्य की आप सरकार और केंद्र की भाजपा सरकार दोनों पर जमकर निशाना साधा। सजा के दौरान उन्होंने 30 किलो से ज्यादा वजन कम किया। काली पगड़ी और नीली जैकेट के साथ पठानी सूट पहने, पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रमुख सिद्धू, जिन्हें अपनी जेल की अवधि में 45 दिनों की छूट के साथ समय से पहले रिहा कर दिया गया, उन्होंने कहा कि उन्हें बताया गया था कि उन्हें सुबह 11.45 बजे रिहा कर दिया जाएगा। सुबह से उनकी रिहाई का बेसब्री से इंतजार कर रहे उनके समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। नवजोत सिद्धू जिंदाबाद के नारे लगाते हुए, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में अमृतसर के कांग्रेस सांसद गुरजीत औजला और पूर्व विधायक अश्विनी सेखरी, सुखविंदर डैनी और सुनील दुती शामिल थे, जो सैकड़ों प्रशंसकों और सहानुभूति रखने वालों के साथ मौजूद थे। क्रिकेटर से नेता बने सिद्धू ने जेल के बाहर मीडिया से कहाः मेरी रिहाई में जानबूझकर देरी की गई। उन्हें शाम करीब 5.51 बजे रिहा किया गया। भाजपा नीत केंद्र सरकार पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए सिद्धू ने कहाः पंजाब को कमजोर करके कोई भी सरकार मजबूत नहीं हो सकती। इस देश में जब भी तानाशाही आई है तो क्रांति भी आई है और इस बार शेष पृष्ठ 11 पर

### लोकतांत्रिक मूल्यों व सामाजिक हितों की रक्षा के लिए किया है बहुत काम

## अकारण नहीं है लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ मीडिया



पिछले दिनों, देश के एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि यदि किसी देश को लोकतांत्रिक रहना है, तो प्रेस को स्वतंत्र रहना चाहिए। जब प्रेस को काम करने से रोका जाता है, तो लोकतंत्र की जीवंतता से समझौता होता है। मुख्य न्यायाधीश, ऐसा कहने वाली पहली विभूति नहीं हैं। उनसे पहले भी कई बार कई प्रमुख हस्तियां प्रेस और मीडिया की स्वतंत्रता को लेकर मिलते-जुलते विचार सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्त कर चुकी हैं। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है, तो वह अकारण नहीं है। उसने समय-समय पर लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक हितों की रक्षा के लिए बहुत काम किया है और इसके लिए बड़ी कीमत भी चुकाई है। इसके बदले उसे समाज का, लोगों का भरपूर विश्वास और सम्मान भी हासिल हुआ है। लेकिन दुर्भाग्य से बीते दो-तीन दशकों में यह विश्वास लगातार दरकता गया है, सम्मान घटता गया है। मीडिया की इस घटती प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता के पीछे बहुत सारे कारण गिनाये जा सकते हैं। सबसे पहला तो यही है कि उदारीकरण की आंधी से पहले जिस मीडिया ने खुद को एक मिशन बनाए रखा था, उसने व्यावसायिकता की चकाचौंध में बहुत तेजी से अपना 'कॉरपोरेटाइजेशन' कर लिया और खुद को 'मिशन' की बजाए खालिस 'प्रोफेशन' बना लिया। अब जब यह प्रोफेशन बना तो इसकी प्राथमिकताएं भी बदल गईं। 'जन' की जगह 'धन' साध्य बन गया। अधिक से अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में मीडिया प्रतिष्ठानों ने अपने तौर-तरीके पूरी तरह बदल लिए। कंटेंट की बजाय उन्होंने आइटम पर ज्यादा ध्यान देना शुरू कर दिया, ताकि रीडरशिप और टीआरपी में ज्यादा से ज्यादा ऊंचाई पर पहुंचा जा सके। जितनी ज्यादा ऊंचाई, उतना ज्यादा विज्ञापन राजस्व। उसमें भी भारी घालमेल। अधिकतर अखबार और टीवी चैनल, सामग्री की गुणवत्ता की बजाए आंकड़ों की बाजीगरी में अधिक भरोसा करने लगे। लेकिन या तो उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया या फिर परवाह नहीं की कि इस पूरे चक्र में वे समाज और लोगों का भरोसा खो रहे हैं। अब स्थिति यह है कि मीडिया तो लगातार विस्तार कर रहा है, लेकिन लोगों में उसकी विश्वसनीयता लगातार कम हो रही है। आज मीडिया के बहुत सारे रूप हैं। मनोरंजन को छोड़ दीजिए, तो रेडियो ज्यादा लोग सुनते नहीं, टीवी देखते नहीं, अखबार पढ़ते नहीं। अगर यह सब करते भी हैं, शेष पृष्ठ 11 पर

## 100 करोड़ के घोटाले के आरोपी पर एक और एफआईआर

### फर्जी कोविड रिपोर्ट से जुड़ा है मामला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार के मिड डे मील के खाते से 100 करोड़ रुपये के फर्जी हस्तांतरण से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी भानु कंस्ट्रक्शन के संचालक संजय कुमार तिवारी के खिलाफ रांची के बरियातू थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। मामला कोविड का फर्जी सर्टिफिकेट से जुड़ा हुआ है। एफआईआर रिम्स अधीक्षक के द्वारा दर्ज कराई गई है।

**क्या है मामला :** गौरतलब है कि संजय तिवारी को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कोर्ट में 25 मार्च को ही सरेंडर करना था, लेकिन संजय तिवारी ने उस सरेंडर से बचने के लिए कोविड होने की गलत जानकारी रांची के पीएमएलए कोर्ट को दी। पीएमएलए कोर्ट को दिए गए रिम्स के इलाज संबंधी कागजात और कोविड सर्टिफिकेट की जांच ईडी के रांची जोनल ऑफिस के द्वारा की गई। रिम्स में ईडी के अधिकारियों ने जांच की तो पता चला कि संजय तिवारी के द्वारा जो इलाज संबंधी कागजात और कोविड सर्टिफिकेट दिए गए हैं, वह गलत है। मामले की जांच में रिम्स अधीक्षक ने पाया कि रिम्स के कुछ कर्मचारियों से मिलीभगत कर संजय तिवारी ने अपना कोविड पॉजिटिव रिपोर्ट तैयार करवा लिया था। जांच के बाद रिम्स अधीक्षक ने इस मामले में बरियातू थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

**25 मार्च को अधिवक्ता के माध्यम से दिया था आवेदन :** दरअसल, संजय तिवारी के वकील ने अदालत में सरेंडर न करने की वजह बताते हुए आवेदन दिया था। आवेदन में कहा गया था कि संजय तिवारी को कोरोना हो गया है। वह रिम्स में भर्ती हैं, डॉक्टर ने क्वारंटीन रहने की हिदायत दी है। इसलिए सरेंडर करने के लिए समय दिया जाए। संजय तिवारी को सुप्रीम कोर्ट ने पैसे जमा कराने की शर्त पर दो दिन की अंतरिम जमानत प्रदान की थी। यह अवधि 24 मार्च को खत्म हो चुकी थी, लेकिन 24 मार्च को कोर्ट में अवकाश रहने के कारण 25 मार्च को सरेंडर करना था।

**लूट महोत्सव** गिट्टी, सीमेंट की एक मोटी परत डालकर पैसे की निकासी की गई

# मेदिनीनगर नगर निगम मार्च लूट महोत्सव, बारिश ने खोली पिचिंग की पोल

### सरकार ने मार्च लूट रोकने के लिए किए उपाय, लेकिन निगम ने किया बंटाधार

**नवीन मेल संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** जहां एक ओर मार्च लूट रोकने के लिए झारखंड सरकार ने कई एहतियातन कदम उठाए थे। जिसके तहत 31 मार्च को ट्रेजरी के माध्यम से पास होने वाले बिल पर कड़ी नजर रखी गई। वहीं, मेदिनीनगर के नगर निगम के द्वारा मार्च लूट महोत्सव का जमकर फायदा उठाया। शहर के कई सड़कों के ऊपर गिट्टी, सीमेंट की एक मोटी परत डालकर सड़क के मजबूती के नाम पर पैसों की निकासी कर ली। पलामू में विगत कई दिनों से हो रही बारिश ने निगम के द्वारा बनाये गए सड़क की पोल खुल गई। कई सड़क में डाली गई सीमेंट और गिट्टी पानी मे बह गये। जहां वित्त विभाग के द्वारा जारी निर्देश के अनुसार इस वित्तीय वर्ष के समापन के दिन होने वाले बिलों का भुगतान सरकार के द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुरूप नहीं होने पर कार्रवाई किये जाने की बात कही गई। वहीं नगर निगम इसे धत्ता बताकर मार्च लूट का आनंद लिया।

**एक करोड़ से अधिक का बिल बगैर विभाग के नहीं होता पास :** वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन यानी 31 मार्च को ट्रेजरी में एक करोड़ से अधिक का बिल होने पर बगैर वित्त विभाग की मौखिक अनुमति लिए ट्रेजरी ऑफिसर इसे पास नहीं कर सकते थे। 31 मार्च को वित्तीय वर्ष के समापन के दिन देर रात तक काम होता रहा।

**क्या है 15 प्रतिशत का बंधेज :** योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए शेष पृष्ठ 11 पर

### वित्त विभाग ने जारी की थी चिट्ठी

वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह के द्वारा जारी की गई चिट्ठी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 के मार्च महीने में राशि की निकासी के लिए योजना मद के बजट में व्यय की अधिकतम सीमा 15 प्रतिशत तक ही होनी थी। हालांकि विभागीय प्रधान सचिव, मुख्य सचिव और सचिव को इसमें छूट दी गई थी। अधिक राशि होने पर सचिव स्तर के अधिकारी के आदेश पर विपत्र कोषागार जाएंगे। सचिव स्तर के अधिकारियों के द्वारा हर एक मामलों के लिए आदेश निर्गत किए जाएंगे और आदेश के साथ विपत्र कोषागार में भेजे जाने का प्रावधान था। लेकिन निगम ने ये काम मार्च अंत होने से पूर्व ही कर लिया। वित्त विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि 15 प्रतिशत के बंधेज से विमुक्ति के लिए आवश्यक मामलों के लिए विभागीय सचिव के द्वारा केस टू केस बेसिस पर किए गये कार्यों की समीक्षा की जायेगी।

## NEWS इन ब्रीफ

### अज्ञात चोरों ने की सोलर प्लेट की चोरी प्राथमिक दर्ज

**खरौंधी।** खरौंधी थाना क्षेत्र के में अज्ञात चोरों द्वारा सोलर पंप के लिए लगे सोलर प्लेट को गुरुवार की रात चोरी कर ली गयी। भुक्तभोगी अरविंद कुमार गुप्ता ने बताया की कृषि विभाग से प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत कृषि कार्य के लिए सोलर मोटर मेरे खेत मे लगाया गया था, जिससे मेरे द्वारा खेती कार्य किया जाता था। गुरुवार की शाम तक खेतों में पटवन किया गया था शुक्रवार की सुबह में देखा तो एक सोलर प्लेट नही है। अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गयी है। सोलर प्लेट 335 वाट का है। सोलर प्लेट चोरी की सूचना स्थानीय थाना में आवेदन के माध्यम से दी गयी है।

### 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के सोनपुरवा मुहल्ला निवासी 70 वर्षीय राम अधीन राम 70 वर्ष की मौत शनिवार को सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। घटना के संबंध में उसका पुत्र राजेश राम ने बताया कि उसके पिता सुबह उठकर अपने घर से चाय पीकर निकले थे। एक घंटा बाद बाजार से अपने घर लौटकर घर पास स्थित बालू पर लेट गए। उसके कुछ देन बाद वह उल्टी करने लगे। बाद में तबीयत बिगड़न पर परिजन उसे सदर अस्पताल लाकर भर्ती कराए। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र ने बताया कि उसके पिता हर दिन शराब का सेवन करते थे। शनिवार को भी वह शराब पीकर ही आए थे। परिजनों को आशंका है कि शराब पीने के कारण उनकी मौत हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### आर्म्स एक्ट के तहत दो लोग गिरफ्तार, जेल

**मेराल।** मेराल पुलिस द्वारा शनिवार को आर्म्स एक्ट के तहत दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार के अनुसार थाना क्षेत्र के बंका गांव निवासी प्रवीण चौधरी एवं रुपेश चौधरी पिता सतेंद्र चौधरी के खिलाफ 31 मार्च को मेराल थाना में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने उक्त मामले में कार्रवाई करते हुए सगे भाई प्रवीण चौधरी एवं रुपेश चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### केंद्र सरकार लोकतंत्र का गला घोंट रही है : कांग्रेस

**श्री बंशीधर नगर।** केन्द्र की मोदी सरकार अलोकतांत्रिक तरीका अपनाकर लोकतंत्र का गला घोंट रही है। अडानी मामले पर कांग्रेस द्वारा पूछे जा रहे सवालों का जबाब देना नही चाहती। कांग्रेस बेरोजगारी, महंगाई व अडानी मामले को लेकर सड़क से सदन तक आंदोलन के लिये तैयार है उक्त बातें कांग्रेस के पूर्व विधायक राज राजेन्द्र प्रताप देव कांग्रेस के प्रखंड कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कही। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव सुरेन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि दो वर्ष पुराने केश में राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने,बंगला खाली कराने व सदन में विपक्ष पर अलोकतांत्रिक व्यवहार के विरुद्ध कांग्रेस आंदोलन तेज करेगी। प्रेसवार्ता में जिला महासचिव ओमप्रकाश चौबे, प्रखंड अध्यक्ष संजय प्रसाद, बीस सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष ईश्वरी चौधरी, संतोष प्रकाश सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पंचायत समिति सदस्यों ने भानु प्रताप शाही से मुलाकात की

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर पिछले दिनों झारखंड विधानसभा में राज्य के त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों पंचायत समिति सदस्य के मानदेय के मामला को विस क्षेत्र के विधायक भानु प्रताप शाही द्वारा विस में पुरजोर तरीके से उठाने पर भवनाथपुर पंचायत समिति सदस्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष चन्दन कुमार ठाकुर के नेतृत्व में प्रखंड के पंचायत समिति सदस्यों ने विस के विधायक से मुलाकात कर पिछले दिनों विस में पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्य के मानदेय के मामला को सदन में उठाने के लिए बधाई दिया। मौके पर अरसली दक्षणी पंसस सकील अहमद, मकरी उतरी पंसस रीता देवी, सहित अन्य प्रतिनिधी मौजूद थे।

# सदर अस्पताल समेत जिले के विभिन्न सीएचसी में कोरोना को ले किया मॉक ड्रिल

### कोरोना को लेकर सावधानी बरतने की है जरुरत : सिविल सर्जन

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिले में सदर अस्पताल समेत विभिन्न सीएचसी में शनिवार को कोरोना को लेकर मॉक ड्रिल किया गया। सदर अस्पताल में मॉक ड्रिल के दौरान सिविल सर्जन डा.अनिल कुमार व डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

मॉक ड्रिल में कोविड वार्ड में मौजूद वेंटीलेटरयुक्त बेड, आक्सीजन पाइपलाइन, पीएसए आक्सीजन प्लांट समेत सभी उपकरणों को संचालित कर जांच की गई। साथ ही कर्मियों को कोरोना संक्रमित मरीज के आने के बाद उन्हें भर्ती व इलाज के दौरान एहतियात बरतने आदि को लेकर बताया गया। इस संबंध में सिविल सर्जन डा.अनिल कुमार ने बताया कि कोविड अस्पताल में सभी सिस्टम फंक्शनल हैं। पीएसए प्लांट से पाइपलाइन के जरिए आक्सीजन को बेड तक आने आदि के बारे में जांच की गई। उन्होंने बताया कि सिस्टम फंक्शनल होने के साथ दवाएं भी उपलब्ध हैं। जबकि 200 जंबो सिलिंडर भी उपलब्ध हैं। कोरोना संक्रमित मरीजों के इलाज में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। वैसे लोगों को अभी से ही सावधानी बरतने की जरुरत है। मौके पर अस्पताल प्रबंधक सच्चिदानंद पांडेय, लैब टेक्नीशियन सुबोध कुमार सिंह, संजय राय, उमेश चंद्रवंशी, एमपीडब्ल्यू विपीन कुमार, जीएनएम प्रियंका शर्मा, डीएमएलटी निशा कुमारी, फर्मासिस्ट हीरामन विश्वकर्मा समेत कई स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।




### जिलास्तरीय पोषण पखवाड़ा सह प्रदर्शनी व कार्यशाला का आयोजन

# अपने भोजन में पारंपरिक मोटे अनाज को शामिल करें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिला परिषद के सभागार में शनिवार को जिलास्तरीय पोषण पखवाड़ा सह प्रदर्शनी व कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीसी शेखर जमुआर ने की। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के जिलास्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए। मौके पर डीसी ने संबोधित करते हुए कहा कि अपने भोजन में पारंपरिक मोटे अनाज(मिलेट्स) को भी शामिल करने की जरूरत है। उससे जिला को कुपोषण से पूर्णतया मुक्ति दिलाई जा सकेगी। उन्होंने आकांक्षी जिला के मद्देनजर भी स्वास्थ्य व समाज कल्याण विभाग के सभी इंडिकेटर पर गंभीरता से कार्य करने का निर्देश दिया। डीसी ने सिविल सर्जन व जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आपस में समन्वय बनाकर अधिक-से-अधिक लोगों को मोटे अनाज समेत अन्य पोषाहार के प्रति जागरूक करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी अपने दैनिक खानपान में मोटे अनाज का इस्तेमाल करें। उससे लोगों को कुपोषण का शिकार होने से बचाया जा सकेगा। मौके पर उपायुक्त ने सिविल सर्जन को एक ट्रेनिंग प्रोग्राम भी तैयार करने का निर्देश दिया। उससे लोगों को प्रशिक्षित कर



जागरूक किया जा सकेगा। उससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन डीसी के अलावा उप विकास आयुक्त, निदेशक डीआरडीए, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोटे अनाज की उपयोगिता पर चर्चा हुई कि किस प्रकार से हम मोटे अनाज यथा बाजरा, रागी, मक्का, ज्वार समेत अन्य का इस्तेमाल कर प्रचुर मात्रा में पोषक तत्व प्राप्त कर सकते हैं ताकि मुख्य रूप से बच्चों, किशोरियों व गर्भवती महिलाओं को कुपोषण की समस्या से निजात दिलायी जा सकती है। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त ने कहा कि शरीर में कोलेस्ट्रोल समेत अन्य बीमारियां उत्पन्न होने के कारण हार्ट अटैक जैसी समस्या का हमें सामना करना पड़ता है। यह समस्या सिर्फ और सिर्फ हमारे खान पान के कारण ही उत्पन्न होता है। इसलिए हमें मोटे अनाज को अपने खानपान में शामिल करना काफी आवश्यक है। उन्होंने इनके अच्छे रेसिपी के बारे में भी लोगों को जागरूक करने पर बल दिया। कार्यक्रम में निदेशक डीआरडीए ने कहा कि मोटे अनाज को बढ़ावा देना है तो हमें आंगनबाड़ी केंद्रों से लोगों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभानी होगी। साथ ही कृषि विभाग की ओर से मोटे अनाज से संबंधित पूर्ण जानकारी लोगों के समक्ष रखनी होगी। मोटे अनाज से पोषाहार में काफी लाभ मिलता है। उसमें कैल्शियम की मात्रा अच्छी होती है और उससे हमारे हड्डी भी मजबूत होते हैं। रागी के इस्तेमाल से त्वचा काफी अच्छी होती है। उन्होंने जापान जैसे देश में रागी के व्यापक रूप से इस्तेमाल का भी उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन व डीपीएम द्वारा आकांक्षी जिला को लेकर सभी इंडिकेटर की जानकारी दी गई। 20 मार्च से शुरू हुआ पोषण पखवाड़ा तीन अप्रैल तक चलेगा। मौके पर अच्छी लंबाई व वजन वाले बच्चों की माताओं अमृता कुमारी, सृष्टि कुमारी व अंशिका कुमारी को डीसी ने पुरस्कृत किया। उक्त अवसर पर अनन्या कुमारी व दयाशंकर सिंह नामक बच्चे को उपायुक्त और उप विकास आयुक्त ने खीर खिलाकर अन्नप्रासन कराया। कार्यक्रम का संचालन मेराल प्रखंड की महिला पर्यवेक्षिका एकता नाथ ने किया।

# सिमरिया में निकली झांकी, उमड़ी भीड़, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**नवीन मेल संवाददाता। सिमरिया**

मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम व वीर हनुमान की भक्ति में शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक पूरा सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय भक्तिमय रहा। सिमरिया चौक की सड़कों पर आकर्षक झांकियों को देखने के लिए वर्षा होने के बावजूद लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। सिमरिया में 7 अखाड़ों व क्लबों द्वारा एक से बढ़कर एक झांकियां निकाली गई थी। जिसमें पुराना अखाड़ा सिमरिया बाजार टांड़, धरमवीर क्लब बाना साड़ी, रामनवमी पूजा समिति दाडी बक्कोमा, ज्योति युवा क्लब सबानो, नवयुवा जागृति क्लब हर्षनाथ पुर, युवा हिंद क्लब खपिया एवं नवयुवा एकता क्लब रोल लिपदा की झांकी शामिल थे। जुलूस व झांकी में शामिल लोगों द्वारा लगाए जा रहे जय श्री राम, जय हनुमान के नारों के उद्घोष से पूरा सिमरिया रात भर गुंजायमान होता रहा। जुलूस व झांकी संपन्न कराने को लेकर पुलीस और प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। जगह-जगह पर सुरक्षाबलों को लगाया गया था। वहीं सिमरिया चौक पर महा समिति के द्वारा बनाए गए मंच परा सांसद सुनील कुमार सिंह ,अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास, प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह, अंचलाधिकारी छुटेश्वर कुमार दास, एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी, पुलिस निरीक्षक केपी चौधरी, थाना प्रभारी विवेक कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। इस दौरान विभिन्न क्लबो एवं अखाड़ों के द्वारा एक से बढ़ाकर एक मनमोहक झांकी निकाली गई। अखाड़ों के द्वारा जुलूस में खेलों का प्रदर्शन भी किया गया। भारी बारिश के बावजूद भी सड़कों पर राम भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पुरानाअखाड़ा बाजारटाड के द्वारा निकाली गई झांकी आकर्षण का केंद्र रही। रामजी की निकली सवारी उनकी लीला है न्यारी सहित अन्य भक्ति गानों के धुन पर राम भक्त थिरकते रहे।

# मेराल : निकिता बाला ने सीओ का पदभार ग्रहण किया



**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

मझिआंव नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी निकिता बाला द्वारा शनिवार को मेराल अंचलाधिकारी का पदभार ग्रहण किया गया। उन्होंने मेराल बीडीओ सह अंचलाधिकारी बीडीओ प्रवेश कुमार साव से अंचल का पदभार ग्रहण किया। गौरतलब हो कि निकिता बाला मझिआंव नगर पंचायत में कार्यपालक पदाधिकारी हैं। उनके जिम्मे मेराल अंचल का अतिरिक्त प्रभार होगा। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि पब्लिक को हर संभव सहयोग करना मेरी प्राथमिकता होगी,तथा अंचल से संबंधित कार्यों का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। इस अवसर पर मेराल बीडीओ प्रवेश कुमार साव, मझिआंव बीडीओ नितेश भास्कर, अंचल निरीक्षक कपिल देव माझी प्रधान सहायक मुरारी मिश्रा, बिंदेश्वरी कुमार, जॉनसन गिधी, रमेश पांडे, बृज किशोर पांडे, कुणाल कुमार, रियासत अंसारी, आलम अंसारी, इत्यादि मौजूद थे।

# चोरी की घटनाओं से दुकानदार परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

क्षेत्र में चोरी की घटना थमने का नाम नही ले रही है। गहना दुकान में लगातार दो बार चोरी की घटना का अनुसंधान रमना पुलिस कर ही रही थी कि चोरों ने शुक्रवार के रात्री रमना के तीन दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस प्रशासन को चुनौती दे डाला। जानकारी अनुसार रमना बस पड़ाव के समीप आनंद गुप्ता के जेनरल स्टोर, अनिल दास के पान दुकान और रविशंकर प्रसाद उर्फ बब्लू के सेनेटरी दुकान में चोरी की घटना घटी है।चोरो ने आनंद और अनिल के गुमटी का ताला तोड़ कर और रविशंकर के गुमटी का पटरा कबाड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। समाचार भेजे जाने तक स्पष्ट नही हो सका कि किस दुकान मे कितनी राशि की चोरी हुई है। रमना थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा व पुलिस बल के जवान मामले के छानबीन में जुट चुके है। ज्ञात हो कि गत माह में अनील कुमार सोनी के दुकान से दिनदहाड़े दो लाख के जेवर लेकर अज्ञात लोग फरार हो गए थे, इसके कुछ दिन बाद इसी दुकान में चोरो ने सेंधमारी कर करीब नकदी समेत सात लाख रुपए से अधिक की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस प्रकार हों रही लगातार घटना से दुकान दार भयभीत है वही चोरो ने पुलिस प्रशासन को नाको दम कर दिया है।

# डंडई में केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने जताया विरोध

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी पर की गई अनैतिक कार्रवाई की गूंज अब गांव देहातों में भी सुनाई देने लगी है। मामले को लेकर पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ता व नेता भी सक्रिय हो गए हैं। जगह जगह पर उनके द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कार्रवाई की जानकारी लोगों तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रखंड मुख्यालय के डंडई गांवों में भी कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। प्रखंड अध्यक्ष श्यामसुंदर सिंह, 20सूत्री अध्यक्ष क्यमुदिन अंसारी, भोलाराम ,शरीफ अंसारी अनिल सिंह तौफीक अंसारी व विजय कुमार सिंह की उपस्थिति में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान लोगों ने राहुल गांधी के खिलाफ की गई कार्रवाई की घोर निंदा किया। उन्होंने कहा कि देश की सत्ता पर काबिज नरेंद्र मोदी नीत सरकार बिल्कुल रूप से तानाशाह हो चुकी है। तानाशाही के आगे वह देश के



किसी भी विपक्षी नेताओं को कुछ भी कर दे रही है। उक्त नेताओं ने कहा कि देश के लोग आजाद भारत के स्वतंत्र नागरिक हैं बावजूद जनता के द्वारा चुने गए विपक्षी सांसदों को संसद भवन में कुछ भी बोलने नहीं दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी व गौतम अडानी के रिश्तो के बारे में सवाल पूछना और प्रधानमंत्री की सांठगांठ से अडानी की पूंजी में हुए ऐतिहासिक वृद्धि के मामलों की सवाल पूछना राहुल के लिए भारी पड़ गया। उक्त सवाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नागवार लग गई और बिना देर किए ही मोदी के निर्देश पर सूरत उच्च न्यायालय के द्वारा उन्हें 2 वर्ष की सजा सुना दी गई। साथ ही न्यायालय की ओर से राहुल गांधी को मिला 1 महीने का समय को भी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने परवाह नहीं किया। देर किए बगैर उनकी सदस्यता को भी उन्होंने रद्द कर दिया। कांग्रेसी कार्यकताओं ने मोदी सरकार की ओर से की गई अनैतिक हरकतें करने से बाज आने की सीधे चुनौती दिया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व देश के कई उद्योगपतियों से सांठ गांठ के बातों की जानकारी हम सभी गांव घर के टोलों मोहल्ले में घूम घूम कर देने का काम करेंगे। वही प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेसी कार्यकताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी के कई ऐसे नेता है जो कहीं से भी संसद नहीं है और वर्षों से दिल्ली के आलीशान बंगला में रह रहे हैं। उन्हें आज तक किसी के द्वारा खाली करने की बात नहीं कही गयी। जबकि राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होते ही आवंटित बंगला खाली करने के लिए निर्देश जारी कर दिया गया। यह क्रियाकलाप सीधे तौर पर नरेंद्र मोदी सरकार की तानाशाही रवैया को दशार्ता है।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा यूटूबर पत्रकार मुस्ताक अंसारी

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

महिला सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी का आरोपी यूटूबर पत्रकार मुस्ताक अंसारी शनिवार को पुलिस के हाथों चढ़ गया। मेराल प्रखंड के लखेया मोड़ से उसकी गिरफ्तारी की गई। वही देर किए बिना ही पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा उसे न्यायिक हिरासत गढ़वा भेज दिया गया। शिकायत के बाद से ही डंडई पुलिस पदाधिकारी से लेकर मेराल व गढ़वा थाना के भी पुलिस पदाधिकारी उक्त यूट्यूब पत्रकार की गिरफ्तारी को लेकर सक्रिय थे। लेकिन उसकी चालाकी के आगे पुलिस मात खा जा रही थी। बताया जाता है कि आरक्षी निरीक्षक के साहू के नेतृत्व में बहुत संख्य पुलिस जवानों की उपस्थिति में मुस्ताक को उक्त स्थल से गिरफ्तार किया गया



है। पुलिस की गिरफ्त में आया यूट्यूब पत्रकार मुस्ताक आरक्षी निरीक्षक के पूछताछ में बताया कि हम जैसे यूट्यूब पत्रकारों को किसी भी अस्तर का खबर चलाने का अधिकार नहीं है। बावजूद देखा देखी अपने चैनल पर महिला चिकित्सा पदाधिकारी डंडाई का खबर चला भारी गलती कर बैठा था।

## कार्रवाई

### मारपीट एवं गाली-गलौज किये जाने का मामला प्रकाश में आया

# पूर्व विधायक ने की ओछी राजनीति की सारी हदें पार

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा है कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने ओछी राजनीति की सारी हदें पार कर दी है। उन्होंने दलित पंचायत प्रतिनिधि के साथ मारपीट कर अमाननीय कार्य किया है। पुलिस प्रशासन उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई करे अन्यथा झामुमो आंदोलन करने को बाध्य होगा। दुबे ने शनिवार को पार्टी के जिला कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही। दुबे ने कहा कि गढ़वा में मंत्री मिथिलेश ठाकुर द्वारा किये जा रहे विकास कार्यां से पूर्व विधायक घबरा गये हैं। उनके पास अब कोई मुद्दा नहीं बच गया है। इसलिए वे गलत बयानबाजी करना, गलत फेसबुक पोस्ट कराना, दलित पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मारपीट करना आदि ओछी राजनीति पर उतारू हो गये हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम




के शोभा यात्रा में किसी के साथ मारपीट करना उनकी गलत मानसिकता को दशार्ता है। पंचायत समिति सदस्य शंकर राम ने मंत्री ठाकुर के विकास कार्यां से प्रभावित होकर भाजपा छोड़कर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इसी बौखलाहट में उन्होंने मारपीट कर दिया। श्री दुबे ने कहा कि चुनाव हारने के बाद उन्हें इतनी मानसिक स्थिति खराब नहीं कर लेना चाहिए कि कुछ भी करने पर उतारू हो जाएं। 10 साल विधायक रहा व्यक्ति यदि पंचायत समिति सदस्य के साथ मारपीट करे, तो यह गढ़वा सहित पूरे झारखंड के लिए चिंता की बात है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन मामले की निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई करे। रामनवमी के मंगलवारी जुलूस में शामिल मंत्री के खिलाफ पूर्व विधायक के घर में काम करने वाले उनके समर्थक ने फेसबुक पर अश्लील पोस्ट कर पूरे समाज को बदनाम कर दिया। जिस महिला का फोटो पोस्ट किया गया है, उनके परिवार वालों सहित समाज के अन्य लोग भी मानसिक रूप से पीड़ित हैं। यदि झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ इस तरह का घिनौना हरकत किया जाएगा तो झामुमो आंदोलन करने को बाध्य होगा। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, विधायक प्रतिनिधि अशर्फी राम आदि लोग उपस्थित थे।

# झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक का स्थापना दिवस मना

**नवीन मेल संवाददाता। बिशुनपुरा**

बिशुनपुरा मुख्यालय स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर एक अप्रैल दिन शनिवार को स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर शाखा प्रबंधक अचल कुमार व अन्य कर्मियों के द्वारा केक काटकर मनाया गया। इसके पश्चात बैंक कर्मियों, उपभोक्ताओं एवं महिला समूह के महिलाओं को मिठाई भी खिलाई गई। इस दौरान शाखा प्रबंधक अचल कुमार ने कहा कि 1 अप्रैल 2019 को झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक का स्थापना किया गया था जो वनांचल ग्रामीण बैंक से झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक का पांच वर्ष का सफल कार्यकाल पूरा होने पर बैंक परिसर में स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान उपस्थित ग्राहकों एवं महिला समूह की महिलाओं ने बैंक कर्मियों के द्वारा बैंक की सफल संचालन पर धन्यवाद दिया। मौके पर आयोजित गोष्ठी में बैंक प्रबंधक ने ग्राहक हित की बातें कही । बैंक में आधारभूत



कार्यों के साथ- साथ जीवन बीमा, जेनरल बीमा, मुचुअल फंड, होम लोन, कार लोन, बिजनेस लोन आदि की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना समेत कई सुविधाएं दे रहा है।कम ब्याज पर रोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। मौके पर बीपीएम मोनिका डोदराय, विधायक प्रतिनिधि, कृष्णा विश्वकर्मा, कैस्पार्क मैनेजर राजकुमार भारती, कैशियर कोमल कुमारी, बैंक सखी स्नेहलता कुमारी, मैसेंजर राजा कुमार, मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण यादव, भुनेश्वर राम, अनिल पाल सहित बैंक के खाताधारी उपस्थित हुए।

# झांकी में मिला सत्यप्रेम संघ को प्रथम व चंद्रशेखर आजाद को द्वितीय पुरस्कार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर महावीर नवयुवक दल जनरल शाहपुर के तत्वावधान में रामनवमी पूजा में झांकी के अच्छे प्रर्दशन, रथ व साउंड के साथ राम भक्तो के लिए भंडारे का आयोजन करने वाले लोगों को शुक्रवार की रात सम्मान समारोह आयोजित कर शील्ड, मेडल व तलवार देकर और पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया। जिसमें सत्य प्रेम संघ को झांकी और साउंड में अच्छा प्रदर्शन को लेकर प्रथम पुरस्कार और चन्द्रशेखर आजाद क्लब को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रामभक्तों एवं ग्रामीणों के लिए शरबत पानी चना आदि की व्यवस्था एवं भंडारे का अयोजन करने वालों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद प्रमिला देवी एवं वार्ड पार्षद चंचला देवी ने महावीर नवयुवक दल जनरल के सभी पदाधिकारियों को संयुक्त रूप से शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया। चंचला देवी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम के चरित्र और उनके आर्दर्शों को जीवन में अपनाने की जरूरत है। संचालन कर रहे संरक्षक भोला पांडे ने भी शाहपुर के सभी रथ धारी, झंडा धारी एवं झांकी साउंड एवं प्रकाश की व्यवस्था करने वाले सभी को हार्दिक बधाई देते हुए कहा है कि महावीर नवयुवक दल के नेतृत्व में शाहपुर में इतना बड़ा आयोजन में सफलता सभी की एकजुटता से मिली है। महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने सभी सहयोगी दल के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को शांतिपूर्वक संपन्न होने पर वहां के लोगों की सराहनीय की। उन्होंने कहा कि शाहपुर में रामनवमी मनाने का चलन 1934 से चला आ रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महावीर नवयुवक दल के संरक्षक संजय जायसवाल, धर्मेंद्र जायसवाल, सनी शुशांक, लड्डू जायसवाल, पिंटू जायसवाल, सुनील गुप्ता, धीरज जायसवाल, उमेश जायसवाल, सत्यजीत कुमार, विजय राम चंद्रवंशी, बैजनाथ प्रसाद, दीपक जायसवाल, लालबाबू पासवान, प्रभात अग्रवाल, शशि जायसवाल, अनिल जायसवाल, लवलेश प्रजापति, रामजी जायसवाल, विश्वजीत कुमार, सत्यजीत जायसवाल सहित सत्य प्रेम संघ के राकेश कुमार, अभय पासवान, प्रमोद चौधरी, संयोग पासवान, कौशल सिंह एवं चंद्रशेखर आजाद क्लब के विशाल कुमार, नीरज कुमार, राहुल कुमार, राजेंद्र, मुन्ना, सुजीत एवं शिवसेना संघ के बादल कुमार, सागर कुमार, बबलू रजक बाल विकास संघ के राज पासवान, लड्डू पासवान सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

# गृह विज्ञान व नागपुरी विषय की मेधा सूची जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड कर्मचारी आयोग के द्वारा शुक्रवार को नागपुरी और गृह विज्ञान के अभ्यर्थियों का मेधा सूची जारी किया गया। जिसमें नागपुरी के तीन अभ्यर्थियों को और गृह विज्ञान के 48 अभ्यर्थियों को मेधा सूची में चयनित किया गया है। सभी चयनित अभ्यर्थियों को आयोग के द्वारा जिला विकल्प का अवसर दिया जाएगा। उसके बाद अंतिम मेधा सूची जारी किया जाएगा। गौरतलब है कि आयोग के द्वारा निर्धारित समय मे हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करना सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर किया जाना है। वही, पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों को अभी तक अंतिम मेधा सूची जारी नहीं किया गया है। अभ्यर्थियों के द्वारा लगातार आयोग में जाकर अंतिम मेधा सूची जारी करने के लिए कहा जा रहा है।

## NEWS इन ब्रीफ

### मेरा प्रयास सभी क्षेत्रों का विकास : महापौर

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर और उप महापौर मंगल सिंह तथा संबंधित पार्षदों ने मिलकर शनिवार को लगभग 75 लाख का शिलान्यास किया। कई रोड एवं नालियों के साथ-साथ चौधराना बाजार के सड़कों एवं नालियों के मरम्मत एवं सड़कों पर टाइल्स लगाने तथा बाजार क्षेत्र में हाई मास्क लाइट लगाने का शिलान्यास महावीर मंदिर में पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ किया गया। महापौर ने कहा कि मेरी नजर हर जगह है जहां निगम क्षेत्र में रोड और नाले बन रहे। वही पार्क एवं मरीन ड्राइव भी बनाए जा रहे। जहां टैक्सी स्टैंड बनाया गया, वही सरकारी बस डिपो भी सुसज्जित एवं सुव्यवस्थित किए जा रहे है। जहां चौक चौराहे सजाए जा रहे, वही राजा हरिश्चंद्र घाट को भी व्यवस्थित किया गया है। जहां अंतिम यात्रा हेतु अत्याधुनिक एयर कंडीशन शव वाहन लाए गए। महिला सिटी बस भी चलाने की तैयारी कर ली गई है। आज हम सबो का प्रयास सफल हुआ। अब हम स्वच्छ एवं स्वस्थ बाजार अपने व्यवसायी भाइयों को देने जा रहे। नाली पर बैठकर सब्जी एवं फल विक्रेताओं को भी बहुत जल्द शहर के बीचो बीच अत्याधुनिक 3 तल्ले का वेजिटेबल एवं फ्रूट मार्केट तथा मांस मछली बेचने वालों के लिए एक ही छत के नीचे तीन मंजिला अत्याधुनिक वधशाला देने जा रही हूँ। निगम की जनता को एक ही छत के नीचे स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित ढंग से सब्जी एवं फल मिलेगा। वहीं दूसरी जगह एक ही छत के नीचे लोग मीट -मछली- मुर्गा भी खरीद पायेंगे। इन दोनों योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द ही निविदा निकाली जायेगी। वही उप महापौर मंगल सिंह ने सभी व्यवसायियों को कार्यों में गुणवत्ता की निगरानी बनायें रखने को कहा 'मौके पर शहर के कई गणमान्य व्यवसायी उपस्थित थे।

### सदर अस्पताल में अज्ञात महिला की मौत



मेदिनीनगर। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान एक अज्ञात महिला की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार अज्ञात महिला को शुक्रवार की रात 108 एंबुलेंस के द्वारा इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। यदि कोई व्यक्ति इस महिला को पहचानते हैं तो मोबाइल नंबर 88 25 25 9606 पर संपर्क करें।

### बिजली करंट से युवती घायल

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बेड़मा बभंडी निवासी मुबारक अंसारी की पुत्री चांदनी परवीन शनिवार की सुबह बिजली करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार चांदनी परवीन शनिवार की सुबह अपने घर में बिजली बोर्ड में पलक लगा रही थी। इसी बीच वह बिजली करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है।

# एमकेडीएवी की छात्रा को मिली ढाई लाख रुपए की छात्रवृत्ति

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी. पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर पलामू की द्वादश ब की छात्रा खुशी कुमारी सुपुत्री प्रेम कुमार को ढाई लाख रुपए की छात्रवृत्ति प्राप्त होने पर 1 अप्रैल को सम्मानित किया गया। खुशी को यह छात्रवृत्ति यशस्वी एंट्रेंस टेस्ट 2022 -23 जो 25 सितंबर 2022 को रांची में आयोजित थी। उसमें उत्तीर्ण होने पर मिला। उसे झारखंड में सातवां एवं पलामू जिले में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। पीएमएसएसवाई छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए उम्मीदवारों का चयन एक लिखित परीक्षा के माध्यम से होता है। जिस का संचालन एनटीए.करती है। खुशी को यह सफलता 29 प्रतिभागियों के बीच मिली। खुशी को सम्मानित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जीएन. खान ने कहा कि खुशी की यह सफलता विद्यालय की गरिमा को चार चांद लगाता है। खुशी की सफलता पर विद्यालय परिवार, उनके माता-पिता एवं संपूर्ण पलामू वासियों को एक सुखद अनुभूति हो रही है। डॉक्टर खान ने खुशी की मां सरिता देवी के योगदान की विशेष प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी। प्राचार्य ने खुशी को उनकी आगामी सभी परीक्षाओं के लिए शुभकामना दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ बधाई दी।

## ग्रामीण बैंक का पांचवा स्थापना दिवस मना

मेदिनीनगर। नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक का पांचवा स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार द्विवेदी ने झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की स्थापना पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक सन 2019 में अस्तित्व में आया जो आज राज्य के तीसरे पायदान पर बैंकिंग के क्षेत्रों में कार्यरत है। बैंक के माध्यम से ग्रामीण एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में ग्राहकों को सुविधा प्रदान कर बैंक से जोड़ने का मुहिम चलाया जा रहा है। ग्राहकों को बैंक के माध्यम से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति, अटल पेंशन योजना सहित सेविंग अकाउंट, सीसी, कृषि लोन अनेक तरह की सुविधा बैंक द्वारा दी जा रही है। उक्त मौके पर भोला प्रसाद, शहरुम शाह मुस्ताक खान, विजय शरण गुप्ता, उस्मान खान, बनारसी यादव, अरुण विश्वकर्मा, सुनील विश्वकर्मा मुन्ना पांडे, चुन्नू खान, इस्माइल अंसारी प्रेमन सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पलामू में जोरदार बारिश ने किसानों को किया परेशान



## रबी फसलों को नुकसान

जिले में शुक्रवार और शनिवार को तेज गर्जन के साथ अचानक बारिश से मौसम सुहाना हो गया। दोपहर में मौसम पूरी तरह साफ हो गया। शाम होते ही फिर से तेज गर्जन के साथ तेज बारिश हुई। बारिश के बाद सूखी पड़ी कई नदियों में जान आ गई। बेमौसम बारिश के कारण किसानों की फसल को नुकसान हुआ है। खेत में तैयार सरसों व गेहूं की फसल को काफी क्षति पहुंची है। महुआ की फसल को भी नुकसान हुआ है।

### बिना मौसम बारिश से बच्चे और बूढ़े हो रहें बीमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में एक महीने से मौसम में बदलाव की वजह से हो रही बारिश ने आम लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। पहले धूप और अपराह्न के बाद चहुंओर आसमान पर बादल मंडराने लगते है। शाम ढलने जैसा नजारा देखने को मिलता है। हवाओं के चलने से बारिश की संभावनाएं बनती दिखती है। एक पखवाड़े से लगातार मौसम के बदलते मिजाज को देखते हुए किसानों की चिंता बढ़ गई है। उनका मानना है कि आम, महुआ जैसी नकदी उत्पाद तो पहले ही रोग और मौसमी प्रकोप से प्रभावित हो गए हैं। अब रबी फसलों गेहूं, चना, अरहर, मसूर, सरसों के उत्पादन पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। खरीफ बिना बारिश और अब रबी के दौरान बारिश होने की आशंका से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। जहां पलामू में पर्व का माहौल चल रहा था। वैसे में बारिश ने सब काम मे विघ्न डाला है। सुबह में मौसम धूप की उमस रहती है और दोपहर होते ही आसमान में बादलों का डेरा जम जा रहा है। शाम होते ही मूसलाधार बारिश हो रही है। रात में ठंड का भी असर हो रहा है। इस बारिश से बीमार लोग और बच्चे ज्यादा परेशान हो रहे है। बीते कई दिनों से पलामू में गरज चमक के साथ ही बारिश का सिलसिला जारी है। जहां बारिश से लोग परेशान है। वही, किसानों की फसलों को भी काफी नुकसान हो रहा है। मौसम विज्ञान विभाग की मानें तो आगामी दो चार दिनों में भी ऐसा ही मौसम जारी रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रेरित चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और उससे सटे कच्छ पर बना हुआ है। जिसके प्रभाव से कई स्थानों पर आंधी बारिश के साथ ही ओला वृष्टि हो सकती है। पलामू में मौसम के अचानक करवट ली है। इससे किसानों के सामने मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। असल में फरवरी की तेज धूप ने फसलों में नुकसान पहुंचाया था। वहीं अब मार्च और अप्रैल में भी बदले मौसम में फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया है। मौसम विभाग ने अभी आने वाले दिनों में भी मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहने का पूवार्नुमान जारी किया है। ऐसे में किसानों के खेतों में खड़ी फसलों पर खतरा मंडराने लगा है। ऐसे में किसान चिंतित हैं, जिसे देखते हुए कृषि विभाग ने फसलों के बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है।

### कांग्रेस का जय भारत सत्याग्रह शुरू

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के हरिहरगंज प्रखंड में 1 अप्रैल को जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राघव सिंह ने किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक मौजूद थे। लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि जय भारत सत्याग्रह पलामू जिला में 29 मार्च से लगातार सभी प्रखंडों में किया जा रहा है। आगे लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने गलत तरीके से राहुल गांधी को संसद सदस्यता खत्म कर लोकतंत्र की हत्या की है। गांधीजी ने जिस तरह देश में सत्याग्रह कर अंग्रेजों को देश से खदेड़ने का काम किया और भारत को आजादी दिलाई। आज कांग्रेस पार्टी सत्याग्रह कर मोदी सरकार के कार्यो का पदार्फाश करेगी। मोदी सरकार के दबाव के कारण देश की केंद्रीय एजेंसी गलत काम कर रही है। केंद्र सरकार रोज लोकतंत्र की हत्या कर रही है। यह सब जनता देख रही है। इस सभा के माध्यम से मोदी सरकार को कहना चाहता हूं कि सरकारी तंत्र के दबाव के सामने राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी झुकने वाली नहीं है।

# डीएमएफटी न्यास परिषद की बैठक संपन्न

### सभी पंचायतों में मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र बनाने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में शनिवार को डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक संपन्न हुई। एनआईसी के सभागार में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, खनन पदाधिकारी, सभी विधायक प्रतिनिधि, सीएस, प्रशिक्षु आईएएस श्रीकांत विसपुते समेत विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता उपस्थित रहे। वहीं वर्चुअल मोड से जिले के प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया व उप मुखिया जुड़े हुए थे। बैठक में जिले के सभी पंचायतों में एक एक मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र बनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही कई आंगनवाड़ी केंद्रों में प्री स्कूल किट दी गई है। जिसमे कलम, पेंसिल, वर्कबुक आदि चीजें शामिल हैं। साथ ही प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों में दो- दो टैब देने की स्वीकृति दी गई। कई स्कूलों में अतिरिक्त क्लास रूम, शौचालय के साथ चहारदीवारी, टाउन हॉल का जीर्णोद्धार, लालगंज स्थित आईटीआई की मरम्मत, पिपरा एवं हरिहरगंज में रोड मरम्मत, विश्रामपुर में रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण सहित कई अन्य कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं डीडीसी रवि आनंद ने बैठक में डीएमएफटी अंतर्गत हो रही कार्यों की जानकारी दी। बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने कहा कि जिले के कई प्रखंडों में जमींदारी बांधों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। जिससे बेहतर तरीके से सिंचाई किया जा सके। साथ ही उपायुक्त ने वर्चुअल मोड से जुड़े सभी प्रमुख, उपप्रमुख, मुखिया, उपमुखिया से संवाद कर उनकी क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुए और समस्याओं के निराकरण करने की बात कही।

### आर्य फाउंडेशन ने किया भंडारे का आयोजन

**मेदिनीनगर।** आरंभ आर्य फाउंडेशन की ओर से रामनवमी के शुभ अवसर पर रात्रि 9:00 से भंडारे का आयोजन छह मुहान चौक पर किया गया था। जिसमें राम भक्तों के बीच में पूरी सब्जी का वितरण किया गया। संस्था के सदस्य शुभम प्रसाद ने बताया कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। जिसे भी यह सेवा प्राप्त करने का मौका मिले, उसे हमेशा आगे बढ़ चढ़कर निभाना चाहिए। संस्था के संस्थापक अमन पांडेय ने बताया कि हमेशा जरूरतमंद लोगों के बीच एक दूसरे का हाथ से हाथ पकड़ के साथ चलने की आवश्यकता है।

# रघुवर दास आज पांकी आएंगे



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास आज पांकी पहुंचेंगे। पूर्व सीएम पांकी में सांप्रदायिक हिंसा से प्रभावित परिवारों से मुलाकात करेंगे। इसकी जानकारी भाजपा के पांकी युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष कुंदन सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कई कार्यक्रमों में पूर्व मुख्यमंत्री शामिल होंगे। तरहसी प्रखंड के शहीद मंगल पांडेय चौक पर शहीद मंगल पांडेय की प्रतिमा का शिलान्यास करेंगे। साथ ही जन चौपाल कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे। इस कार्यक्रम में पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पांकी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता बूथ कमेटी सदस्य एवं पन्ना कमेटी के लोगों को उपस्थित रहने की अपील की है। ज्ञात हो कि बीते 27 मार्च को प्रतिपक्ष नेता सह सूबे के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भी सांप्रदायिक हिंसा के प्रभावित लोगों से मुलाकात की थी। उन्होंने दंगा मामले में फंसे निर्दोष लोगों के मामले में पुलिस के आला अधिकारियों से मिलकर उन्हें हर संभव कानूनी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया था। पांकी में आये दिन हर समय यही चर्चा हो रही है कि बहुत से पढ़ने वाले बच्चे भी इस घटना में फंसे हुए हैं।

# पर्यावरण धर्म के तहत पौधारोपण कर जल यात्रा का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल के पंचायत चिरु के पटखाही में रामनवमी पूजा महोत्सव सह अखंड कीर्तन व रामायण पाठ का शुभारंभ जल यात्रा से किया गया। जिसका शुभारंभ विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कलश यात्रियों के साथ पौधारोपण कर किया। उन्होंने कहा कि जल यात्रा का मूल्य उद्देश्य जल और जंगल को संरक्षित और सुरक्षित करना है। क्योंकि जंगल ही धरती पर जल लाने की व्यवस्था करता है और जल जंगल को बचाता है। छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि देवी मंदिर परिसर में लगाये गये पौधे से अब हरियाली आ गयी है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि इसी तरह से वे अपने कार्य क्षेत्र में भी हरियाली लाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने किसी भी समस्याओं के निदान के लिए वे कटिबद्ध हैं। चिरु पंचायत के मुखिया सोना मति देवी, समाजसेवी प्रमोद यादव व सचिन पांडेय ने पर्यावरणविद व पार्षद के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कार्यक्रम के समापन पर चार अप्रैल को पटखाही में सांस्कृतिक कार्यक्रम दुगोला का आयोजन किया गया है। जिसमें मगध सम्राट व्यास सुदर्शन यादव और अरविंद सिंह अभियंता के बीच गायन मुकाबला होना है। उक्त कार्यक्रम के अध्यक्ष मिथिलेश यादव, सचिव अरुण साव व बैजनाथ साव, कोषाध्यक्ष रामविलास यादव व अर्जुन यादव होंगे। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए कमेटी में रामचंद्र पाल, जयनंदन यादव, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, प्रमोद साव, लखन साव, हरे राम साव, कुणाल यादव, भरत यादव, श्रवण यादव, रामपति यादव, कामता यादव, संजय यादव, अवधेश यादव ]गोपाल साव, हरि यादव ,जनेश्वर मिस्त्री चंद्रदेव यादव, बिगन यादव इत्यादि लोगों को शामिल किया गया है।



### प्रधान कैप्टन रंजीत चंद्रवंशी का रहा बड़ा योगदान



**मेदिनीनगर।** महावीर नवयुवक दल जेनरल अध्यक्ष जुगल किशोर चंद्रवंशी को 10 दिन के मेहनत का रंग पूरे झारखंड में हजारीबाग के बाद दूसरा नाम पलामू का आता है। जेनरल के तमाम पदाधिकारी एवं डीसी ,एसपी ,एसडीपीओ, एसडीओ ,डीएसपी ,सीओ , एवं शहर थाना प्रभारी, चारों टीओपी प्रभारी का सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों का बहुत बड़ा योगदान रहा है, जिन्होंने शांति ढंग से रामनवी पूजा संपन्न कराया। उन्हें मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं। कार्यक्रम को सफल बनाने में एक और बहुत बड़ा योगदान प्रधान कैपिटल रणजीत चंद्रवंशी का रहा। जिन्होंने 5 दिनों तक लगातार दिन रात मेहनत कर बड़ा योगदान दिया। वहीं सभी अखाड़ों एवं संघ ने मिलजुल कर अच्छे ढंग से सभी ने प्रधान कैप्टन की बातों को माना और प्रशासन के पदाधिकारियों ने भी इनका साथ दिया।

# बजरंगी बैग हाउस ने किया लेमन टी चाय का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्रीराम नवमी पूजा नवमी के दिन बजरंग बैग हाउस की ओर से श्रद्धालुओं के बीच नींबू चाय का वितरण किया गया। इस संबंध में बजरंगी बैग हाउस के मालिक शत्रुघ्न प्रसाद अग्रवाल और अजीत अग्रवाल ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी बजरंगी बैग हाउस की ओर से श्री रामनवमी त्योहार के अवसर पर छह मुहान चौक के पास लेमन टी स्टॉल लगाकर हजारों श्रद्धालुओं के बीच चाय का वितरण किया गया। वही विनोद अग्रवाल ने बताया कि चाय वितरण करने के लिए हमारे घर के लोग रात भर लगे रहते हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना काल में भी हमारे घर के मेंबरों के द्वारा लोगों की सेवा की गई थी। जो आज भी लोग याद रखते हैं। लेमन चाय वितरण में मंटू अग्रवाल, सोनू पाठक, भोला अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जानकारी — उपायुक्त ने किया पीएम आवास योजना की समीक्षा

# लंबित आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश

### आवास के लिए बालू की आपूर्ति कराने और अन्य समस्याओं से निजात दिलाने हेतु अग्रसर कार्रवाई करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में शनिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण निर्माण के प्रगति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की लंबित आवासों की समीक्षा की। बैठक में श्री दोड्डे ने लक्ष्य के विरुद्ध लंबित आवासों की जानकारी ली और लंबित पीएम आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया। बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने लंबित आवासों के कारणों से अवगत हुए। डीसी को अवगत कराया गया कि कहीं बालू की आपूर्ति ना होना तो कहीं तय मानक से बड़े आकार का घर निर्माण करना और लाभुकों का पलायन कर जाना आवासों के लंबित होने की मुख्य वजह है। इस पर उपायुक्त ने जिले में लंबित आवासों को पूर्ण कराने हेतु सबंधित पदाधिकारी को पीएम आवास के लिए बालू की आपूर्ति कराने और अन्य समस्याओं से निजात दिलाने हेतु अग्रसर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण करने और विंडो लेवल तक आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने वाले लाभुकों के बीच दूसरी किस्त का भुगतान करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के अलावे उप विकास आयुक्त रवि आनंद, अपर समाहर्ता सह सहायक दंडाधिकारी पलामू निदेशक डीआरडीए पलामू, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अनुमंडल पदाधिकारी छतरपुर, अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद सहित जिले के सभी बीडीओ व अन्य कर्मी उपस्थित थे।



# गूगल ने विंडोज के लिए नियरबाय शेयर बीटा किया लॉन्च



**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**
टेक दिग्गज गूगल ने बीटा एप्लिकेशन के रूप में विंडोज के लिए अपना नियरबाय शेयर लॉन्च किया है जो उपयोगकताओं को अपने एंड्रॉइड डिवाइस और पीसी के बीच फाइल ट्रांसफर करने में मदद करेगा। 9टु5गूगल की रिपोर्ट के अनुसार, विंडोज ऐप के लिए नियरबाय शेयर बीटा वर्तमान में विंडोज 10 के लिए एंड्रॉइड.कॉम से सीधे डाउनलोड के रूप में उपलब्ध है और 'एआरएम डिवाइस समर्थित नहीं हैं।' उपयोगकताओं के पीसी पर, ब्लूटूथ और वाई-फाई चालू होना चाहिए, जिसमें कंपनी उपकरणों के बीच 16-फुट (5-मीटर) ट्रांसफर रेंज निर्दिष्ट करती है। यह उपयोगकताओं को आपके एंड्रॉइड डिवाइस और विंडोज पीसी के बीच फोटो, वीडियो, दस्तावेज, ऑडियो फाइलें या संपूर्ण फोल्डर को जल्दी से स्थानांतरित करने की अनुमति देता है।₹ टेक दिग्गज के अनुसार, यह उन यूजर्स के लिए मददगार होगा जो 'अपनी तस्वीरों को बड़ी स्क्रीन पर एडिट करना चाहते हैं या अपने डिजिटल फोल्डर को व्यवस्थित करना चाहते हैं।' रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में यह बीटा अमेरिका और चुनिंदा क्षेत्रों में रिलीज हो रहा है। इस बीच, पिछले साल दिसंबर में टेक दिग्गज ने एंड्रॉइड फोन और टैबलेट पर अपने नियरबी शेयर ऐप के लिए नया मटीरियल यू डिजाइन किया था। आप जिस सामग्री को सुधारते हैं, उसमें मुख्य यूआई उपयोगकताओं के साथ नियरबाय शेयर ऐप पर इंटरैक्ट करने वाले विजुअल परिवर्तन जोड़े गए हैं। आप जिस सामग्री को सुधारते हैं, उसमें मुख्य यूआई उपयोगकताओं के साथ नियरबाय शेयर ऐप पर इंटरैक्ट करने वाले विजुअल परिवर्तन जोड़े गए हैं।

## ओएलईडी स्क्रीन का उत्पादन कर रहा सैमसंग

**सैन फ्रांसिस्को।** टेक दिग्गज सैमसंग ने एप्पल की अपकमिंग मैकबुक एयर अल्ट्राबुक के लिए ओएलईडी पैनल विकसित करना शुरू कर दिया है। मीडिया ने यह जानकारी दी। सैममोबाइल की रिपोर्ट के अनुसार, एलजी एप्पल के अपकमिंग आईपैड के लिए 11 इंच और 13 इंच की ओएलईडी स्क्रीन का उत्पादन कर रहा है, लेकिन इसमें अन्य डिवाइस के लिए बड़े डिस्प्ले बनाने की क्षमता नहीं है। इसलिए, सैमसंग डिस्प्ले ने मौके का फायदा उठाया और मैकबुक एयर के लिए 13.3 इंच के ओएलईडी पैनल विकसित करना शुरू कर दिया। इससे पहले एनालिस्ट मिंग ची-कुओ ने दावा किया था कि डिस्प्ले वाला मैकबुक अगले साल के अंत तक जारी किया जाएगा। इसका मतलब है कि सैमसंग डिस्प्ले के पास आईफोन निमार्ता के मानकों और विशिष्टताओं को पूरा करने के लिए तकनीक बनाने के लिए काफी समय है। इस हफ्ते की शुरूआत में, यह बताया गया था कि एप्पल मैकबुक एयर मॉडल पर काम कर रहा था, जिसमें 13.4 इंच का ओएलईडी डिस्प्ले होगा। इस बीच, इस साल जनवरी में, एक अन्य रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था कि सैमसंग अपनी ओएलईडी स्क्रीन के लिए एक नई तकनीक, लाइफलाइक पिक्सल पर काम कर रहा है।

## आईबीएम स्पिनऑफ किंड्रिल कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली।** आईटी अवसंरचना सेवा प्रदाता किंड्रिल, तकनीकी प्रमुख आईबीएम का एक उपोत्पाद, वैश्विक स्तर पर कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है। सीआरएन की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2021 के अंत में आईबीएम से बाहर हुए किंड्रिल में लगभग 90,000 कर्मचारी हैं। कंपनी के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा, ₹हम अधिक कुशल और प्रतिस्पर्धी बनने के लिए विश्व स्तर पर कुछ कर्मचारियों को निकाल रहे हैं। यह हमारी प्रक्रियाओं और प्रणालियों को सुव्यवस्थित और सरल बनाने के लिए किए गए चल रहे परिवर्तन कार्य के अतिरिक्त है।₹ प्रवक्ता ने कहा, ₹इन कार्रवाइयों से हमें उन क्षेत्रों में अपने निवेश पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी जो हमारे ग्राहकों को सीधे लाभ पहुंचाते हैं और किंड्रिल को लाभदायक विकास के लिए स्थिति में लाते हैं।₹ किंड्रिल ने अपनी तीसरी वित्तीय तिमाही 2023 में 4.3 अरब डॉलर का राजस्व दर्ज किया, जो पिछली तिमाही से 6 प्रतिशत कम था। टेक दिग्गज आईबीएम ने भी जनवरी में 3,900 कर्मचारियों की छंटनी करने का ऐलान किया था। आईबीएम के मुख्य वित्तीय अधिकारी जेम्स कवानुघ के अनुसार, छंटनी से कंपनी को जनवरी-मार्च की अवधि में 300 मिलियन डॉलर का शुल्क लगेगा। 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त होने वाली अपनी तिमाही में, कंपनी ने 16.7 अरब डॉलर का राजस्व, 3.8 अरब डॉलर का परिचालन प्रि-टैक्स इंकम और 3.60 डॉलर प्रति शेयर परिचालन आय प्रदान की। किंड्रिल मेटा, अल्फाबेट, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, ट्विटर और अन्य जैसी कई टेक कंपनियों में शामिल हो गया है, जो वैश्विक आर्थिक प्रतिकूलताओं के बीच लाखों कर्मचारियों की छंटनी कर रहे हैं।

# प्रीमियम प्रोडक्ट्स की डिमांड बढ़ी

## टीवी, फ्रिज, लैपटॉप, फोन, जूते 18 तक महंगे



**एजेंसी। नई दिल्ली**
अब लोग प्रीमियम प्रोडक्ट्स ज्यादा खरीद रहे हैं। देश के ज्यादातर ग्राहक फीचर-रिच प्रोडक्ट्स पसंद कर रहे हैं। इसकी वजह से एक साल में टीवी, फ्रिज, लैपटॉप, स्मार्टफोन और जूते जैसे प्रोडक्ट्स के औसत बिक्री मूल्य (एएसपी) 18% तक बढ़ गए हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, ये ग्रोथ एंट्री से मिड-लेवल सेगमेंट के उन प्रोडक्ट्स की बिक्री बढ़ने का नतीजा है, जो अपनी-अपनी श्रेणियों की कुल बिक्री में 70-80% हिस्सेदारी रखते हैं। रिसर्च फर्म आईडीसी के मुताबिक, 2022 में स्मार्टफोन का एएसपी 18% बढ़कर 18,450 रुपए हो गया। 41,200 रुपए से ज्यादा दाम के फोन की ग्रोथ सबसे अधिक रही। जीएफे इंडिया के मुताबिक, लैपटॉप की औसत कीमत 9%, टीवी की 4% और अप्लायंसेस की 4-6% बढ़ी है। बाटा इंडिया के मुताबिक, 2,000 रुपए एएसपी वाले स्नीकर्स, हश पपीज के 4,000 रुपए एएसपी वाले जूते व कोमफिट के 2,100 रुपए एएसपी वाले जूतों की बिक्री बढ़ी है। दूसरी तरफ दिसंबर तिमाही की कुल बिक्री में 1,000 रुपए से कम कीमत वाले प्रोडक्ट्स की बिक्री 10% घटी है। जीएफके इंडिया के हेड ऑफ मार्केट इंटेलिजेंस के अनंत जैन बताते हैं कि आम लोग प्रीमियम प्रोडक्ट्स पसंद कर रहे हैं। सुविधा के साथ ही फीचर-रिच प्रोडक्ट्स की डिमांड बढ़ी है। ये खरीदारी के पैटर्न में आ रहे बदलाव का संकेत है। अपैरल और फैशन में भी प्रीमियम प्रोडक्ट्स को तरजीह दी जा रही है।

## होंडा एसपी 125 भारत में लॉन्च

**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अपडेटेड होंडा एसपी125 को भारत में लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने 125सीसी की प्रीमियम कम्यूटर मोटरसाइकिल में फुली डिजिटल मीटर और बीएस6 फेज-2 के नए एमिशन नॉर्म्स के अनुसार ओबीडी-2 कंप्लाइंट इंजन दिया है। बाइक ई-20 पेट्रोल पर भी दौड़ेगी। कंपनी ने बाइक को दो वैरिएंट में पेश किया है। इसके अलॉय व्हील्स के साथ फ्रंट ड्रम ब्रेक वैरिएंट की कीमत 85,131 रुपए है और अलॉय वैरिएंट वाले फ्रंट डिस्क ब्रेक की कीमत 89,131 रुपए है, सभी कीमतें एक्स-शोरूम दिल्ली हैं। 125सीसी कम्यूटर मोटरसाइकिल सेग्मेंट में होंडा एसपी का मुकाबला हीरो ग्लेमर, हीरो सुपर स्प्लेंडर, होंडा शाइन, टीवीएस राइडर आदि से होगा। बाइक इपीरियल रेड मैटेलिक, ब्लैक, मैट एक्सिस ग्रे मैटेलिक, पर्ल सायरन ब्लू, और मैट मार्वल ब्लू मैटेलिक कलर ऑप्शन के साथ आती है। बाइक में 123.94 का सिंगल-सिलेंडर, एयर-कूल्ड, फ्यूल-इंजेक्टेड इंजन दिया गया है, जो 10.7 बीएचपी की पावर और 10.9 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इस इंजन को 5-स्पीड मैन्युअल गियरबॉक्स के साथ ट्यून किया गया है।

# कमर्शियल गैस सिलेंडर 92 रुपये हुआ सस्ता



**एजेंसी। नई दिल्ली**
सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने नए वित्त वर्ष 2023-24 के पहले दिन आम आदमी को बड़ी राहत दी है। तेल कंपनियों ने कमर्शियल गैस के दाम में कटौती की है। इस कटौती के बाद कमर्शियल गैस 92 रुपये प्रति सिलेंडर तक सस्ती हो गई है। हालांकि 14.2 किलो वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। नई दरें आज (शनिवार) से लागू हो गई हैं। इंडियन ऑयल के वेबसाइट के मुताबिक राजधानी दिल्ली में कमर्शियल गैस सिलेंडर अब 2028 रुपये में मिलेगा। पहले इसकी कीमत 2119.50 रुपये थी। कोलकाता में 2132 रुपये में मिलेगा, जो पहले 2221.50 रुपये में मिल रहा था। मुंबई में इसका दाम घटकर 1980 रुपये हो गया है, जो पहले 2071.50 रुपये था। चेन्नई में यह 2268 रुपये की जगह 2192.50 रुपये में मिलेगा।

## सोन-चांदी की कीमतों में आई शानदार तेजी



**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में शानदार तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार सराफा बाजार में इस हफ्ते की शुरूआत, यानी 27 मार्च को सोना 59,003 रुपए पर था जो अब 1 अप्रैल को 59,751 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 748 रुपए बढ़ी है। सोना इस समय अपने ऑल टाइम हाई पर है। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के मुताबिक, सोने में 2020 से शुरू सुपर साइकिल अब भी जारी है। इस साल सोना 62,000 तक पहुंचने का अनुमान था, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में ये 64,000 तक पहुंच सकता है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 2,002 रुपए बढ़ी है। आज से सिर्फ छह डिजिट वाले हॉलमार्क सोने के आभूषणों की बिक्री होगी।

## ओडिसी वेडर इलेक्ट्रिक बाइक भारत में लॉन्च

**नई दिल्ली।** मुंबई बेस्ड स्टार्टअप ओडिसी इलेक्ट्रिक ने इंडियन मार्केट में अपनी इलेक्ट्रिक बाइक वेडर लॉन्च किया है। कंपनी ने इसे अहमदाबाद में 1.10 लाख रुपए के एक्स-शोरूम प्राइज पर पेश किया है। जिसे कंपनी ऑफिशियल वेबसाइट और डीलरशिप के जरिए पूरे भारत में अवेलेबल करा रही है। ओडिसी वेडर में 3000 वॉट का इलेक्ट्रिक मोटर दिया गया है, जिसकी टॉप स्पीड 85केएमपीएच है। यह बाइक 3.7 'एआइएस 156 अप्रूव लिथियम-आयन बैटरी पैक के साथ आती है। कंपनी का दावा है कि ये बैटरी 4 घंटे में फुल चार्ज हो जाती है, जो सिंगल चार्ज में 125किमी. का रेंज देती है। इस इलेक्ट्रिक बाइक में तीन राइडिंग मोड्स मिलते हैं।

## पेशावर में सिख दुकानदार की गोली मारकर हत्या

**पेशावर।** पाकिस्तान में पेशावर के गढ़ी अता मोहम्मद इलाके में एक अज्ञात हमलावर ने सिख दुकानदार की हत्या कर दी, पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने दयाल सिंह (35) पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। एसपी सदर मलिक हबीब ने डॉन को बताया, हमलावर ने सिंह की दुकान के बाहर अपनी मोटरसाइकिल खड़ी की और पिस्टल से दो गोलियां चलाईं। सिंह के सिर और सीने में गोलियां लगीं। हबीब ने कहा कि मृतक मूल रूप से खैबर जिले की तिराह घाटी का रहने वाला था, लेकिन वह पेशावर के मोहल्ला जोगन शाह में रह रहा था। शहर पुलिस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि एसएसपी (ऑपरेशंस) हारून-उर-रशीद ने सिंह के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें बताया कि सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर ली गई है और घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप 4 अप्रैल को होंगे कोर्ट में पेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मैनहट्टन में ग्रैंड ज्यूरी के आरोप तय किए जाने के बाद 24 घंटे में चार मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि जुटाई है। डोनाल्ड ट्रंप चार अप्रैल को मैनहट्टन की अदालत में पेश होंगे। कहा जा रहा है कि उनकी मौजूदगी के समय दूसरे सभी मामलों की सुनवाई रोकने पर विचार किया जा रहा है। ट्रंप के वकील सुसान नेशेल्स ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं। ट्रंप के कार्यालय ने कहा है कि लोगों का यह आर्थिक सहयोग साबित करता है कि लोग उन्हें चाहते हैं। अमेरिकी नागरिकों ने फर्जी अभियोग के पहले पांच घंटों के भीतर दान दिया है। इस बीच व्हाइट हाउस ने पूर्व राष्ट्रपति के अभियोग पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

### कनाडा से अमेरिका में अवैध एंट्री की कोशिश

# 8 लोगों की नदी में डूबने से मौत

**एजेंसी। न्यूयार्क**
अवैध रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश करने के बाद कनाडा-अमेरिका सीमा के पास सेंट लॉरेंस नदी के किनारे दो बच्चों सहित आठ लोग मृत पाए गए। इसमें पांच भारतीय शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि उनके शव डूबी हुई नाव के पास पाए गए। शव दो परिवारों के बताए जा रहे हैं। इसमें एक परिवार भारतीय था वहीं, दूसरा परिवार रोमानिया मूल का था, जिनके पास से कनाडाई पासपोर्ट बरामद हुआ है। उधर, कनाडाई पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। स्थानीय पुलिस प्रमुख शॉन डुलुडे ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, अब कुल आठ शव पानी से बरामद किए गए हैं। इसमें 6 वयस्क और दो बच्चे शामिल हैं। गुरुवार देर शाम को पहले 6 लोगों को शव बरामद हुए थे। जिन दो लोगों के शव बाद में मिले हैं, उसमें एक रोमानिया मूल का शिशु और भारतीय महिला शामिल है। कनाडा के अधिकारियों का मानना है कि सभी कनाडा से अवैध रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे। मोहॉक आदिवासी क्षेत्र क्यूबेक और ओंटारियो के कनाडाई प्रांतों और अमेरिकी राज्य न्यूयॉर्क में फैला हुआ है।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग,मुख्य अभियंता का कार्यालय,
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–
आमंत्रित निविदा रद्द संबंधी सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के निविदा आमंत्रण संख्या– **194/2022-23/RWD/CHATRA,** दिनांक– **21.12.2022, PR NO.- 285723** द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– **RWD /CHATRA /08 /2022-23** एवं **RWD/CHATRA/09/2022-23** की निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल
PR 294223 (Rural Work Department)22-23*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

शुद्धि–पत्र

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/SVS/CLUSTER/MED-29/2022-23 (2nd Call) का जो PR No. 293577 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हैं, जिसमें SVS/CLUSTER-41 जो (2nd Call) में प्रकाशित हो गई हैं, को SVS/CLUSTER-41 (3rd Call) पढ़ा जाय।
यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
मेदिनीनगर।
PR 294273 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय,
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–
आमंत्रित निविदा रद्द संबंधी सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा के निविदा आमंत्रण संख्या– **226/2022-23/RWD/GARHWA, दिनांक– 10.01.2023, PR NO.- 287216** द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– **RWD/GARHWA/28/2022-23** एवं **RWD/GARHWA/29/2022-23** की निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल
PR 294222Rural Work Department(22-23)#D

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग,
मुख्य अभियंता का कार्यालय,
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–
आमंत्रित निविदा रद्द संबंधी सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के निविदा आमंत्रण संख्या– **247/2022-23/RWD/CHATRA,** दिनांक– **27.01.2023, PR NO.- 288524** द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– **RWD/CHATRA/13/2022-23** की निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल
PR 294228 (Rural Work Department) 22-23 (D)

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय,
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–
आमंत्रित निविदा रद्द संबंधी सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा के निविदा आमंत्रण संख्या– **190/2022-23/RWD/GARHWA,** दिनांक–**21.12.2022, PR NO.- 285648** द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या–**RWD/GARHWA/24/2022-23** की निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल
PR.NO.294219 Rural Work Department(23-24):D

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग,
मुख्य अभियंता का कार्यालय,
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन,
कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–
आमंत्रित निविदा रद्द संबंधी सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी के निविदा आमंत्रण संख्या– **138/2022-23/RWD/KHUNTI,** दिनांक 01.12.2022, **PR NO.- 283991** द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– **RWD/KHUNTI/13/2022-23** की निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल
PR 294231 Rural Work Department(23-24).D

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची
ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- **325/2022-23/RWD/LOHARDAGA** दिनांक :- **31.01.2023**
मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ LOHARDAGA/ 03/2022-23 | गगेया बाजार टांड़ आर0ई0ओ0 मुख्य पथ से पतलो गडवाली सीमाना तक पथ निर्माण कार्य (लं– 4.500 कि0मी0) | 4,02,15,177.00 | चार करोड़ दो लाख पन्द्रह हजार एक सौ सतहत्तर रू0 मात्र | 15 माह |
| 2. | RWD/ LOHARDAGA/ 10/2022-23 | ग्राम चरहू मुख्य पथ से नदी होते हुए मेरले तक पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य (लं– 3.580 कि0मी0) | 2,78,75,500.00 | दो करोड़ अठहत्तर लाख पचहत्तर हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 3. | RWD/ LOHARDAGA/ 06/2022-23 | ग्राम जुरिया तिगरा पथ से अरकोसा तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3.080 कि0मी0) | 2,70,49,200.00 | दो करोड़ सत्तर लाख उनचास हजार दो सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 4. | RWD/ LOHARDAGA/ 07/2022-23 | एन0एच0–75 झखराटोली से ग्राम नन्तीलो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं– 1 .850 कि0मी0) | 1,65,18,800.00 | एक करोड़ पैंसठ लाख अठारह हजार आठ सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 5. | RWD/ LOHARDAGA/ 08/2022-23 | फिरोज अंसारी के घर से कब्रिस्तान होते हुए पंचायत भवन तक पथ निर्माण कार्य (लं– 1. 400 कि0मी0) | 1,29,17,700.00 | एक करोड़ उनतीस लाख सतरह हजार सात सौ रू0 मात्र | 09 माह |
| 6. | RWD/ LOHARDAGA/ 09/2022-23 | कुजी हाई स्कूल पी0डब्लू0डी0 पथ से बसारडीह गाँव तक पथ निर्माण कार्य (लं– 1.200 कि0मी0) | 1,27,10,200.00 | एक करोड़ सताईस लाख दस हजार दो सौ रू0 मात्र | 09 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 12.04.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 27.04.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, लोहरदगा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 28.04.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (28.04.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 29.04.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा के पक्ष में एवं लोहरदगा में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
PR 294148 Rural Work Department(22-23)D
नोडल पदाधिकारी ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

## एक नजर इधर भी

### अनकहे किस्से

*15 अगस्त* या 26 जनवरी को हर स्कूल कॉलेज या टीवी रेडियो पर एक गीत जरूर बजता है, 'जहां डाल - डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा, वह भारत देश है मेरा ' या फिर 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर, 'सुनो-सुनो ए दुनिया वालो, बापू की ये अमर कहानी' । इन दोनों अमर गीतों के रचनाकार हैं राजेन्द्र क्रिशन दुग्गल जिन्हें फिल्मी दुनिया राजेंद्र कृष्ण के नाम से जानती है । उनका जन्म 6 जून 1919 को जलालपुर जट्टा नामक गांव में हुआ जो उस समय के पंजाब ( अब पाकिस्तान) प्रांत में था। प्रचार - प्रसार से हमेशा दूर रहे राजेंद्र कृष्ण पर कहीं कुछ ज्यादा लिखा - पढ़ा गया हो ऐसा नजर नहीं आता है, जबकि उन्होंने लगभग 260 फिल्मों के लिए सोलह सौ से ज्यादा गीतों की रचना की । उनके गीतों में केवल प्यार के चुलबुले गीत ही नहीं बल्कि देश भक्ति और भजन की अच्छी- खासी तथा मजाकिया गीतों की भी एक लंबी रेंज है। वह केवल गीतकार ही नहीं बल्कि अच्छे संवाद लेखक भी थे। उन्होंने उन 60 फिल्मों के संवाद भी लिखे जिनके लिए वे गीत भी लिख रहे थे । हाल ही में कथाकार और पत्रकार गीताश्री द्वारा संपादित पुस्तक ' वो भूली दास्तां' प्रलेक प्रकाशन से प्रकाशित हुई है जो उन पर आई पहली पुस्तक है। पुस्तक पढ़ कर राजेंद्र कृष्ण के बारे में कई रोचक जानकारियां सामने आती हैं। शायरी का चस्का उनको अपने बचपन में ही लग गया था। स्कूल की कॉपी-किताबों में वह गीत लिखते रहते थे। पढ़ने में मन नहीं लगता था तो शिमला पहुंच गये अपने बड़े भाई के पास जो वहां नौकरी करते थे। कई छोटी - मोटी नौकरी के बाद बिजली विभाग में क्लर्क हो गये। फिर तो जब भी मौका मिलता कविताओं और शेरो शायरी की महफिल में भी चले जाते , कभी सुनते और कभी कुछ सुनाते। एक बार शिमला में एक बड़ा मुशायरा हुआ जिसमें बड़े-बड़े कवियों और शायरों को बुलाया गया था । उनके दोस्तों ने उनसे पूछा कि क्या तुम्हें इसमें नहीं बुलाया गया, तब राजेंद्र कृष्ण का जवाब था 'देखना बुलावा आएगा'। वे अपने दोस्तों के साथ बैठे रहे और कुछ देर बाद सचमुच उन्हें वहां अपना कलाम पेश करने के लिए बुलाया गया। उनका सुनाया गया शेर था - कुछ इस तरह वो मेरे पास आए बैठे हैं, कि जैसे आग से दामन बचाए बैठे हैं। इसी मुशायरे में जिगर मुरादाबादी भी कुछ देर से पहुंचे , उन्होंने जब इस नौजवान शायर की तारीफ सुनी तो उन्हें मंच पर दोबारा पढ़ने के लिए बुलाया ...। बस यहीं से उनकी किस्मत बदल गई। वे बंबई जा पहुंचे ।1947 में उन्होंने सबसे पहले जनता फिल्म का स्क्रीनप्ले और गीत लिखे । जंजीर , पगड़ी ,आज की रात फिल्मों के गीत भी इसी वर्ष लिखे लेकिन उन्हें पहचान मिली फिल्म बड़ी बहन (1949) के गाने 'चुप चुप खड़े हो जरूर कोई बात है' से । इसका संगीत पहली संगीतकार जोड़ी हुस्नलाल भगतराम ने दिया था। 1951 में भगवान दादा की फिल्म अलबेला से तो वे घर घर पहुंच गए। सी. रामचंद्र के संगीत से सजे इस फिल्म के सभी गाने सुपरहिट साबित हुए। 'शोला जो भड़के दिल मेरा धड़के', 'शाम ढले खिड़की तले तुम सीटी बजाना छोड़ दो', 'मेरे दिल की घड़ी कहे टिक टिक टिक' या फिर लोरी 'धीरे से आजा री अखियन में निदिया'। उनके बेहद सहज और सरल गीतों का जादू चल निकला। उनके गीतों में प्यार कभी संतुलित, तो कभी चुलबुला हो उठता ।इतना ही नहीं उनके पास देशभक्ति, सुंदर भजनों , गजलों एवं मजाकिया गीतों का भी खजाना था। निरर्थक लगने वाले शब्दों की पैरोडी से उन्होंने कई ऐसे गीत दिए जो आज भी जगह-जगह गुनगुनाए जाते हैं। वह चाहें इना मीना डीका हो या अपलम चपलम चपलाई या बाबडी बूबडी बम बम या जंबो ची कोला जंबो ची कोला।


■ **अजय कुमार शर्मा**

# इतनी खौफजदा तो कभी नहीं थी भाजपा

***याद*** कीजिए वर्ष 1977 के मई महीने में अंतरात्मा को झकझोर देने वाला ऐतिहासिक दुर्भाग्यपूर्ण कांड। बिहार की राजधानी पटना से लगभग 80 किलोमीटर दूर नालंदा जिले का गांव बेलछी, जिसमें नरसंहार हुआ था। वहां जातीय संघर्ष में 11 लोगों को जिंदा जला दिया गया था। केंद्र से इंदिरा गांधी सत्ता से बेदखल हो गई थीं और वहां जनता पार्टी की सरकार थी। मोरारजी भाई देसाई प्रधानमंत्री थे तथा बिहार में कपूर्री ठाकुर की सरकार थी। सत्ता में दूर–दूर तक कांग्रेस के वापस लौटने की उम्मीद नजर नहीं आ रही थी। वहीं, सत्ता से बेदखल हो चुकीं इंदिरा गांधी ने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए बेलछी जाने का कार्यक्रम बनाया। उनकी पारखी नजर ने ताड़ लिया था कि इस घटना का प्रसार और प्रभाव देश ही नहीं, अन्य देशों में भी होगा। पटना तक हवाई जहाज, फिर मूसलधार बारिश में कार में कुछ ही दूर चली थीं कि कार कीचड़ में फस गई। उसके बाद ट्रैक्टर का सहारा लिया गया। उसके आगे नदी को पार करने के लिए बिना हौदे की हाथी पर सवार होकर उनका काफिला बेलछी गांव पहुंचा। वहां पीड़ित परिवार को लगा, जैसे कोई देवदूत उनके दुख को बांटने आ गया हो। महिलाएं उनके गले लगकर फफक–फफक कर रोईं और कहा कि हमलोगों से बड़ी भूल हो गई कि हमने चुनाव में आपको वोट नहीं दिया। फिर सच में इंदिरा गांधी की यह यात्रा देश के लोगों का दिल जीत लिया और परिणामस्वरूप वर्ष 1980 में कांग्रेस भारी बहुमत से सत्ता में वापस लौटी। यह उदाहरण देना इसलिए आवश्यक हो गया था कि पिछले कुछ वर्षों में भारत में जो स्थिति कांग्रेस की हो गई थी, उसमे यही लगने लगा था कि शायद 1885 में बनी देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस लगभग खत्म हो गई। ऐसा हर मध्यम से प्रचारित भी किया गया और विशेष रूप से सत्तारूढ़ भाजपा ने यह नारा दिया कि देश 'कांग्रेस मुक्त' हो गया है और उसका निर्बाध सत्ता में पचास वर्ष तक बने रहना अब सुनिश्चित हो गया है। देश की भोली-भाली जनता से इतने लुभावने वादे किये गये, इतने दिवास्वप्न दिखाये गये कि वह भ्रमित हो गई और आंख मूंदकर वादे (जुमलों) पर विश्वास करने लगी। मार्केटिंग के इस काल में कहा गया- हम प्रतिवर्ष दो करोड़ बेरोजगार युवाओं को नौकरी देंगे, काले धन का जो पैसा विदेशी बैंकों से आयेगा उसमें सबकी बराबर की हिस्सेदारी होगी और कम से कम पंद्रह लाख रुपये प्रत्येक व्यक्ति के खाते में जमा कराई जायेगी। जो कुछ पिछले सत्तर वर्षों में कांग्रेस नहीं किया, उसकी भरपाई हम करेंगे। अपनी बातों पर बल देते हुए सभी सत्तारूढ़ भाजपा नेता कहते थे कि पिछले 70 वर्षों में पिछली सरकार ने देशहित में कुछ भी नहीं किया। उनके द्वारा आरोप लगाया जाता था कि कांग्रेस के नेता अपने कार्यकाल में पचास कड़ोड़ की गर्लफ्रेंड रखते थे और कई ऐसे आरोप लगाये जाते थे जो निम्न स्तर के होते थे। इन आरोपों में उनके नेताओं का लक्ष्य एक मात्र गांधी-नेहरू परिवार होता था। इस बात को प्रचारित करने के लिए कि राहुल गांधी पढ़ा-लिखा नहीं है, इसलिए वह 'पप्पू' है। सोनिया गांधी पर तरह–तरह के तंज कसना आम बात हो गई थी। यहां तक कि पार्टी का साधारण प्रवक्ता भी इस परिवार के लिए टीवी कार्यक्रम में आकर सरेआम अनर्गल और अमर्यादित प्रलाप किया करते रहे हैं। भाजपा के सारे कुतर्कों को राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक की लगभग चार हजार किलोमीटर की 'भारत जोड़ो पदयात्रा' ने उनके मंसूबों को ध्वस्त कर दिया। देश ही नहीं, विश्व ने देखा कि जिसे अपमानित करने के लिए सत्तारूढ़ दल ने अपने सारे घोड़े खोल दिए थे, वे सारे के सारे बेनकाब हो गए। राहुल गांधी एक विश्वसनीय ब्रांड के रूप में देश के सामने आए। देशभर में जगह–जगह राहुल गांधी का भव्य स्वागत हुआ; लोगों ने महसूस किया कि जिस प्रकार उनकी छवि बिगाड़ी गई थी, वह गलत था। कांग्रेस के एक नेता ने तो यहां तक कह दिया कि भाजपा अब राहुल गांधी से बुरी तरह डर गई है और हो सकता है कि फिर कोई कारनामा उनके विरुद्ध न हो जाए। फिर राहुल गांधी का कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में भाषण देने को एक मुद्दा बना लिया गया। इधर राहुल गांधी की ओर से हिंडनबर्ग रिपोर्ट में जो आरोप उद्योगपति गौतम अदाणी पर लगाये गये हैं, उस पर सरकार से जवाब मांगना, देश के संसदीय इतिहास को ही बदल दिया। आजादी के बाद से अब तक यही होता रहा कि संसद की कार्यवाही को बाधित करने का काम विपक्षी दलों द्वारा किया जाता रहा था, लेकिन अदाणी को लेकर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद संसद सत्तारूढ़ दल द्वारा इसलिए बाधित किया जाता रहा कि राहुल गांधी ने अपने इंग्लैंड दौरे पर भारत की आलोचना की और अमेरिका और इंग्लैंड से हस्तक्षेप करने के लिए कहा। जबकि, विपक्ष, खासकर राहुल गांधी बराबर यह प्रयास करते रहे कि उन पर जो आरोप लगाया गया है, उसका वह संसद में जवाब दे सकें। ऐसा अवसर राहुल गांधी को नहीं मिला और 2019 में कर्नाटक में उनके द्वारा चुनावी भाषण में मोदी सरनेम लेकर जो आक्षेप किया गया था, उसके लिए गुजरात के सूरत की एक अदालत का फैसला आ गया, जिसमें राहुल गांधी को दो वर्ष की सजा सुनाई गई। परिणामस्वरूप लोकसभा से उनकी सदस्यता 23 मार्च, 2023 से रद्द कर दी गई। और, अब लोकसभा की आवास समिति ने 22 अप्रैल तक सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस भी जारी कर दिया है। राहुल गांधी की लोकिसभा सदस्यता रद्द करने को लेकर सभी विपक्षी दल एकजुट होकर भाजपा पर आक्रामक है। यहां तक कि धरना–प्रदर्शन के साथ–साथ कांग्रेस ने महात्मा गांधी का अनुसरण करते हुए सत्याग्रह आंदोलन शुरू कर दिया है। वहीं, सत्तारूढ़ भाजपा के नेता और सरकार के वरिष्ठ मंत्रीगण कहते हैं कि यह तो न्यायिक प्रक्रिया है जिसमें छोटा-बड़ा कोई नहीं होता है। इसलिए कोर्ट ने जो उन्हें सजा सुनाई है, उसका पालन सभी को करना ही होगा। भाजपा का तो यह भी कहना है कि कांग्रेस में ऐसे भी नेता कई बैठे हैं जो नहीं चाहते कि राहुल गांधी संसद में रहें। सच जो भी हो, लेकिन भारतीय लोकतंत्र में कोई किसी का मुंह कब तक बंद करके रख सकता है? विपक्षी दल कांग्रेस को एक महीने का समय है कि वह देश की न्यायिक प्रक्रिया पर विश्वास करते हुए उच्च और सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकती है। चूंकि भारतीय न्यायपालिका पर सभी को भरोसा भी है, इसलिए यदि ऊपरी अदालत द्वारा राहुल गांधी को निर्दोष साबित कर दिया जाता है, तो फिर उन्हे जेल भी नहीं जाना होगा और उनकी लोकसभा की सदस्यता भी दुबारा बहाल हो जायेगी। राहुल गांधी द्वारा अदाणी-प्रधानमंत्री के संबंधों का जो आरोप संसद और संसद के बाहर लगाया गया था, उसे पुष्ट करते हुए तथा विभिन्न विपक्षी दलों की एकता को मजबूती देते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा में प्रधानमंत्री पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अदाणी तो मात्र फ्रंट पर है, उनके पीछे तो प्रधानमंत्री स्वयं खड़े हैं।

**मार्केटिंग के इस काल में कहा गया- हम प्रतिवर्ष दो करोड़ बेरोजगार युवाओं को नौकरी देंगे, काले धन का जो पैसा विदेशी बैंकों से आयेगा उसमें सबकी बराबर की हिस्सेदारी होगी और कम से कम पंद्रह लाख रुपये प्रत्येक व्यक्ति के खाते में जमा कराई जायेगी। जो कुछ पिछले सत्तर वर्षों में कांग्रेस नहीं किया, उसकी भरपाई हम करेंगे।**

इन दिनों



निशिकांत ठाकुर

# राहुल जेल को ही घर बनाएंगे?

**राहुल** गांधी ने 26 फरवरी को रायपुर में हुए कांग्रेस के अखिल भारतीय अधिवेशन में बताया था कि उनके पास खुद का कोई घर नहीं है। नई दिल्ली में तुगलक लेन स्थित आवास भी उनका अपना नहीं है। उन्हें शायद तभी कोई आभास हो गया होगा कि आगे क्या होने वाला है! सूरत के न्यायालय द्वारा 23 मार्च को सुनाए गए फैसले के बाद लोकसभा सचिवालय ने संसद सदस्य के रूप में उनकी सदस्यता खत्म कर दी है । साथ ही, सांसद के तौर पर मिले हुए तुगलक लेन के आवास को भी अब उन्हें महीने भर के भीतर खाली करना पड़ेगा।

**तुगलक लेन का घर खाली करके राहुल कहाँ जाएँगे ?**

ऊपर की अदालतों के द्वारा अगर सूरत की सजा में किसी भी तरह की राहत नहीं दी जाती है तो 22 अप्रैल के बाद के दो सालों के लिए राहुल गांधी के नए आवास का पता गुजरात या देश की कोई जेल होगी। शनिवार की अपनी प्रेस कांफ्रेंस में राहुल ने कितने भी लंबे वक्त के लिए अपने नए ठिकाने पर रहने की तैयारी भी दिखा दी। आश्चर्य नहीं होना चाहिए अगर उस (फि लहाल) अज्ञात जेल की किसी अत्यधिक सुरक्षा प्राप्त कोठरी को राहुल की हैसियत के मुताबिक सुविधायुक्त बनाने का काम युद्धस्तर पर प्रारंभ भी कर दिया गया हो। किसी भी बात का अब कोई भरोसा नहीं रहा है।

मोदी सरनेम को लेकर दायर किए गए मानहानि के मुकदमे के एक रुके हुए फैसले ने चौबीस घंटों के भीतर ही एक सौ चालीस करोड़ लोगों के देश की राजनीति को आगे आने वाले सालों के लिए हिलाकर रख दिया। ऐसा ही एक क्षण 12 जून 1975 को तब उपस्थित हुआ था जब इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जगमोहनलाल सिन्हा ने राहुल की दादी इंदिरा गांधी की लोकसभा की सदस्यता को खारिज कर दिया था। उसके बाद जो घटनाक्रम चला उसने देश की तकदीर को बदल दिया था । राहुल उस समय पाँच साल के थे। अड़तालीस साल बाद किसी और संदर्भ में हो रही इतिहास की पुनरावृत्ति क्या एक बार फिर जून 1975 के बाद बने घटनाक्रम के तरह की ही साबित होगी ?

सूरत के फैसले के तत्काल बाद से ही सवाल उठाए जा रहे थे कि राहुल अब क्या करेंगे ? राहुल ने उनका भी जवाब दे दिया है। उनके जवाबों ने भाजपा को और ज्यादा डरा दिया होगा ! दूसरी ओर, उनके जवाबों से जनता का बचा हुआ डर भी खत्म हो गया होगा। विपक्ष और ताकतवर बन गया होगा ! ह्य मैं भारत की आवाज के लिए लड़ रहा हूँ। मैं हर कीमत चुकाने को तैयार हूँ, राहुल ने लोकसभा से निष्कासन के बाद कहा था। वे अब चुनौती दे रहे हैं कि उन्हें जीवन भर के लिए निष्कासित कर दिया जाए,जेल में डाल दिया जाए तो भी लोकतंत्र के लिए उनकी लड़ाई जारी रहने वाली है।

■ **श्रवण गर्ग**

## है न विचित्र बात !

### नफरती सोच व घृणा

***कई*** बार तो ऐसा महसूस होता है कि समाज एवं राष्ट्र में उन्माद, अराजकता एवं अशांति पैदा करने के लिए नफरती भाषण देने की विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता एवं संप्रदायों के कतिपय स्वनामधन्य नेताओं में परस्पर होड़ लगी हुई। राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक ताने-बाने को ध्वस्त कर रहे जहरीले भाषणों की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। संकीर्णता एवं साम्प्रदायिकता का उन्माद एवं 'हेट स्पीच' के कारण न केवल विकास बाधित हो रहा है बल्कि देश की एकता एवं अखण्डता भी खण्ड-खण्ड होने के कगार पर पहुंच गयी है। अब तो ऐसा भी महसूस होने लगा है कि देश की दंड व्यवस्था के तहत जहां 'हेट स्पीच' को नये सिरे से परिभाषित करने की आवश्यकता है वहीं इस समस्या से निपटने के लिए 'हेट स्पीच' को अलग अपराध की श्रेणी में रखने के लिए कानून में संशोधन का भी वक्त आ गया है? राजनेताओं एवं तथाकथित धर्मगुरुओं के नफरती, उन्मादी, द्वेषमूलक और भड़काऊ भाषणों को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार फिर कड़ी टिप्पणी की है। एक मामले पर दो दिनों तक चली सुनवाई में अदालत ने केंद्र सरकार से पूछा कि ऐसे नफरती भाषणों के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई हुई है? हालांकि सर्वोच्च न्यायालय पहले भी अलग-अलग मामलों की सुनवाई करते हुए राजनेताओं और धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों को सार्वजनिक मंचों से बोलते वक्त संयम बरतने की नसीहत दे चुका है, मगर इस प्रवृत्ति में कोई सुधार नजर नहीं आता। कई बार तो ऐसा महसूस होता है कि समाज एवं राष्ट्र में उन्माद, अराजकता एवं अशांति पैदा करने के लिए नफरती भाषण देने की विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता एवं संप्रदायों के कतिपय स्वनामधन्य नेताओं में परस्पर होड़ लगी हुई। इस संबंध में धर्म संसदों में आपत्तिजनक भाषण, राजनीतिक सभाओं में घृणा एवं नफरती बोल एवं विभिन्न चैनलों पर बहस के दौरान आपत्तिजनक टिप्पणियां के दौरान हेट स्पीच के मामलों ने गंभीर एवं जटिल स्थितियों को जन्म दिया है। इस तरह भारत की गौरवमय संस्कृति को धुंधलाना, 'वसुधैव कुटुम्बकम' एवं सर्वधर्म सद्भाव के मंत्रों को ध्वस्त करना, भारत की एकता और अखण्डता को बांटना अक्षम्य अपराध है। इसलिये इनदिनों देश के ताजा मामलों में सर्वोच्च न्यायालय ने 'हेट स्पीच' एवं नफरती बयानों-भाषणों पर तल्ख टिप्पणी की है। दो न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि नेता जिस दिन राजनीति में धर्म का इस्तेमाल छोड़ देंगे, नफरती भाषण भी बंद हो जाएंगे। भारत के लोग दूसरे समुदायों के लोगों का अपमान न करने, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं सद्भावना कायम करने का संकल्प क्यों नहीं लेते? अदालत ने जवाहर लाल नेहरू और अटल बिहारी वाजपेयी का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके भाषणों को लोग दूर-दूर से सुनने आत थे। वैसी नजीर अब कोई नेता क्यों पेश नहीं करना चाहता। अदालत ने इस बात पर भी आपत्ति जताई कि लोग समुदाय विशेष को लेकर ही नफरती भाषणों के खिलाफ चुनिंदा तरीके से मुकदमें क्यों दर्ज कराते हैं। उनमें सभी समुदायों और पंथों के खिलाफ दिये गये नफरती भाषणों पर सख्ती क्यों नहीं दिखाई जाती। बकवास बता मनमोहन सिंह वाला अध्यादेश न फाड़ा होता तो आज नहीं आती ये नौबत, 6 साल तक चुनाव नहीं लड़ पाएंगे राहुल? क्या कहता है कानून सर्वोच्च न्यायालय लंबे समय से ऐसे भाषणों, बयानों और तकरीरों के खिलाफ सख्त रहा है। बात केवल मुस्लिम कट्टरता एवं नफरती बयानों की ही नहीं है, करीब दो महीना पहले महाराष्ट्र में आयोजित सकल हिंदू समाज की रैली को लेकर भी न्यायालय ने निर्देश दिया था कि राज्य सरकार सुनिश्चित करे कि वहां कोई नफरती भाषण न होने पाए।

■ **ललित गर्ग**

# अमृतकाल पर दाग न बन जाय 'अमृत-काल'

***खालिस्तान*** समर्थक भगोड़े अमृतपाल सिंह की कहानी किसी सस्पेंस थ्रिलर से कम है क्या? वो देश भर की पुलिस को चकमा ही नहीं दे रहा है, बल्कि सोशल मीडिया पर नई-नई शर्तें और कानून के राज को खुलेआम चैलेंज कर रहा है। 18 मार्च को उसे गिरफ्तार करने के लिए मोगा के कमालके में कमाल की नाकेबंदी की गई थी। आठ-आठ जिलों के एसएसपी, दो डीआईजी स्तर के अधिकारी और अर्द्धसैनिक बलों की कंपनियां लगी रहीं, लेकिन अमृतपाल उनके सामने से ही फरार हो गया। दो हफ्ते पहले जिस काम को पूरा करने का जिम्मा पंजाब के आठ जिले की पुलिस पर था, अब नौ राज्यों की पुलिस भी मिलकर उसे पूरा नहीं कर पा रही है। वो उत्तराखंड से लेकर हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र और न जाने कहां-कहां देखा गया है। ये तो वो जगह है जहां से उसकी लोकेशन मिली है। उसके उत्तरप्रदेश बॉर्डर पार कर नेपाल पहुंच जाने की अटकलें भी हैं। भारतीय दूतावास की अपील पर नेपाल के इमिग्रेशन डिपार्टमेंट ने उसे वॉच लिस्ट में जरूर डाल दिया लेकिन पुराना इतिहास गवाह है कि नेपाल में ऐसी कार्रवाई कितनी असरकारी होती है। अब फिर चर्चा है कि पुलिस ने अमृतसर और बठिंडा में और उसके आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी है, क्योंकि अमृतपाल सिंह अमृतसर के स्वर्ण मंदिर या बठिंडा में तख्त श्री दमदमा साहिब में से किसी एक में प्रवेश करने के बाद आत्मसमर्पण कर सकता है। ये कोई नहीं बता रहा है कि अगर पुलिस के पास उसके नेपाल चले जाने की सूचना थी, तो फिर 'परिंदा भी पर नहीं मार सकता' वाली सुरक्षा के तमाम दावों के बीच वो बॉर्डर पार कर वापस भारत कैसे लौट आया? ये तो दो ही स्थितियों में संभव है - या तो पुलिस के सूचना तंत्र में खामी है या फिर उसका सुरक्षा तंत्र फेल कर गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने आतंकी संगठनों और गैंगस्टरों की जांच के लिए 2022 और 2023 में पंजाब में कई जगहों पर छापेमारी की थी। उस समय अमृतपाल को क्यों बख्शा गया, इसका जवाब किसी के पास नहीं है जबकि उस समय हमारे घरेलू मीडिया समेत अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी जैसे देशों में भिंडरावाले 2.0 के रूप में उसकी ताजपोशी का डंका जमकर पीटा जा रहा था। सवाल बहुत सारे हैं? जालंधर में आमने-सामने की भिड़ंत में तीन में से केवल उसी गाड़ी का बचकर निकल भागना जिसमें अमृतपाल बैठा था क्यों महज संयोग है? राज्य की 80 हजार पुलिस को चकमा देकर एक देश विरोधी का भाग निकलना किसकी 'काबिलियत' कही जायेगी? नाकामी केवल पंजाब पुलिस की ही नहीं है, ये इंटेलिजेंस के लिए भी उतनी ही शर्म की बात है क्योंकि जब कोई वांटेड अपराधी होता है तो केंद्रीय इंटेलिजेंस ब्यूरो की भी ये जिम्मेदारी होती है कि वो उसे ट्रैक करें और नजदीकी पुलिस थाने को इसकी सूचना दें और उसकी गिरफ्तारी को सुनिश्चित करें। बेशक मोदी सरकार की सख्त निगरानी और अचूक कार्रवाई के कारण देश में आतंकवादी घटनाएं अब पुराने दिनों की बातें हो गईं हैं। इसलिए ये बात हैरान करती है कि अमृतपाल पर इंटेलिजेंस कैसे चूक कर गई? व्यावहारिक समझदारी तो यही कहती है कि अमृतपाल ने जिस देश में कदम रखा, उसी दिन से और खासकर खालिस्तान का खुलेआम समर्थन करने के बाद तो निश्चित रूप से उसे देश के खुफिया रडार पर होना चाहिए था और उस पर एनएसए के तहत केस दर्ज किया जाना चाहिए था। 24 फरवरी को अजनाला पुलिस थाने पर हमले के बाद आखिरकार जब उस पर कार्रवाई का निर्णय लिया गया, तब तक काफी देर हो चुकी थी। चेहरे बदल-बदलकर देश के सुरक्षा तंत्र को चुनौती दे रहे अमतृपाल का असली चेहरा क्या है? पिछले साल गणतंत्र दिवस पर लाल किले पर खालिस्तानी झंडा फहराने वाले दीप सिद्धू की कार दुर्घटना में रहस्यमय मौत और उसकी जगह 'वारिस पंजाब दे' संगठन की कमान अपने हाथ में लेने से पहले तक अमृतपाल को भारत क्या, पंजाब का आम बाशिंदा भी ठीक से नहीं जानता था। इसी वजह से वो दुबई से जुड़े अपने अतीत के बारे में खुलकर बात नहीं करता है जहां वह गैर-अमृतधारी था और सिख धार्मिक सिद्धांतों का पालन नहीं करता था। दुबई में वो ड्रग डीलर जसवंत सिंह रोडे से जुड़ा हुआ था, जिसका भाई पाकिस्तान से काम कर रहा है। भारत आने के बाद उसने अचानक एक धार्मिक कट्टरपंथी के रूप में काम करना शुरू कर दिया, जो एक तो उसकी पिछली 29 साल की जिंदगी से बिल्कुल अलग था और दूसरा स्पष्ट रूप से इस आशंका को बल देता है कि उसे भारत में भारतीय हित के लिए विरोधी ताकतों द्वारा लगाया गया। ये ताकतें कौन सी हैं - इसकी जानकारी के लिए ये पता लगाना जरूरी है कि कौन उसे खालिस्तान के बहाने देश में अस्थिरता फैलाने के लिए रसद पानी दे रहा था, कौन उसे कानून के शिकंजे बचा रहा था, और अब जब वो मारा-मारा फिर रहा है तो कौन उसके लिए सुरक्षित ठिकाने उपलब्ध करा रहा है? अमृतपाल को 158 विदेशी खातों से फंडिंग की सूचना है जिनमें से 28 खातों से 5 करोड़ से ज्यादा की रकम भेजी गई थी। इन खातों का कनेक्शन पंजाब के माझा और मालवा से है। आश्चर्य की बात है कि फेमा पर केन्द्र सरकार की सक्रियता और उससे जुड़ी कई सक्सेस स्टोरी के बीच भी अमृतपाल एक साथ इतने सारे विदेशी खातों को कैसे ऑपरेट कर रहा था? क्या इस मामले का हवाला से भी कोई कनेक्शन सामने आयेगा? उसके मददगारों में एक ओर ड्रग तस्कर हैं जो अपनी काली कमाई से उसकी मदद कर रहे हैं और दूसरी ओर आईएसआई है जो उस तक हथियार और अन्य मदद पहुंचा रही है। विदेशों में बैठे उसके आका अलग से उसे करोड़ों की फंडिंग कर रहे हैं। नशा मुक्ति केन्द्र की आड़ में वो खुद को हथियारों से लैस कर एक अलग सेना तैयार कर रहा था। अमृतपाल की एक महिला ब्रिगेड को लेकर भी जानकारी मिल रही है जो एक तरह से उसका साया बनकर घूम रही है और जिसकी मदद से हाई अलर्ट होने के बावजूद वो शहर-शहर सारी एजेंसियों को चकमा देता घूम रहा है। यह संयोग नहीं हो सकता कि हर बदलते ठिकाने पर उसे आसरा देने वाली उसकी कोई महिला मित्र ही निकली है। वहीं बार्डर पार कराने के लिए आईएसआई की ओर से अपने सभी स्लीपर सेल को एक्टिव करने की खबरें भी हैं। महज डेढ़ महीने पहले उसकी पत्नी बनी किरणदीप कौर का भी संदिग्ध अतीत है। वो ब्रिटेन में रहती है और खालिस्तानी समर्थक होने के साथ ही कथित तौर पर बब्बर खालसा संगठन के संपर्क में है। निश्चित रूप से ये जानकारियां महत्वपूर्ण हैं, लेकिन अफसोस की बात यह है कि इन्हें जुटाने में अब बहुत देर हो चुकी है। अमृतपाल का अब तक पकड़ में नहीं आना उसके बढ़ते कद की तरह अब बड़ा सवाल बन गया है। वो खुलेआम पंजाब से लेकर देश के नेताओं को अंजाम भुगतने की चुनौती दे रहा है। सबसे बड़ा खतरा इस बात का है कि पंजाब एक सीमावर्ती राज्य है जहां सामाजिक और आर्थिक बवंडर फैलाने का तमाम मसाला पहले से मौजूद है। मुख्यधारा में सिखों के बहिष्कार का नैरेटिव, कट्टरपंथी प्रवासी और आईएसआई का दखल पंजाब में अलगाववाद को फिर हवा दे सकता है। तेजी से नुकसान का धंधा बनती जा रही खेती और उसके साथ ही कम हो रही कृषि योग्य भूमि के बीच बढ़ती बेरोजगारी और सीमा पार से आ रहे ड्रग के कारण चुनौती और गंभीर हो सकती है। पंजाब में आम चलन है कि परिवार के एक व्यक्ति को विदेश भेजने के लिए जमीन बेच दी जाती है। फिर जब घर में आर्थिक मुश्किलें आती हैं तो मदद विदेश से आती है और धीरे-धीरे परिवार प्रवासी कट्टरपंथियों के प्रभाव के प्रति संवेदनशील होता जाता है। इसके पीछे शेष भारत में अल्पसंख्यकों के हवाले से पैदा हुआ डर भी काफी काम करता है। कौम की आड़ में फैलाया गया ये पूरा नैरेटिव अमृतपाल जैसे लोगों की 'लार्जर दैन लाइफ' वाली छवि बनाने के काम आता है जैसा हमने भिंडरावाले के मामले में भी देखा है। पंजाब फिर अस्सी वाले उसी दशक में न पहुंच जाए इसके लिए जरूरी है कि अमृतपाल के सरेंडर करने या उसकी गिरफ्तारी के बाद पारदर्शी जांच और अभियोजन सुनिश्चित कर जल्द-से-जल्द उसकी इस कथा का उपसंहार लिख दिया जाय। क्योंकि अमृतकाल में हिंद की गौरव गाथा में दाग है ये अमृत कथा।





उपेंद्र राय

**(लेखक भारत एक्सप्रेस के सीएमडी हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# शिक्षिका के सेवानिवृत्त पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय बाजार में पदस्थापित शिक्षिका कुमारी बीना सिंह के 37 साल की सेवा के बाद 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने के उपरांत उनके सम्मान में विद्यालय परिवार द्वारा शनिवार को विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिप सदस्य संतोषी शेखर ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा कुमारी बीना सिंह को फूल मालाओं के साथ कार्यक्रम स्थल पर लाकर स्वागत किया गया जहां विद्यालय के बच्चों के द्वारा उनके सम्मान में स्वागत गीत व एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। जिप सदस्य सन्तोषी शेखर ने सेवानिवृत्त शिक्षिका को शॉल के साथ माँ दुरजागिन की तस्वीर भेंट किया। उन्होंने कहा की शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं और वह मानव जीवन में कभी भी रिटायर नहीं होते भले ही सरकार अपने कागजातों में उन्हें सेवा मुक्त करता है। पेंशनर समाज के अध्यक्ष लक्ष्मण मिस्त्री ने कहा कि आज के समय में सरकार द्वारा दिए जा रहे कामकाज के कारण शिक्षक और शिक्षा पूरी तरह से कैद हो चुका है जिसका पूरा असर देश बच्चो के भविष्य पर भी पड़ रहा है। सेवानिवृत्त हो रही शिक्षिका श्रीमती बीना ने भावुक होकर कहा कि आज के समय में शिक्षक अपना पूरा जीवन विद्यालय के बच्चों के भविष्य को बनाने में लगाते हैं और जिस का सफल परिणाम भी सामने देखने को मिलता है परंतु सेवानिवृत्त होना मेरे लिए दुखद तो है पर अब पारिवारिक जीवन से जुड़कर एक शिक्षक के रूप में काम करूंगी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार के साथ-साथ विद्यालय के अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं समेत दर्जनों शिक्षाकर्मियों और स्थानीय लोगों द्वारा उपहार भेंट करके बीना सिंह को सम्मानित करते हुए उन्हें उनके उज्जवल भविष्य शुभकामनाएं दी। मौके पर शिक्षिका नीलम कुमारी ,वर्षा तिवारी, सेवानिवृत्त शिक्षक अमरेंद्र सिंह, किस्मती कुमारी राजकिशोर प्रसाद, डीडीओ सह कन्या विद्यालय प्रधानाध्यापक अरविंद अग्रवाल ,नंनदेव राम, सुनीता खलखो ,रमेश राम, अजीत सहाय समेत विद्यालय के सभी शिक्षक समेत काफी संख्या में शिक्षा कर्मी मौजूद थे।

## युवक की हत्या, टोंगरी पर मिला शव

**लातेहार।** ज़िले के मनिका थाना क्षेत्र में एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई है। यह मामला मनिका थाना क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय का है। अज्ञात अपराधियों ने हत्या कर शव को टोंगरी पर फेंक दिया। शनिवार को स्थानीय लोगों ने शव को देखा और पुलिस को सूचना दी। मृतक मनिका थाना क्षेत्र के नावाडीह का विकास भुइयां बताया जा रहा है।मृतक शुक्रवार को मनिका साप्ताहिक बाजार आया था। इधर सूचना मिलते ही थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और मामले की तफ्तीश में जुट गई। उधर घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

## 'पैसा बोलता है' पर सेमिनार का आयोजन



**लातेहार।** झारखंड प्रदेश के ख्याति प्राप्त नेतरहाट आवासीय विद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ प्रसाद पासवान के निर्देशन में चिरंजीवी विशाल सोनी ने पैसा बोलता है का सेमिनार प्रस्तुत किया। डॉ. प्रसाद पासवान के द्वारा पैसा बोलता है पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। 12 वीं के छात्र विशाल सोनी ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से पैसा के बारे में प्रकाश डाला।उसने अपने सेमिनार में रुपया पैसा का महत्व तथा बैंको के बारे मे बताया।छात्रों के कुछ सवालों के जवाब शिक्षक रवि रंजन ने दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन सम्मेलन प्रभारी रवि प्रकाश ने किया।अंत में डॉ. प्रसाद पासवान ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर विशेष व्याख्यान दिया। प्राचार्य डाक्टर संतोष कुमार सिंह ने सभी शिक्षकों का विशेष आभार प्रकट किया।

## पीएमडब्लू के साथ मासिक बैठक आयोजित



**लातेहार।** सिविल सर्जन एवं जिला कुष्ठ पदाधिकारी के निर्देशानुसार सभी प्रखंडों के पीएमडब्लू के मासिक उपलब्धियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कुष्ठ सलाहकार डा.राजेश कुमार द्वारा कुष्ठ निवारण के लिए क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो के बारे में पीएमडब्लू से जानकारियां प्राप्त की गई एवं कार्यो को लेकर दिशा निर्देश भी दिया गया। ताकि बेहतर तरीके से ग्रामीण क्षेत्रों में कुष्ठ रोगियों का पहचान कर समय रहते कुष्ठ रोगियों को इलाज मुहैया कराने को लेकर कहा गया है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में घर -घर जाकर कुष्ठ रोगियों को खोजी दल के द्वारा खोज करने को कहा गया है ताकि लातेहार जिले को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने में सफलता प्राप्त किया जा सके मासिक बैठक में इन्हीं बातों पर विशेष रूप से जानकारियां दी गई है । आज के बैठक में मुख्य रूप से जिला कुष्ठ पदाधिकारी डा.शोभना टोप्पो, जिला कुष्ठ सलाहकार डा. राजेश कुमार, मनीष कुमार, राजेंद्र सिंह, पंकज कुमार, हसीब अहमद, प्रभु कुमार , सहित अन्य पीएमडब्लू मौजूद रहे।

## 5 अप्रैल को शहीद रघुनाथ महतो का शहादत दिवस

**लातेहार।** जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष अमित पांडे की अध्यक्षता में बैठक कर निर्णय लिया गया कि शहीद रघुनाथ महतो शहादत दिवस 5 को एवं अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ 3 तारीख को होने वाले धरना प्रदर्शन को 6 अप्रैल को किया जाएगा कार्यक्रम में सभी केंद्रीय कमेटी सदस्य पदाधिकारी जिला कमेटी के पदाधिकारी सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे । बैठक में जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान प्रीतम कुमार गुप्ता संजय तिवारी कृष्णा साहू अनिल पासवान ताज मोहम्मद समीम अंसारी मुराद खान इत्यादि लोग उपस्थित हुए।

## वज्रपात से दो मवेशी की मौत, मुआवजे की मांग

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत झाबर पंचायत के टोका टोला ग्राम में रात्रि में हुई बरसात के साथ वज्रपात से रामपति देवी पति प्रकाश भगत का एक गाया और एक बछड़े का मौत हो गया है. मवेशी के मर जाने से पीड़ित किसान बहुत दुखित हो गया पीड़ित ने भाई उसे उचित मुआवजा की मांग की है. इस घटना की जानकारी मिलने पर जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उरांव पीड़ित परिजन से मिल सरकारी नियमानुसार उचित मुआवजा दिलाने की भरोसा दिलाया .मौके पर पूर्व उप मुखिया विनोद यादव ,पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## उत्तम कुमार बने कॉलेज टॉपर

**मनिका।** निलांबर पितांबर विश्वविद्यालय ने स्नातक सत्र 2019-2022 का परीक्षाफल घोषित कर दिया है, परीक्षाफल सम्मानजनक रहा है वही लातेहार जिले में एकमात्र सरकारी डिग्री महाविद्यालय का रिजल्ट भी सम्मानजनक रहा, महाविद्यालय के उत्तम कुमार ने राजनीति विज्ञान प्रतिष्ठा में पूरे कॉलेज में टॉप कर मनिका का नाम रौशन किया है ज्ञात हो की उत्तम कुमार वर्तमान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रांत के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भी है, कॉलेज के दिनों से ही उन्होंने छात्र राजनीति में अपने कदम जमाना प्रारंभ कर दिया था बावजूद इसके उन्होंने कभी भी पढ़ाई पर से ध्यान नहीं हटाया और आज परिणाम स्वरूप उन्होंने ने कला संकाय में पूरे कॉलेज में टॉप किया है, उत्तम कुमार ने अपने सफलता का श्रेय अपने माता पिता परिजनों व अपने कॉलेज के राजनीति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ बसंत प्रसाद को दिया है।



उत्तम कुमार को बधाई देने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह, मनिका सदर मुखिया सत्येंद्र सिंह, उपमुखिया अजीत कुमार, भाजपा अजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बबन पासवान, अभाविप के नगर अध्यक्ष रंजीत कुमार, नगर उपाध्यक्ष गोविंद पासवान,दीपक कुमार, नगर मंत्री सौरभ भारती, नगर सह मंत्री अभिषेक कुमार यादव, अमित कुमार समेत कई

### रामनवमी को लेकर अखाड़े में विधायक एवं सांसद रहे मौजूद

# सांसद ने क्षेत्र के विकास व लोगों की सुख-समृद्धि की कामना की

- मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्शों को अपनाने की जरूरत : बैधनाथ राम विधायक
- बेहतर झांकी प्रदर्शन करने वाले अखाड़े को महावीर मंडल ने किया पुरस्कृत
- प्रथम अंबेडकर नगर द्वितीय टमटम टोला तृतीय मोरपा मोड़ की झांकी रही











**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में रामनवमी विजयदशमी को भव्य शोभायात्रा एवं झांकी का प्रदर्शन किया गया जिसमें महावीर मंडल समिति अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू द्वारा लगाए गए थाना चौक के पास अखाड़े में चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील सिंह एवं क्षेत्रीय लोकप्रिय विधायक बैधनाथ राम उपस्थित हुए जिन्हें समिति द्वारा चुनरी ओढा कर और पगड़ी पहनाकर बुके देकर भव्य स्वागत किया गया. मौके पर सांसद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने लोगों का सुख, समृद्धि एवं क्षेत्र का शांति की कामना की. मौके पर विधायक श्री राम ने कार्यक्रम को संबोधित कर उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्शों का गुणगान किया. कहा श्री राम के आदर्श प्रेरणा दायक है और इन्हीं प्रेरणा से लोगों का एक दूसरे से आपसी भाईचारे क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि बना रहेगा उनके आदर्शों पर चलने की जरूरत है। मौके पर क्षेत्रीय विधायक एवं सांसद ने अखाड़े पर उतरकर तलवारबाजी की और एक दूसरे के साथ लाठी भी खेलते नजर आए। कार्यक्रम का मंच संचालन समाजसेवी प्रेम प्रसाद गुप्ता ने किए।

### महावीर मंडल समिति ने पुलिस प्रशासन को किया सम्मानित

रामनवमी पूजा को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से तैनात पुलिस प्रशासन को समिति द्वारा बुके अंग वस्त्र एवं तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में से अतिथि एसडीपीओ अजीत कुमार सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार, थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, हेरंज थाना प्रभारी शुभम सिंह, बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब, आलम एवं एसआई नीतीश कुमार, धीरज कुमार, कुबेर साव, कैलाश बाड़ा, मनोज मुर्मू (मुरपा पीकेट प्रभारी), प्रेम कुमार निषाद (अमरवाडीह पीकेट प्रभारी) मो. मुख्तार, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लातेहार से आए पुलिस के जवान आदि को समिति द्वारा अंगवस्त्रम ओढा,मोमेंटो बुके तलवार देकर सम्मानित किया गया। विधायक - पुलिस- प्रशासन ने शांतिपूर्ण और बेहतर वयवस्था के साथ आखाड़े एवं कार्यक्रम का संचालन करने के लिए महावीर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू को पुलिस प्रशासन ने तलवार देकर और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। समिति में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहु के अलावे उपाध्यक्ष सत्येंद्र साव, मनोहर गुप्ता ,रंजीत गुप्ता, रामेश्वर गुप्ता आदि कोषाध्यक्ष विशाल कुमार,दीपक कुमार ,विक्रम कुमार सचिव भोला साव, रिंकू कुमार अमन प्रेम आदि संरक्षण मंडली में प्रेम प्रसाद गुप्ता, देवकी साव, बालेश्वर साव,राजेंद्र साव ,वीरेंद्र साव, महेंद्र सोनी, राजेश पांडे, जितेंद्र रजक ,रंजीत जयसवाल आदि एवं 29 सक्रिय सदस्य व मीडिया प्रभारी सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, अमन सिन्हा का नाम शामिल है। मौके पर मंचासीन विशिष्ट अतिथि जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी, कूड़ु सीओ प्रवीण सिंह,समाजसेवी बब्बन सिंह आदि मौजूद रहे।

### अच्छी झांकी, खेल, डीजे के साथ प्रदर्शन करने वालों को किया गया पुरस्कृत

वही समिति द्वारा अच्छा खेल झांकी एवं शांतिपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले अखाड़े को सील्ड,तलवार देकर पुरुस्कृत किया गया .जिसमे सबसे बेहतरीन झांकी में बालूमाथ अंबेडकरनगर राम लक्ष्मण सीता एवं शबरी का वनवास की एक अच्छा सा झांकी प्रस्तुत की गई जिसे समिति एवं मंचासीन जजों द्वारा प्रथम वही दूसरा स्थान बालूमाथ टमटम टोला की झांकी रही ,वहीं मुरपा मोड़ से आई झांकी को तीसरा स्थान भोलेनाथ का एक आकर्षक नृत्य प्रस्तुति की गई जिनके अध्यक्ष गुड्डु भुइयाँ, राम कुमार गुप्ता, दर्शन तिवारी को चमचमाती शील्ड, तलवार एवं अंग वस्त्र उढ़ाकर मंचासीन अतिथि विधायक द्वारा सम्मान पूर्वक पुरस्कृत किया गया। मुरपा मोड़ अखाड़े से बेहतरीन खेल प्रस्तुत करने पर समिति द्वारा खिलाड़ियों को 25 सौ रु नगद एवं सभी खेल मेंबरों को 1-1 तलवार भेंट की गई एवं सबसे अच्छा शांतिपूर्ण जुलूस प्रथम में बड़का बालूमाथ कि अखाड़ा के अध्यक्ष पंचानंद पांडे को पुरस्कृत किया गया. वहीं डीजे में प्रथम स्थान नागड़ा,दूसरा स्थान चेताग तीसरा स्थान चट्टी टोला रहा जिस अखाड़ा अध्यक्ष को महावीर मंडल समिति के द्वारा तलवार एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया । एवं राम भक्तों के लिए शरबत गुड़ चना का अच्छा व्यवस्था वाला स्टोल के लिए प्रथम स्थान निखिल अग्रवाल रहे जिन्हें समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

## विद्यालय ने वार्षिक परीक्षाफल किया घोषित

**लातेहार।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित एसबीआई रोड के निकोला टेसला इंटरनेशनल पब्लिक आवासीय विद्यालय का दिन शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। परीक्षाफल का परिणाम घोषित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपेंद्र कुमार सिंह ने कहा की विद्यालय में बुनियादी शिक्षा का ध्यान रखते हुए बच्चो को शिक्षा दी जाती है। वही विद्यालय मे 25% गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा भी दी जाती है। प्रधानाध्यापक ने बताया की विद्यालय में परीक्षाफल परिणाम घोषित करने के पश्चात अगले सत्र का नामांकन भी प्रारंभ कर दिया जायेगा। विद्यालय मे नर्सरी से दशम् वर्ग तक के बच्चो को पढ़ने की व्यवस्था है। परीक्षा परिणाम पत्र लेकर बच्चे काफी खुश थे।

## छिपादोहर में भाजपा की बैठक संपन्न

**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहर में आगामी 4 अप्रैल को पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यक्रम को लेकर भाजपा की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने बताया कि आगामी 4 अप्रैल को सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास छिपादोहर पहुंचेंगे। वे स्थानीय गांधी मैदान में आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इससे पहले कुटमु मोड़ पर उनके द्वारा राजा मेदनी राय के मूर्ति पर माल्यार्पण किया जाएगा। तत्पश्चात बरवाडीह होते हुए वे छिपादोहर पहुंचेंगे। जन चौपाल कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर सभी बिंदुओं पर चर्चा हुई।

## लातेहार स्थापना दिवस 4 अप्रैल को

**लातेहार।** आगामी चार अप्रैल को लातेहार जिला स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का पूर्वाङ्यास किया गया। साथ ही कार्यक्रमों के लिए चयन भी किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के सभागार में आयोजित इस पूर्वाभयास व चयन में अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कंडुलना, एपीओ रोज मिंज और स्वर संगम के आशीष टैगोर शामिल थे। पूर्वाभयास में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय लातेहार, चंदवा मनिका एवं बालूमाथ के अलावा केंद्रीय विद्यालय लातेहार, राजकीय मध्य विद्यालय आश्रम, राजकीय मध्य विद्यालय चंदनडीह, राजकीयकृत उच्च विद्यालय लातेहार एवं राजकीयकृत बालिका विद्यालय लातेहार के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**तानाशाही** — केंद्र की सरकार के खिलाफ प्रखंड कांग्रेस ने किया संवाददाता सम्मेलन

# आखिर ये 20 हजार करोड़ रुपये हैं किसके?




**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** कांग्रेस के देशव्यापी जय भारत सत्याग्रह आंदोलन के तहत, प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर प्रखंड कमिटी ने राहुल गांधी के संसद सदस्यता समाप्त करने, लोकतंत्र को कुचले जाने के विरोध में केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ संवाददाता सम्मेलन का आयोजन स्थानीय पथ निर्माण विश्रामागार में किया गया। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामयश पाठक ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष कर रही है। अडानी मुद्दे एवं भ्रष्टाचार को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछने के कारण अलोकतांत्रिक तरीके से राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त कर दी गई। जो एक प्रकार से इस देश में लोकतंत्र पर किया गया सबसे बड़ा कुठाराघात है। प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने कहा कि आज लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी सक्रिय एवं सजग रूप से अपने नैतिक दायित्वों का निर्वहन कर रही है। इस पूरे महीने चरणबद्ध तरीके से कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र को बचाने के लिए मोदी सरकार के पोल खोलने के लिए अभियान चलाती रहेगी। उन्होंने कहा कि शेल कंपनियों के जरिए हजारों करोड़ रुपये का विदेशी पैसा अडानी ग्रुप में इन्वेस्ट किया गया। अडानी की शेल कंपनियों में अचानक 20 हजार करोड़ रुपये आए, ये पैसा कहां से आया किसका था, रक्षा मंत्रालय सवाल क्यों नहीं पूछ रहा है। सत्ता पक्ष संसद को ठप कर मोदी - अडाणी के भ्रष्टाचार को छिपा रही है इस लिए संसद को सत्ता पक्ष चलने नहीं दे रही है। मोदी सरकार की तानाशाही चलने नहीं दिया जाएगा। लोकतंत्र को कुचलने, देश को गलत रास्ते पर ले जाने के सभी प्रयास केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किया जा रहा है। लोकतंत्र और देश को बचाने की लड़ाई कांग्रेस पार्टी लड़ रही है।संवाददाता सम्मेलन में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामयश पाठक, निर्मल भारती, प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, श्रीराम श्र्मा, मुकेश कुमार सिंह, हाफिज शेर मोहम्मद, छटन राम व अन्य शामिल थे।

# कोरोना को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों ने बारीखाप में किया मॉक ड्रिल



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातू** बारियातू। प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारीखाप में सीएचसी प्रभारी सुरेश राम ने मॉक ड्रिल किया । उक्त सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए प्रभारी राम ने कहा की कोराना के संभावित प्रकोप को देखते हुए महामारी जैसे बीमारी से निपटने के लिए कोविड सेंटर बारिखाप मे स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मॉक ड्रिल किया गया है। कोराना के संभावित प्रकोप को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा कोरोना का गाइडलाइन को पालन करने का दिशा निर्देश दिया गया जिसके आलोक मे मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कोरोना से बचाव के सम्बन्ध मे जानकारी देना है कि पूर्व के भांति दुरी बनाकर रहना, मास्क लगाना, सेनिटाइजर का उपयोग करना सहित बचाव के लिए जागरूकता करना, जाँच के बाद कोरोना पोजेटिव पाये जाने वाले मरीजों को बनाए गए कोविड सेंटर बारिखाप मे मॉक ड्रिल के दौरान इलाज के सम्बन्ध मे स्वास्थ्य कर्मियों को जानकारी दिया गया। मौके पर बीपीएम मृत्युंजय कुमार, पंकज पाण्डेय,दीपांशु कुमार, बलराम कुमार, अनिल कुमार गुप्ता, गुलाम कुरैशी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे ।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### इंडिगो क्रू मेंबर से छेड़छाड़ के आरोप में स्वीडिश यात्री गिरफ्तार

**मुंबई।** नशे में धुत एक स्वीडिश नागरिक को मुंबई पुलिस ने इंडिगो की बैंकॉक से मुंबई आ रही फ्लाइट में केबिन क्रू के साथ छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, क्लास एरिक हेराल्ड जोनास वेस्टबर्ग ने कथित तौर पर एक सह-यात्री के साथ मारपीट की और 6ए-1052 इंडिगो फ्लाइट में बीच हवा में हंगामा किया। सूत्रों ने दावा किया कि आरोपी यात्री ने उस समय अनियंत्रित व्यवहार करना शुरू कर दिया जब चालक दल के एक सदस्य ने उसे बताया कि विमान में खाना नहीं है।

### पाक की ड्रोन कोशिश को बीएसएफ ने जम्मू में किया नाकाम

**जम्मू।** जम्मू के रामगढ़ सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर बीएसएफ ने एक ड्रोन गतिविधि का पता लगाया और प्रभावी ढंग से उसे खदेड़ दिया। बीएसएफ ने कहा: रामगढ़ के सामान्य क्षेत्र में आईबी पर रात करीब 12:15 बजे एक रोशनी देखी दी। सतर्क सैनिकों ने टिमटिमाती रोशनी की ओर फायरिंग की, जिसके कारण उसे वापस जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। इलाके की गहन तलाशी ली जा रही है।

### सांसद संजय राउत को जान से मारने की धमकी

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के सांसद और मुख्य प्रवक्ता संजय राउत को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के नाम पर जान से मारने की धमकी मिली है। पार्टी पदाधिकारियों के मुताबिक, धमकी को लेकर राउत को शुक्रवार देर रात उनके मोबाइल पर एक व्हाट्स एप्प मैसेज मिला। मैसेज में चेतावनी दी गई थी कि राउत जब भी नई दिल्ली में दिखाई देंगे, उन्हें एके-47 रायफल से गोली मार दी जाएगी। राउत ने मुंबई पुलिस आयुक्त को सूचित किया। मामले की जांच की जा रही है।

### भूमि रिकॉर्ड में हेराफेरी 9 अधिकारी निलंबित

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शुक्रवार को कहा कि मणिपुर सिविल सेवा (एमसीएस) के दो अधिकारियों सहित 9 अधिकारियों को हाल ही में निलंबित कर दिया गया था और दो सेवानिवृत्त अधिकारियों को भूमि रिकॉर्ड हेरफेर से संबंधित कई मामलों में हिरासत में लिया गया था।

# देश के 40 प्रतिशत गांव खुले में शौच से हुए मुक्त : शेखावत

### इस साल 50 हजार गांवों को खुले में शौच से मुक्त कराने का लक्ष्य

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि देश में खुले में शौच की समस्या से निजात दिलाने का काम मिशन मोड में चल रहा है और अब तक 40 प्रतिशत गांवों को खुले में शौच की समस्या से मुक्त कराया जा चुका है। शेखावत ने यहां पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुले में शौच से मुक्ति का अभियान 2014 में शुरू किया था, तब कोई समझ भी नहीं पाया था कि यह अभियान किस तरह से चलेगा और कैसे सफल हो पाएगा, लेकिन मोदी ने घर-घर शौचालय का निर्माण करवाकर और हर स्कूल तथा आंगनबाड़ी केंद्र में महिला तथा पुरुष शौचालय बनवाकर इस अभियान को स्वरूप दिया तो आज देश की लगभग आधी आबादी खुले में शौच की समस्या से मुक्ति की तरफ बढ़ रही है।


उन्होंने कहा कि देश में पांच लाख 94 हजार 240 गांव हैं, जिनमें से अब तक दो लाख 38 हजार 973 गांवों को खुले में शौच से मुक्त कर मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जा चुका है। मॉडल गांव का मतलब समझाते हुए उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत यह टॉप श्रेणी के ऐसे गांव हैं, जहां खुले में शौच तथा गंदगी के निस्तारण की अन्य जरूरी व्यवस्थाएं पूरी हो चुकी हैं।

### स्वच्छता मिशन के लिए 52 हजार करोड़ रुपए का निवेश



**केंद्रीय** मंत्री ने कहा कि स्वच्छता मिशन के लिए 52 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है और इस साल 50 हजार गांवों को खुले में शौच से मुक्त कराने का लक्ष्य रखा गया है। उनका कहना था कि साल की शुरुआत से अब तक साढ़े सात प्रतिशत गांवों को मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जा चुका है। अंडमान, लक्षद्वीप, दमन एवं दीव के सभी गांव मॉडल गांव घोषित किये जा चुके हैं। बड़े राज्यों में तेलंगाना जल्द ही 100 प्रतिशत की तरफ बढ़ रहा है, जबकि तमिलनाडु में 96 प्रतिशत और कर्नाटक में करीब 94 प्रतिशत गांव खुले में शौच की समस्या से मुक्त हो चुके हैं। शेखावत ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में 2022 में 18 प्रतिशत गांव खुले में शौच से मुक्ति के दायरे में थे, जो अब 80 प्रतिशत हो चुका है। मध्य प्रदेश छह से 62 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश दो प्रतिशत से करीब 50 प्रतिशत और मिजोरम 35 प्रतिशत तक खुले में शौच से मुक्ति के लक्ष्य को हासिल कर चुका है।

# शिक्षित इंसान कभी नहीं बोलेगा कि नाली के गैस से चाय बन सकती है : केजरीवाल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इन दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री को लेकर उन पर सीधा हमला कर रहे हैं। शनिवार को उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एक बार फिर से प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री का पढ़ा लिखा होना जरूरी है। केजरीवाल ने कहा: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान विचलित करते हैं। पढ़ा-लिखा आदमी नाली से गैस निकालने की बात नहीं करेगा। बादल के पीछे राडार नहीं पकड़ पायेगा। ऐसा लगता है कि उन्हें विज्ञान के बारे में जानकारी नहीं है।

गुजरात हाईकोर्ट के फैसले का जिक्र करते हुए केजरीवाल ने कहा, 'गुजरात हाई कोर्ट का कल ऑर्डर आया कि लोग पीएम के एजुकेशनल क्वालिफि केशन की जानकारी नहीं ले सकते। इससे देश स्तब्ध है। किसी का पढ़ा-लिखा या अनपढ़ होना कोई गुनाह नहीं है। हमारे देश में गरीबी है, लोग घर की स्थितियों के कारण पढ़ नहीं पाते। कनाडा में प्रधानमंत्री ने ए प्लस बी को लेकर जो कहा वो सबने देखा। उन्होंने बच्चों से कहा कि क्लाइमेट चेंज कुछ नहीं है, जबकि यह हकीकत है, वहां बच्चे हंस रहे थे। ऐसे में संदेह होता है कि क्या प्रधानमंत्री पढ़े-लिखे हैं। प्रधानमंत्री को एक ही दिन में सैकड़ों फैसले लेने होते हैं। अगर वे पढ़े-लिखे नहीं होंगे तो अधिकारी उनसे कहीं भी दस्तखत करा लेंगे। जैसे नोटबंदी हुई, जीएसटी लागू हुआ, इनसे अर्थव्यस्था का बेड़ा गर्क हुआ, कृषि कानून ऐसे ही लाए गए। पिछले कुछ साल में साठ हजार स्कूल बंद कर दिए गए। यानी शिक्षा को तवज्जो नहीं दी जा रही है। अनपढ़ देश कैसे तरक्की करेगा। हाईकोर्ट के ऑर्डर ने प्रधानमंत्री के शिक्षा को लेकर और संशय बढ़ा दिया है। अगर डिग्री है और सही है तो दिखाई क्यों नहीं जा रही है। कुछ समय पहले अमित शाह ने एक डिग्री दिखाई थी। यह हो सकता है कि अहंकार में नहीं दिखा रहे हों। जनता के मन में दूसरा यह सवाल है कि हो सकता है डिग्री फर्जी हो।

### सुधांशु त्रिवेदी का तंज: बड़बोलेपन से केजरीवाल को कुछ हासिल नहीं होगा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री के मामले में बीजेपी ने आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला करते हुए कहा है कि वो बहुत ही बड़बोले हैं और इससे उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा। बीजेपी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने इसके अलावा शराब घोटाले को लेकर अरविंद केजरीवाल को घेरा।

एक संवाददाता सम्मेलन में त्रिवेदी ने कहा: अब इन्हें कोई न कोई तो स्वांग रचना ही है, इसलिए विषय प्रधानमंत्री जी की डिग्री का नहीं, विषय इनके भ्रष्टाचार का था। उसे छिपाने के लिए यह स्वांग रचा। भारत में न्याय व्यवस्था पर भी विपक्ष सारी सीमाएं लांघ रहा है, आम आदमी पार्टी सभी सीमाएं लांघ रही है। विषय प्रधानमंत्री जी के डिग्री का नहीं है, बल्कि इनके करप्शन को छिपाने का तरीका था। भ्रष्टाचार के लिए केजरीवाल जिम्मेदार है। आम आदमी पार्टी वो पार्टी है जिसने फ्री की रेवड़ी बेवड़ों को बांटी। केजरीवाल पूरी तरह से विक्षिप्त हो गए हैं। कोर्ट से फटकार पा चुके है।

सुधांशु ने कहा: अरविंद केजरीवाल पूरी तरह से विक्षिप्त हो गए हैं। पता नहीं क्या-क्या उल्टा सीधा बोलते जा रहे हैं, निम्नता पर आ रहे हैं और कोर्ट से फटकार भी खा रहे हैं। उन्होंने जिस तरह की भाषा, शैली और भाव भंगिमा का इस्तेमाल किया है वो निम्नतम स्तर की है। हम साफ यह कहना चाहते हैं कि केजरीवाल जी, बहुत बड़बोले आप होंगे लेकिन बड़बोलेपन से कुछ हासिल नहीं होने वाला और बहुत ही निर्लज्जता आप दिखा रहे हैं और इससे भी आपको कुछ नहीं मिलने वाला।

# राहुल गांधी नैतिक रूप से भ्रष्ट हैं : हिमंता बिस्वा सरमा



**एजेंसी। गुवाहाटी**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नैतिक रूप से भ्रष्ट कहा है। गुवाहाटी में एक कार्यक्रम के इतर मीडिया से बात करते हुए सरमा ने कहा: 2013 में जब राहुल गांधी ने एक आपराधिक मामले में दो या अधिक वर्षों के लिए सजा के बाद भी सांसदों को पद पर बने रहने की अनुमति देने की यूपीए सरकार की पहल का विरोध किया, तो हमने सोचा कि उनके पास उच्च नैतिक मूल्य हैं। हालांकि, सरमा के मुताबिक मौजूदा हालात इसके उलट कहानी बयां कर रहे हैं।

मनमोहन सिंह के अधीन यूपीए मंत्रिमंडल ने दो या अधिक वर्षों के लिए सजा के बाद भी सांसदों और विधायकों को पद पर बने रहने की अनुमति देने के लिए एक अध्यादेश लाया। उस समय यह राहुल गांधी थे जिन्होंने अध्यादेश को फाड़ दिया था और कहा था कि वह ऐसे मामलों में सांसदों की तत्काल अयोग्यता के पक्ष में हैं। असम के मुख्यमंत्री ने कहा: हालांकि अब आप स्थिति को देखें। राहुल गांधी ने मल्लिकार्जुन खड़गे को अपनी तत्काल अयोग्यता का विरोध करने के लिए मजबूर किया है। यह साबित करता है कि राहुल गांधी नैतिक रूप से भ्रष्ट व्यक्ति हैं।

# कांग्रेस करेगी केजरीवाल का घेराव

### किसानों को मुआवजा नहीं मिलने का मामला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने कहा है कि पिछले कई दिनों से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रुक-रुक कर हो रही बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि में फसलों को भारी नुकसान हुआ है जिसके कारण किसानों की चने, गेंहू, सरसों की फसलों के साथ ही सब्जियों का भारी नुकसान हुआ है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता नरेश कुमार ने शुक्रवार को यहां कहा कि पार्टी ने बेमौसमी और रुक-रुक कर हो रही बारिश तथा ओलावृष्टि से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए दिल्ली सरकार से मुआवजा देने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि यह किसानों का मामला है और किसानों को हर हाल में उन्हें हुए नुकसान के बदले मुआवजा देना पड़ेगा इसलिए दिल्ली सरकार को इस बारे में जल्द फैसला लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया तो किसान दिल्ली प्रदेश कांग्रेस मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास का घेराव करेगी।

### रक्षा क्षेत्र में और सहयोग बढ़ायेंगे भारत-फिलिपींस

**नई दिल्ली।** भारत और फिलिपींस ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग का दायरा बढ़ाने तथा उसे अधिक पुख्ता बनाने पर सहमति व्यक्त की है। दोनों देशों के बीच यहां चौथी संयुक्त रक्षा सहयोग समिति की बैठक में इस बारे में प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी। बैठक में संयुक्त रक्षा सचिव अमिताभ प्रसाद ने भारतीय पक्ष का नेतृत्व किया जबकि फिलिपींस के शिष्टमंडल का नेतृत्व वहां के सामरिक, आंतरिक मामलों तथा राष्ट्रीय रक्षा विभाग के सहायक मंत्री ने किया। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा की तथा इसका दायरा बढाने और इसे पुख्ता बनाने के प्रभावशाली तथा व्यावहारिक उपायों पर चर्चा की।

### जयपुर ब्लास्ट : आरोपियों को बरी करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी राजस्थान सरकार

**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान सरकार ने 2008 के जयपुर सीरियल ब्लास्ट केस के आरोपियों को बरी करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक उच्च स्तरीय बैठक में चारों आरोपियों को बरी किए जाने की समीक्षा की। उन्होंने मामले में कमजोर अभियोजन के लिए अतिरिक्त महाधिवक्ता (एएजी) राजेंद्र यादव को तत्काल प्रभाव से हटाने का फैसला किया। साथ ही मुख्यमंत्री गहलोत ने बरी हुए आरोपियों के खिलाफ जल्द से जल्द सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पिटीशन (एसएलपी) दायर करने का आदेश दिया।


## व्याख्यान पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रो. (डॉ.) मुरली मनोहर जोशी बोले

# शांतिपूर्ण विश्व का करना है निर्माण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रो. (डॉ.) मुरली मनोहर जोशी ने शुक्रवार को कहा कि हमें एक ऐसे विश्व का निर्माण करना है, जिसमें समृद्धि, सुख और शांति केवल व्यक्ति के लिए ही नहीं बल्कि प्रत्येक प्राणी को मिलनी चाहिए। इसके लिए एक नए रिवॉल्यूशन की, मानसिक रिवॉल्यूशन की जरूरत होगी।

जोशी ने यहां राष्ट्रीय राजधानी में स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के कलानिधि विभाग द्वारा आयोजित पांचवें 'श्री देवेंद्र स्वरूप स्मारक व्याख्यान' में मुख्य वक्ता के तौर पर यह विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा: श्री देवेंद्र




स्वरूप जी का जन्म मुरादाबाद के काठ ग्राम में 30 मार्च 1926 को हुआ था। वे एक शिक्षक, इतिहासकार, खोजी तथा ज्ञान की सामूहिक चेतना के संरक्षक, सृजनात्मक चिंतन के बहुआयामी व्यक्तित्व थे। डॉ. जोशी ने 'बदलते हुए वैश्विक परिदृश्य में भारत' विषय पर व्याख्यान देते हुए पिछले ढाई सौ सालों में बदलती विश्व व्यवस्था का विश्लेषण किया और कहा कि श्रम और श्रम के उद्देश्य में अलगाव हो गया। श्रम का विपणन (मार्केटिंग) एक महत्त्वपूर्ण घटना थी। वाष्प इंजन के अविष्कार के बाद दुनिया की गति में तेजी आई। जब से यंत्रों के आविष्कार हुए, तब से दुनिया की गति और तेज हो गई और औद्योगिकीकरण का मार्ग प्रशस्त हुआ।

उन्होंने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह मानव के विकास का सूचक नहीं है, शोषण का सूचक है। जो कुछ हो रहा है, वास्तविकता से परे है। क्या जीडीपी वास्तविक इंडेक्स है, क्या मार्केट वास्तविक इंडेक्स है? उन्होंने कहा: हम किधर जा रहे हैं, कहां जा रहे हैं? विश्व अशांत क्यों हैं? विश्व हिंसक क्यों है?

डॉ. जोशी ने इस संदर्भ में योग का उदाहरण देते हुए कहा: भारत ने दुनिया को 'योग' दिया और दुनिया ने उसे हाथों-हाथ लिया, क्योंकि दुनिया परेशान है। दुनिया को हमारे सूत्र की आवश्यकता है। हमने विश्व को एक कुटुंब माना। इसलिए हम जीवन को टुकड़ों में बांट कर नहीं देख सकते। जीवन समग्र है। इसलिए समग्र दृष्टि वाला चिंतन चाहिए। जोशी ने कहा कि जो चीज खुशी नहीं दे सकती, उसे बदलने की जरूरत है।




### रैपर बादशाह की प्ले लिस्ट में 'घोड़े पे सवार', 'मान मेरी जान' शामिल



**'मर्सी'**, 'डीजे वाले बाबू' और 'गेंदा फूल' जैसे चार्टबस्टर हिट गाने के लिए मशहूर रैपर बादशाह की एक अनूठी प्लेलिस्ट है, जिसे वह सुनते हैं। हिप-हॉप से हटके, बादशाह, जिनका असली नाम आदित्य प्रतीक सिंह सिसोदिया है, की एक प्लेलिस्ट है जिसमें अमित त्रिवेदी जैसे रैपर के लिए चॉइस शामिल हैं। उसकी प्लेलिस्ट कैसी दिखती है? इसका जवाब देते हुए बादशाह ने आईएएनएस को बताया, मेरी और करण औजला की 'प्लेयर्स', रे की 'एस्केपिज्म', एमसी स्टेन की 'एक दिन प्यार', अमित त्रिवेदी की 'घोड़े पे सवार' और किंग की 'मान मेरी जान'। 37 वर्षीय रैपर की लेटेस्ट रिलीज उनका एल्बम '3:00 एएम सेशंस' है, जिनका गाना 'सनक' इस समय सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। स्ट्रीमिंग वेबसाइट यूट्यूब पर केवल दो हफ्तों में ट्रैक को 8,515,027 व्यूज मिले।

### एक्ट्रेस गौहर खान को आया गुस्सा, कपल को कहा 'डंब'



**एक्ट्रेस** गौहर खान ने सेलिब्रिटी कपल जस्टिन बीबर और उनकी मॉडल पत्नी हैली को 'डंब' कहा है और रमजान के बारे में ज्ञान हासिल करने के लिए कहा। जस्टिन और हैली ने अपने बयान में रमजान के सवाल पर हंसते हुए कहा था कि यह आपके शरीर को पोषण से दूर करता है। इस पर गौहर ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज के जरिए उनकी आलोचना की। गौहर ने जस्टिन और हैली के उस बयान वाले इंटरव्यू की वीडियो शेयर की। वीडियो में जस्टिन कहते नजर आ रहे हैं कि मुझे इसके बारे में सोचना होगा, मैंने ऐसा कभी नहीं किया है... मुझे लगता है कि हमारे शरीर को ठीक से सोचने के लिए पोषण की जरूरत होती है। हैली ने कहा कि खाना बंद करके उपवास करना कभी भी उनके लिए समझ में नहीं आया। उन्होंने आगे कहा कि अगर आप टीवी बंद करना चाहते हैं, अपने फोन को फास्ट करना चाहते हैं, तो मुझे लगता है कि मैं उस पर अधिक विश्वास करती हूं लेकिन खाना बंद करना, यह समझ नहीं आता। इसलिए आप मूर्ख हैं। गौहर ने इस वीडियो को पोस्ट कर कैप्शन में लिखा: यह साबित करता है कि वे कितने मूर्ख हैं। बशर्ते उन्हें इसके पीछे के साइंस के बारे में पता हो, और इससे स्वास्थ्य लाभ होता है! कहीं से ज्ञान लें जस्टिन और हैली। एक राय होना ठीक है बीटीडब्ल्यू! लेकिन इतना समझदार बनो कि सही ढंग से बता सको।

### अर्जुन कपूर ने 'की एंड का' के पूरे 7 साल होने का मनाया जश्न



**अर्जुन** कपूर और करीना कपूर खान की फिल्म 'की एंड का' ने शनिवार को हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में सात साल पूरे कर लिए है। इस मौके पर एक्टर ने करीना के साथ एक फोटो शेयर की। अर्जुन ने ट्विटर पर अमृता अरोड़ा के जन्मदिन पर करीना के साथ एक फोटो शेयर की। फोटो में दोनों कलाकार ब्लैक कलर की ड्रेस में पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। अर्जुन ने फोटो के साथ कैप्शन में लिखा: जब की मेट का अगेन! 2016 में रिलीज हुई 'की एंड का' का निर्देशन आर बाल्की ने किया है। यह फिल्म एक महत्वाकांक्षी महिला किआ के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कबीर से शादी करती है, एक ऐसा व्यक्ति जो एक घरेलू पति की भूमिका को पसंद करता है। वे अपने अपरंपरागत रिश्ते का आनंद लेते हैं, लेकिन संघर्ष और ईर्ष्या जैसी चुनौतियां उनके रिश्ते में खटास डालने का काम करती है।

### ब्लैक सूट में शाहरुख का जलवा

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने नीता मुकेश अंबानी के कल्चरल सेंटर इवेंट में बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के लुक को देखकर जबरदस्त रिएक्शन दिया। इस इवेंट के लिए शाहरुख ने ब्लैक वी-नेक टी-शर्ट, ब्लैक पैंट और ब्लैक ब्लेजर पहना था। इसके साथ उन्होंने डायमंड पेंडेंट भी पहना था। इस इवेंट में उनके साथ पत्नी गौरी खान, बेटी सुहाना खान और बेटा आर्यन खान भी शामिल हुए। स्टाइलिस्ट शालीना नथानी ने इवेंट के लिए शाहरुख के लुक की एक तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा: डेड! कल्चरल सेंटर इवेंट के लिए शाहरुख खान का लुक। इसके तुरंत बाद, दीपिका पादुकोण ने पोस्ट पर कमेंट किया: मी टू! शाहरुख और दीपिका को इस साल की ब्लॉकबस्टर 'पठान' में स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए देखा गया था, जिसमें जॉन अब्राहम, डिंपल कपाड़िया और आशुतोष राणा भी थे।

# महिला-पुरुष हॉकी चैंपियनशिप ट्रायल शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



केरसई प्रखंड पूर्वी के लिए 04अप्रैल को टैसर खेल मैदान में जिसमें केरसई पंचायत, कोंजोबा पंचायत, पूर्वी तैसेर और पश्चिमी टैंसर पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। कोलेबिरा प्रखंड पूर्वी के लिए 04 अप्रैल को लचड़ागढ़ स्कूल मैदान में जिसमें कोलेबिरा प्रखंड के लचड़ागढ़ पंचायत, एयडेगा पंचायत और टूटीकेल पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। बांसजोर प्रखंड के लिए 05अप्रैल को बांसजोर खेल मैदान में जिसमे बांसजोर पंचायत के सभी पंचायतों के खिलाड़ी भाग ले सकते है। ठेठईटांगर प्रखंड पश्चिमी के लिए 05 अप्रैल को रेगारी मिडिल स्कूल के मैदान में जिसमे बाघचट्टा पंचायत,कोनपाला पंचायत और पैकपारा पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते है। केरसई प्रखंड के पश्चिमी में बासने पंचायत, किनकेल पंचायत और बाघडेगा पंचायत के महिला और पुरुष हॉकी खिलाड़ी भाग ले सकते है। जिसका जन्म 1 जनवरी 2008 के बाद का हो और उसी इलाके का हो,वह खिलाड़ी अपने आधार कार्ड के साथ इस चयन ट्रायल में भाग ले सकते हैं। हॉकी सिमडेगा के द्वारा मैट्रिक और इंटर परीक्षा के बाद जिला मुख्यालय में जिला स्तरीय सब जूनियर महिला एवं पुरुष हॉकी चैंपियनशिप आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए हॉकी सिमडेगा के पदाधिकारी विभिन्न प्रखंडों के स्थानीय लोगों के सहयोग से प्रत्येक प्रखंडों में खुली चयन ट्रायल कराकर टीम का गठन कर रहे हैं जिस प्रखंडों में पंचायतों की संख्या अधिक है उस प्रखंडों को दो-तीन प्रभागो में बांटा गया है जिसके तहत आज ठेठईटांगर प्रखंड पूर्वी टीम के लिए हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल जोराम खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। जिसमें ठेठईटांगर प्रखंड के जोराम पंचायत, ठेठईटांगर पंचायत, राजाबासा पंचायत, केरिया पंचायत और घुटबहार पंचायत के महिला और पुरुष हॉकी खिलाड़ी भाग लिया। हॉकी सिमडेगा के वेदप्रकाश भोक्ता की अगुवाई आज के चयन ट्रायल से 20-20 सदस्यों वाली महिला और पुरुष ठेठाटांगर प्रखंड पूर्वी के लिए टीम का गठन किया गया ,जो टीम हॉकी सिमडेगा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय हॉकी चैंपियनशिप में भाग लेगी। इसी तरह अन्य प्रखंडों के लिए निम्न तिथि के अनुसार चयन ट्रायल होंगे : 02 अप्रैल को केरसई प्रखंड पश्चिमी के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल करगागुड़ी स्कूल मैदान में प्रातः 08बजे से किया जाएगा।जिसमे बासेन पंचायत,किनकेल पंचायत और बाघडेगा पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते है।

04 अप्रैल को केरसई प्रखंड पूर्वी के लिए टैसर खेल मैदान में 0प्रातः 09बजे से जिसमे केरसई पंचायत,कोंजोबा पंचायत ,पूर्वी तैसेर और पश्चिमी टैंसर पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते है।

04 अप्रैल को कोलेबिरा प्रखंड पूर्वी के लिए लचड़ागढ़ स्कूल मैदान में 0प्रातः 09बजे से जिसमे कोलेबिरा प्रखंड के लचड़ागढ़ पंचायत, एयडेगा पंचायत और टूटीकेल पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते है।

05 अप्रैल को बांसजोर प्रखंड के लिए बांसजोर खेल मैदान में जिसमे बांसजोर पंचायत के सभी पंचायतों के खिलाड़ी भाग ले सकते है।

05 अप्रैल को ठेठईटांगर प्रखंड पश्चिमी के लिए रेगारी मिडिल स्कूल के मैदान में प्रातः 10 बजे से जिसमें बाघचट्टा पंचायत, कोनपाला पंचायत और पैकपारा पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते है।

### खाद्य आपूर्ति एवं धान अधिप्राप्ति से संबंधित समीक्षा बैठक

# डीसी ने मार्च में कम खाद्यान्न वितरण करने पर नाराजगी जाहिर की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




रांची। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शनिवार को खाद्य आपूर्ति एवं धान अधिप्राप्ति से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री अल्बर्ट बिलुंग, जिला सहकारिता पदाधिकारी, क्षेत्रीय प्रबंधक, एफसीआई, सहायक गोदाम प्रबंधक, सभी सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं मिलर उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत रिक्ति स्थिति, आरसीएमएस में डीएसओ स्तर पर लंबित आवेदनों, 6 महीने से खाद्यान्न का उठाव न करने वाले राशन कार्डधारियों की स्थिति, मोबाईल सीडिंग, डूप्लीकेट यूआईडी, निलंबित डीलर, एनएफएसए के सभी लाभुकों को यूआईडी से सीडिंग, पीवीटीजी डाकिया योजनान्तर्गत खाद्यान्न का वितरण, पेट्रोल पर सब्सिडी देने हेतु सीएम सपोर्ट ऐप, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, माह जनवरी, फरवरी एवं मार्च 2023 हेतु एनएफएसए योजनान्तर्गत खाद्यान्न का डीएसडी लिफ्टिंग एवं खाद्यान्नों की स्थिति की समीक्षा की गयी। बैठक में सर्वप्रथम धान अधिप्राप्ति केन्द्रों से धान उठाव की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी मिलरों से कहा कि यथाशीघ्र लैम्प्स से धान का उठाव करें। उन्होंने कहा कि 15-20 दिनों में मिलर टैग्ड लैम्प्स से धान का उठाव शुरू करें। इसे लेकर उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### सीसीएल ने अब तक का सर्वाधिक उत्पादन करते हुये अपने लक्ष्य को प्राप्त किया

# प्रदर्शन से संतुष्ट दिखे प्रह्लाद जोशी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में अपना अभूतपूर्व प्रदर्शन जारी रखते हुए आज तक का सर्वाधिक 76.09 मिलियन टन (एमटी) कोयला उत्पादन कर इतिहास रच दिया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 11% की वृद्धि है। इस स्वर्णीम प्रदर्शन में सीसीएल के आम्रपाली परियोजना 18 एमटी, मगध परियोजना 15.6 एमटी सहित सभी क्षेत्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सीसीएल ने कोयला प्रेषण में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पिछले सारे कीर्तिमान तोड़ते हुए 75.03 एमटी कोयला प्रेषण किया जो पिछले रिकार्ड से 4.5% अधिक है। साथ ही साथ ओबी रिमुवल में भी 107 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवर बर्डेन की निकासी कर कीर्तिमान बनाया है। सीएमडी सीसीएल पीएम प्रसाद ने शानदार प्रदर्शन पर बधाई देते हुये कहा कि कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी के मार्गदर्शन, कोयला सचिव अमृत लाल मीणा तथा अध्यक्ष सीआईएल प्रमोद अग्रवाल के नेतृत्व में सीसीएल ने अपने उत्पादन लक्ष्य, 76 मिलियन टन (एमटी) को पार करते हुए 76.09 एमटी हासिल किया। उन्होंने सहयोग के लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन का भी आभार व्यक्त किया। साथ ही कंपनी की सफलता में ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों, जन प्रतिनिधियों, हितधारकों एवं प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुडे सभी लोगों के योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने सीसीएल की पूरी टीम को बधाई देते हुये कहा कि यह कंपनी की स्थापना के बाद से आज तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पिछले वित्तीय वर्ष में सीसीएल ने भूमि अधिग्रहण के क्रम में 161 लाभार्थियों को स्थायी रोजगार मूहैया कराया है। इसी तरह सीसीएल ने कार्बन उत्सर्जन कम करने के दिशा में कार्य करते हुये पिपरवार क्षेत्र में लगभग 143 करोड़ के लागत से 20 मेगावाट सौर उर्जा प्लांट स्थापना करने जा रहा है। कमांड क्षेत्रों में पिछले वर्ष 178.85 हेक्टेयर क्षेत्र में 3 लाख 75 हजार से अधिक पौधारोपण किया गया है। विगत वित्तीय वर्ष सीसीएल के लिए अविस्मरणीय साल रहा है। इस साल कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वाधान में सीसीएल द्वारा ऐतिहासिक कोल इंडिया मैराथन का आयोजन किया गया जिसमें देशभर के लगभग 6000 धावकों ने हिस्सा लेकर इस मैराथन को सफल बनाया। सीसीएल द्वारा समाज के कल्याण और समग्र विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सीसीएल द्वारा लगभग 65 करोड़ की लागत से रांची विश्वविद्यालय परिसर में पांच हजार सिटों वाली एक सेन्ट्रल लाईब्रेरी का निर्माण जल्द ही किया जायेगा।

## तीसरे तल्ले से कूदकर युवक ने जान देने की कोशिश की

**रांची।** महिला मित्र से मिलने हरियाणा से रांची आये युवक ने आत्महत्या करने की कोशिश की। यह घटना राजधानी रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र के हिनू स्थित एक होटल की है। जहां शनिवार को पीयूष नाम के एक युवक ने होटल के तीसरे तल्ले से छलांग लगा दी। इस घटना में पीयूष को गंभीर चोटें आयी है। आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि महिला मित्र के साथ होटल में अनबन के बाद पीयूष ने आत्महत्या करने की कोशिश की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जो युवती पीयूष से मिलने होटल आयी थी, उससे भी पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, हरियाणा के रहने वाले पीयूष गुप्ता ने अचानक होटल के कमरे स्थित बालकनी से छलांग लगा दी और नीचे खड़ी एक कार के ऊपर गिर गया। गिरने की आवाज सुनकर होटल के कर्मचारी दौड़े-दौड़े वहां पर पहुंचे।

# कांग्रेस जनता के हित में हमेशा काम करती आयी है : जवाहर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची महाननगर कांग्रेस कमिटी की पूर्व घोषित बैठक शनिवार को कांग्रेस भवन में महानगर अध्यक्ष कुमार राजा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राँची महानगर कांग्रेस के जिला प्रभारी जवाहर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जमीनी कार्यकर्ताओं की पार्टी है और एक सोची समझी साजिश के तहत राहुल गाँधी को भाजपा फंसा कर अपना उल्लू सीधा करने का काम कर रही है । उन्होंने कहा कि सत्य को परेशान किया जा सकता है किन्तु पराजित नहीं किया जा सकता है । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुमार राजा ने सभी मण्डल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के नीतियों को जन जन तक पहुँचाने के लिए व्यापक स्तर पर ह्लहाथ से हाथ जोड़ोह्व कार्यकम को सफल बनाने के लिए 3 अप्रैल से 23 अप्रैल तक अडानी के बचाव में मोदी सरकार द्वारा राहुल गाँधी की संसद सदस्यता खत्म किये जाने के विरोध में राँची महानगर के प्रत्येक वार्ड एवं मंडल/प्रखंड में नुक्कड़ सभा का आयोजन कर मोदी सरकार की खामियों को गिनाने का काम करेंगे । श्री राजा ने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल लागु है और मोदी सरकार के गलत नीतियों के विरोध करने पर जेल का रास्ता दिखाया जा रहा है । इस अवसर पर रविंद्र सिंह संगठन प्रभारी झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी राकेश सिन्हा प्रवक्ता झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी बैठक को संबोधित किया । धन्यवाद ज्ञापन कार्यालय प्रभारी जितेन्द्र कुमार त्रिवेदी ने किया इस बैठक में मुख्य रूप से तारीख मुजूबी, प्रिंस भट्ट जितेंद्र त्रिवेदी, राजा कर्मकार, प्रवीण अग्रवाल ,विशाल कृष्णा, सम्राट चटर्जी ,राखी प्रियदर्शनी ,विनोद सिंह, सम्राट चटर्जी ,संजय चौबे, विनोद सिंह ,विश्वजीत चक्रवर्ती , प्रकाश सोनी ,राखी कौर, एवं प्रखंड अध्यक्ष गोपाल उपाध्याय दिलावर खान, मोहम्मद यूसुफ ,आवेश अंसारी ,अजय मंडल ,इमरान खान, अनिल उरांव, अजय चौधरी ,कार्तिक साहू ,सुशील सिंह ,सुदीप उरांव, स्वर्ण कुमार महंती, कृष्णा मुंडा, तनवीर खान ,ऋषभ राज इत्यादि मौजूद थे।

## कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण आज

**रांची।** जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी की नवगठित जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति की विस्तारित बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह दो अप्रैल को पुरानी विधानसभा सभागार में होगी। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों के बीच कार्य दायित्व का बंटवारा किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रमों की रुपरेखा भी तय की जाएगी। इसमें झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता, प्रदेश महासचिव , प्रदेश सचिव, प्रदेश डेलीगेट एवं प्रखण्ड अध्यक्ष सहित कांग्रेस कोटे के मंत्री मौजूद रहेंगे। कांग्रेस पार्टी की केन्द्रीय एवं प्रदेश समिति द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुसार जिला कमिटी द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों की घोषणा भी की जाएगी। कार्यक्रम में रांची जिला के सभी प्रखण्डों के पदाधिकारी और प्रमुख कार्यकर्ता भाग लेंगे। इन पदाधिकारियों से पार्टी और मजबूत होगी। अधिक से अधिक लोग जुडेंगे और आगे बढ़ायेंगे।

**कार्यक्रम** मक्का की सफल खेती पर प्रशिक्षण का हुआ समापन

# बेहतर पैदावार कर कमाएं मोटी आमदनी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



आईसीएआर-अखिल भारतीय समन्वित मक्का फसल अनुसंधान परियोजना के टीएसपी कार्यक्रम के अधीन मक्का की सफल खेती विषय पर एक दिवसीय तीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का समापन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ में निदेशक अनुसंधान डॉ. पीके सिंह ने कहा कि मक्का की फसल एक बहुपयोगी फसल है। यह मनुष्य और पशुओं के आहार का प्रमुख स्त्रोत और औद्योगिक दृष्टिकोण से भी काफी महत्वपूर्ण है। इसकी खेती झारखंड के पहाड़ी क्षेत्रों के अलावा मैदानी इलाकों में बहुतायत की जाती है। किसान भाई खरीफ, रबी एवं जायद फसल के रूप में इसे वैज्ञानिक विधि से उगाकर सालोंभर अच्छी पैदावार के साथ - साथ अच्छी कमाई भी कर सकते है। बीएयू ने मक्का की उन्नत किस्म बिरसा बेबीकार्न -1 विकसित की है। पौष्टिक दृष्टि से महत्वपूर्ण तथा सब्जी और सलाद में उपयोगी इस मक्का की खेती से 48 वें दिन से 65 वें दिन के बीच तीन बार तुड़ाई से किसान बढ़िया लाभ कमा सकते है। इस अवसर पर डीन एग्रीकल्चर डॉ. डीके शाही ने मक्का की सफल खेती में मिट्टी जांच अनुशंसा के आधार पर संतुलित मात्रा में उर्वरकों के प्रयोग के महत्त्व पर प्रकाश डाला। निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ एस कमार्कार ने मक्का की खेती में खरीफ, रबी एवं जायद के उपयुक्त किस्मों के चयन तथा प्रमाणित संस्था से स्वस्थ्य एवं उन्नत बीज लेने पर जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान मक्का परियोजना प्रभारी डॉ मनिगोपा चक्रवर्ती, टीएसपी कार्यक्रम (मक्का) प्रभारी डॉ. सीएस सिंह तथा मक्का अनुसंधान परियोजना से जुड़े वैज्ञानिक डॉ. मिलन चक्रवर्ती, डॉ सुनील कुमार, डॉ. एमके बर्नवाल, डॉ. योगेन्द्र प्रसाद एवं डॉ तेजवर ने खरीफ, रबी एवं जायद फसल के रूप में मक्का की खेती तकनीक, मक्का की जैविक कृषि तकनीकी, मक्का के प्रमुख कीट तथा रोग एवं फॉल आर्मी वर्म तथा मक्का चारा फसल की खेती एवं सिलेज निर्माण आदि आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी। टीएसपी (मक्का) प्रभारी डॉ. सीएस सिंह ने बताया कि बीएयू निदेशालय अनुसंधान अधीन आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग अधीन कार्यरत मक्का अनुसंधान परियोजना के जनजातीय उपपरियोजना अधीन आयोजित इन तीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में रांची जिले के चान्हो एवं बुडमु प्रखंड के कुल 102 किसानों ने भाग किया। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों ने किसानों के अनुभवों को जाना और मक्का की खेती सबंधी किसानों की समस्यायों का निदान किया।

## पृष्ठ एक के शेष

**अप्रैल से जून तक पड़ने वाली...**
पूर्वोत्तर भारत में सामान्य से कम बारिश की संभावना है।

**इन राज्यों में पड़ेगी भीषण गर्मी :** भीषण गर्मी की संभावना को लेकर आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में ज्यादा गर्मी पड़ने की आशंका है। आईएमडी ने कहा कि 2023 में गर्मी के मौसम (अप्रैल से जून) के दौरान दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत और उत्तरपश्चिमी भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत और उत्तर-पश्चिमी भारत के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य या उससे कम रह सकता है। मौसम विभाग ने कहा कि पूर्वोत्तर और उत्तर-पश्चिमी भारत और प्रायद्वीपीय क्षेत्र के दूरदराज हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य या उससे अधिक रहने की संभावना है।

**प्रधानमंत्री ने रानी कमलापति स्टेशन से वंदे भारत...**
जाने वाला राज्य आज हर क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य कर रहा है। हमें विकसित भारत में मध्य प्रदेश की भूमिका को और बढ़ाना है। नई वंदे भारत ट्रेन इसी संकल्प का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आज मध्य प्रदेश को पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन मिली है। ये ट्रेन प्रोफेशनल्स, नौजवानों, कारोबारियों के लिए नई सुविधा लेकर आएगी। भारत अब नई सोच, नई अप्रोच के साथ काम कर रहा है। बीते नौ वर्षों से हमारा निरंतर ये प्रयास है कि भारतीय रेल दुनिया का श्रेष्ठ नेटवर्क बने। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारें वोट बैंक के तुष्टीकरण की नीति अपनाती थी। हम देशवासियों के संतुष्टीकरण पर ध्यान दे रहे हैं। पहले की सरकार एक ही परिवार को प्रथम परिवार मानती थी और गरीब मध्यमवर्गीय परिवारों पर ध्यान नहीं देती थी। हमारी सरकार हर भारतीय परिवार के कल्याण और संतुष्टि के लिए कार्य कर रही है।

**हर भारतीय मोदी का सुरक्षा कवज :** मोदी ने कहा कि जब यह कार्यक्रम तय हुआ तो मुझे बताया गया कि एक अप्रैल को कार्यक्रम है। मैंने कहा कि एक अप्रैल को क्यों रखा है? जब अखबार में खबर आएगी कि मोदी जी एक अप्रैल को हरी झंडी दिखाने वाले हैं, तो हमारे कांग्रेस के मित्र बयान देंगे कि मोदी अप्रैल फूल बनाएगा। उन्होंने कहा कि देश में विकास के लिए हो रहे प्रयासों के बीच आपको एक बात बताना चाहता हूं। 2014 के बाद से देश में कुछ लोग ठानकर बैठे हैं कि मोदी की छवि धूमिल करेंगे। इसके लिए संकल्प भी घोषित किया है। इन लोगों ने भांति-भांति के लोगों को सुपारी दे रखी है। खुद भी मोर्चा संभाले हुए हैं। इनका साथ देने के लिए कुछ लोग देश के अंदर हैं तो कुछ बाहर बैठकर अपना काम कर रहे हैं। यह लगातार कोशिश करते रहे हैं कि किसी तरह मोदी की इमेज को धूमिल कर दें। आज हर भारतीय मोदी का सुरक्षा कवच है, इसीलिए ये लोग बौखला गए हैं। नए-नए पैंतरे अपना रहे हैं।

गौरतलब है कि यह ट्रेन रानी कमलापति स्टेशन से नई दिल्ली के स्टेशन के बीच चलेगी। लगभग 708 किलोमीटर की दूरी ट्रेन सिर्फ 7.30 घंटे में पूरी करेगी। वहीं, 13वां वंदे भारत ट्रेन जल्द ही दिल्ली और जयपुर के बीच शुरू की जायेगी। इसका अभी ट्रायल रन जारी है। इसके बाद 14वीं वंदे भारत तिरुपति-सिकंदराबाद के लिए चलाई जाएगी। साथ ही चेन्नई कोयम्बटूर के लिए तैयार जल्द ही 15वीं वंदे भारत भी जल्द ही शुरू की जायेगी।

**कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू ...**
उस क्रांति का नाम है राहुल गांधी। ये सरकार को हिला देंगे। सिद्धू ने कहाः पंजाब में लोकतंत्र नहीं है और राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश रची जा रही है। राज्य में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान पर पंजाब के लोगों को झूठी उम्मीदें देने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए, जिन्हें हाल ही में लोकसभा सांसद के रूप में अयोग्य घोषित किया गया था। सिद्धू ने कहाः राहुल गांधी संविधान के रक्षक हैं और सिद्धू उनके साथ खड़े हैं।

**अकारण नहीं है लोकतंत्र का चौथा...**
तो ये माध्यम उनके मन में कोई सकारात्मकता जगा पाने में सफल नहीं हो पाते। जबकि कालांतर में ऐसे असंख्य अवसर आए हैं, जब मीडिया ने अपने सामाजिक और लोकतांत्रिक दायित्वों का भली-भांति निर्वहन किया है। विश्वसनीयता के मामले में पत्रकारिता को दो वर्गों में बांटा जा सकता है। एक, 21वीं सदी के आरंभ से पहले की पत्रकारिता और दूसरी इसके बाद की पत्रकारिता। पहले वर्ग में वह पत्रकारिता आती है जो समाज के लिए जयप्रकाश नारायण और विश्वनाथ प्रताप सिंह जैसे नायकों को मजबूती प्रदान करती थी, भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करती थी, जनहित के लिए सत्ता की नाक में दम किए रहती थी। दूसरी पत्रकारिता वर्ष 2000 से बाद की पत्रकारिता है, जिसमें सनसनी है, स्टिंग हैं, मीडिया ट्रायल हैं, टीआरपी है, प्रायोजित यात्राएं हैं, निहित स्वार्थ हैं। अगर कुछ नहीं है, तो समाज का विश्वास। अब कोई मीडिया की ओर नहीं देखता। लोग उससे कोई उम्मीद नहीं रखते, उस पर भरोसा नहीं करते। उनके लिए मीडिया पर प्रसारित सामग्री मनोरंजन की चीज बन चुकी है। हालांकि, अखबार अभी इस स्थिति तक नहीं पहुंचे हैं, लेकिन धीरे-धीरे बढ़ इसी राह पर रहे हैं। इसकी दूसरी वजह पिछले दस-पंद्रह सालों में वैकल्पिक मीडिया या डिजिटल मीडिया का दिनोंदिन फैलता फलक हो सकती है। वैकल्पिक मीडिया ने आम लोगों को अपनी बात सामने रखने की ऐसी सहूलियत प्रदान की है, जिसने पारंपरिक संचार माध्यमों पर उनकी निर्भरता खत्म कर दी है। अब वे अपनी समस्याएं या चिंताएं लेकर अखबारों-टीवी चैनलों के चक्कर नहीं काटते बल्कि फेसबुक या ट्विटर पर पोस्ट करते हैं। क्योंकि इनमें उन्हें भरोसा रहता है कि अब उनकी बात बिना किसी बाधा या समस्या के उन तमाम लोगों तक पहुंच जाएगी, जिन तक पहुंचनी चाहिए। तीसरी वजह, खुद वह समाज है जो मीडिया पर उसकी जिम्मेदारी ठीक से न निभाने का दोषारोपण तो करता है, लेकिन कभी किसी संकट के समय उसके साथ खड़ा नजर नहीं आता। रिपोर्टर विदआउट बॉर्डर्स के मुताबिक वर्ष 2003 से 2022 तक दो दशकों के दौरान दुनिया भर में 1668 पत्रकारों की हत्या हुई। यानि हर साल करीब 84 पत्रकार। इसके अलावा कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स की 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक इस साल एक दिसंबर तक 363 पत्रकारों को गिरफ्तार कर जेल में डाला गया। रिपोर्टर विदआउट बॉर्डर्स की रिपोर्ट इनकी संख्या 533 बताती है। उनकी ताजा रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि दुनिया भर में इस साल 65 पत्रकारों और मीडियाकर्मियों को बंधक बनाकर रखा गया और 49 लापता हैं। अब आप याद कीजिए कि क्या कहीं आपने किसी देश, शहर या समाज में लोगों को इस बात के लिए इकट्ठा होकर कोई सामाजिक आंदोलन या धरना प्रदर्शन करते देखा है कि अमुक पत्रकार को जेल से रिहा किया जाए या अमुक पत्रकार के हत्यारों को गिरफ्तार किया जाए या अमुक पत्रकार, जिसका अर्से से कोई अता-पता नहीं है, उसका पता लगाया जाए। और तो और जिन लोगों के हित के लिए पत्रकारों ने अपनी जान जोखिम में डाली है, समाज उनके परिवार की मदद के लिए भी कभी खड़ा नजर नहीं आता। वही समाज जो पानी न आने पर सड़कें जाम कर देता है, किसी सैनिक के शहीद होने पर श्रद्धांजलि यात्राएं निकालता है। अपने अधिकारों के लिए या अपने शहीदों के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए सड़कों पर आना कतई गलत नहीं है और न ही यहां इसका विरोध किया जा रहा है, बल्कि कहने का आशय यह है कि एक पत्रकार जब अपना फर्ज निभाते हुए मारा जाता है तो उसकी शहादत, उस समाज से भी बदले में कुछ चाहती है? जिसके लिए वह शहादत दी गई। बजाय इसके, हम उसके चरित्र पर सवाल उठाते हैं या उस पर हमले को जायज साबित करने की कोशिश करते हैं। कहने का आशय यह है कि अगर मीडिया और समाज के बीच विश्वास मिट रहा है, तो इसके लिए अकेले मीडिया को ही दोषी नहीं ठहराया जा सकता। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आखिर मीडिया भी तो हमारे समाज का ही एक हिस्सा है, जैसा समाज हमने बीते कुछ दशकों में बनाया है, उसका असर मीडिया पर न पड़े, यह कैसे मुमकिन है। इसलिए अगर मीडिया के प्रति लोगों में, समाज में, विश्वास की पुनर्बहाली करनी है, तो दोनों स्तर पर प्रयास करना आवश्यक है। क्योंकि, ताली एक हाथ से नहीं बजती।

**मेदिनीनगर नगर निगम...**
वित्त विभाग ने इस संबंध में 10 जून 2015 को पत्रांक 1681 के माध्यम से एक आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया था। जिसके तहत वित्तीय वर्ष के प्रथम छह माह में योजना मद के बजट की 50 प्रतिशत विभागों द्वारा खर्च किया जाना है। इसके बाद शेष बचे छह महीने में विभाग के द्वारा बाकी 50 फीसदी राशि खर्च की जाएगी। मार्च महीने में होने वाले खर्च और मार्च लूट को रोकने के लिए विभाग ने यह भी निर्देश दे रखा है कि वित्तीय वर्ष के अंतिम छह माह की बची योजना मद की 50 फीसदी राशि का सिर्फ 15% तक ही डीडीओ द्वारा खर्च किया जा सकेगा। जिसको अक्षरशः लागू करने के लिए वित्त विभाग इस बार तत्पर है। बीते वित्तीय वर्षों में 31 मार्च की आपाधापी में इस गाइडलाइन के अवहेलना करने की भी सूचना प्राप्त हुई थी।

## NEWS इन ब्रीफ

### हरियाणा हॉकी अकादमी ने मुकाबला जीता

**लखनऊ।** हरियाणा हॉकी अकादमी और साई बीएएल टीम ने खेलो इंडिया महिला हॉकी लीग (अंडर-21, चरण 2) के चौथे दिन अपने-अपने मुकाबले जीत लिए। दिन के पहले मैच में हरियाणा हॉकी अकादमी ने एचआईएम हॉकी अकादमी को 7-3 से हराया। हरियाणा टीम की तरफ से भतेरी, पूजा, सीमा और शशि खाशा ने गोल किये। एचआईएम हॉकी अकादमी की तरफ से शुभम, सिमरनजीत कौर और रजनी ने गोल किये। दिन के आखिरी मैच में साई बीएएल टीम ने सेल्यूट हॉकी अकादमी को 9-0 से पीटा। विजेता टीम की तरफ से कप्तान प्रियंका, ऋतु देवी लैशराम, सीमा आनंदराव पवार, नीलम कच्छप और डेचम्मा पीजी ने गोल दागे।

### मुंबई इंडियंस ने बेंगलुरु में अपना अभ्यास शुरू किया

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने अभियान की शुरुआत रविवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले से करेगा। मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी शुक्रवार को ही बेंगलुरु पहुंच गए थे और उन्होंने शाम को स्टेडियम में अपना अभ्यास सत्र किया। अभ्यास सत्र में कप्तान रोहित शर्मा, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, जोफ्रा आर्चर और अन्यों ने हिस्सा लिया। जसप्रीत बुमराह की जगह टीम में शामिल किये गए संदीप वारियर भी टीम से जुड़ गए हैं और कोचों से बातचीत के बाद उन्होंने नेट्स में गेंदबाजी सत्र किया।

### फुटबॉल रेफरी के लिए पीएफआई एक्सपोजर कोर्स सम्पन्न

**नई दिल्ली।** लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन (एलएनआईपीई), ग्वालियर में ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन द्वारा रेफरी के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रोजेक्ट फ्यूचर इंडिया (पीएफआई) एक्सपोजर कोर्स गुरुवार, 30 मार्च, 2023 को सम्पन्न हुआ। पूरे भारत से 29 प्रतिभागियों ने पाठ्यक्रम में भाग लिया। यह कोर्स तीन प्रशिक्षकों - रिजवान उल हक (दिल्ली), मुर्गथ जी (कर्नाटक) और नजीर अहमद (जम्मू-कश्मीर) के देखरेख में आयोजित किया गया था।

### मियामी : फाइनल में पहुंची क्वितोवा

**मियामी।** पेट्रा क्वितोवा ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में सोराना क्रिस्टिया पर 7-5, 6-4 से जीत के साथ अपने करियर में पहली बार मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में क्वितोवा का सामना एलेना रायबाकिना से होगा। इस सप्ताह अपने 99वें डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट में खेल रही क्वितोवा ने इससे पहले कभी भी मियामी में क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ी थी। क्वितोवा शनिवार को अपने करियर के 13वीं फाइनल में अपने नौवें कैरियर डब्ल्यूटीए 1000 खिताब के लिए रायबाकिना का सामना करेंगी।

# ऋतुराज एक शानदार प्रतिभा है : फ्लेमिंग



**एजेंसी। अहमदाबाद**

चेन्नई सुपर किंग्स के प्रमुख कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने ओपनर ऋतुराज गायकवाड़ की सराहना करते हुए कहा है कि वह एक शानदार प्रतिभा है इसलिए टीम थिंक टैंक उन्हें ऊंचे स्तर पर रखता है। गायकवाड़ ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पिछले चैंपियन गुजरात टाइटंस के खिलाफ 50 गेंदों पर 92 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने अपना अर्धशतक 23 गेंदों में पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में नौ छक्के लगाए। स्मिथ ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहाः वह (ऋतुराज) एक अद्भुत प्रतिभा है। हम उन्हें ऊंचे स्तर पर रखते हैं और हमारा मानना है कि वह क्लास प्लेयर हैं। उनके पास ताकत है, उनके पास टच है और उनके साथ अच्छी चीजें ही होंगी। गायकवाड़ के शानदार प्रयास के बावजूद चेन्नई 178 रन ही बना सकी और गुजरात ने पांच विकेट शेष रहते जीत हासिल कर ली। फ्लेमिंग ने कहाः हम उनकी शानदार पारी का फायदा नहीं उठा पाए। उन्होंने 12वें से 16वें ओवर तक अच्छी गेंदबाजी की और हम अंत में फाइनल पुश नहीं लगा पाए। लेकिन 180 अच्छा स्कोर था। ओवरऑल मैं सकारात्मकता और आक्रामकता पसंद करता हूं और किसी अन्य दिन हम 200 बना सकते थे। गायकवाड़ को गुजरात के कप्तान हार्दिक पांड्या की भी सराहना मिली। हार्दिक ने कहाः वह जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे थे उससे ऐसा लग रहा था कि चेन्नई 220-230 का स्कोर बनाएगी। हमें गायकवाड़ को गेंदबाजी करने में परेशानी हो रही थी, क्योंकि वह आलराउंड क्रिकेटर हैं और क्रिकेटिंग शॉट्स खेलते हैं।

# गावस्कर, भज्जी ने 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम को दिखाई हरी झंडी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल के 2023 संस्करण में जब से 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम को शुरू करने की घोषणा की है इसने सभी का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है। आईपीएल 2023 के गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच उद्घाटन मैच में एक चीज सभी के दिमाग में थी कि टीमें किस तरह इसका इस्तेमाल करेंगी और कौन इम्पैक्ट खिलाड़ी बनेगा। आईपीएल में टीमें इसके इस्तेमाल के बारे में सोच रही हैं, लेकिन इस बीच विशेषज्ञों ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम को हरी झंडी दिखा दी है।

महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा कि टीमों को इस नए नियम से अभ्यस्त होने में समय लग सकता है। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स से कहाः आपको नए नियमों को समझने और नयी खेल शर्तों से अभ्यस्त होने में कुछ समय लगेगा। यह आईपीएल 2023 में सभी दस टीमों के साथ है। उन्हें इसे समझने में कुछ समय लगेगा।

इस बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने इस नए नियम के लिए आईपीएल के थिंक टैंक की सराहना की।

उन्होंने कहाः यह अनूठी पहल है। अब आप एक खिलाड़ी को उस खिलाड़ी से बदल सकते हैं जो आपको लगता है कि उपयुक्त नहीं है और उस खिलाड़ी को ला सकते हैं जो मौजूदा खेल परिस्थितियों में प्रभाव डाल सकता है। इसलिए बीसीसीआई सराहना की पात्र है, क्योंकि यह एक अच्छा नियम है।

## आईपीएल : केकेआर के लिए बारिश बनी खलनायक

# पंजाब ने 7 रनों से पीटा



**एजेंसी। मोहाली**

पंजाब किंग्स ने बारिश से बाधित अपने पहले मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर 7 रनों से हराकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। इस मैच में पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट पर 191 रन बनाए। जवाब में केकेआर ने 16 ओवर में 7 विकेट पर 146 रन बनाए थे, तभी बारिश आ गई। जिस समय बारिश आई केकेआर की टीम डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर 7 रन से पीछे थी और बारिश के कारण खेल दोबारा न शुरू होने पर पंजाब को 7 रन से विजेता घोषित कर दिया गया।

191 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर की टीम मे वरुण चक्रवर्ती के स्थान पर वेंकटेश अय्यर और पंजाब ने भानुका राजपक्षा की जगह ऋषि धवन को बतौर इम्पैक्ट प्लेयर के रुप में उतारा। केकेआर की शुरुआत खराब रही और 4.2 ओवर में 29 के कुल स्कोर पर मनदीप सिंह (02), अनुकूल रॉय (04) और रहमानुल्लाह गुरबाज (22) पवेलियन लौट गए। मनदीप और अनुकूल को अर्शदीप सिंह ने और गुरबाज को नाथन एलिस ने अपना शिकार बनाया।

इसके बाद वेंकटेश अय्यर और कप्तान नीतीश राणा टीम का स्कोर 50 के पार ले गए, इस जोड़ी को सिंकदर रजा ने तोड़ा। उन्होंने कप्तान नीतीश राणा को राहुल चाहर के हाथों कैच आउट कराया। राणा ने 17 गेंदों पर 3 चौके और 1 छक्के की बदौलत 24 रन बनाए। राणा के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए रिंकू सिंह कुछ खास नहीं कर सके और केवल 4 रन बनाकर राहुल चाहर का शिकार बने।

रिंकू के आउट होने के बाद आंद्रे रसल और अय्यर ने तेज बल्लेबाजी की खासकर रसल ने पंजाब के गेंदबाजों की धुनाई शुरू कर दी। हालांकि, वह अपनी पारी को ज्यादा दूर नहीं ले जा सके और सैम करन का शिकार बने। रसल ने 19 गेंदों पर 3 चौके और 2 छक्के की बदौलत 35 रन बनाए। रसल के आउट होने के बाद अय्यर भी तेजी से रन बनाने के चक्कर में अर्शदीप सिंह का तीसरा शिकार बने। अय्यर ने 28 गेंदों में 3 चौके और 1 छक्के की बदौलत 34 रन बनाए। इसके बाद शार्दुल ठाकुर और सुनील नरेन ने आते ही छक्के लगाए। हालांकि, 16 ओवर के बाद, जब केकेआर का स्कोर 7 विकेट पर 146 रन था तभी बारिश आ गई। उस समय शार्दुल 3 गेंदों पर 1 छक्के की बदौलत 8 और नरेन 2 गेंदों पर 1 छक्के की बदौलत 7 रन बनाकर नाबाद थे। जब बारिश आई उस दौरान डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर केकेआर की टीम 7 रन पीछे थी।

### केकेआर ने गेंदबाजी का किया फैसला

**इससे** पहले इस मैच में केकेआर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पंजाब को कप्तान शिखर धवन और प्रभसिमरन सिंह ने तेज शुरूआत दिलाई, खासकर प्रभसिमरन ने काफी तेज बल्लेबाजी की और 1.5 ओवर में 23 रन जोड़ दिये। हालांकि, दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर वह टिम साउदी का शिकार बने। प्रभसिमरन ने 12 गेंदों पर 2 चौके और दो छक्कों की बदौलत 23 रन बनाए। इसके बाद धवन और भानुका राजपक्षा ने दूसरे विकेट के लिए 86 रनों की साझेदारी की। 11वें ओवर में 109 के कुल स्कोर पर राजपक्षा को उमेश यादव ने अपना शिकार बनाया। राजपक्षा ने 32 गेंदों में 5 चौके और 2 छक्के की बदौलत 50 रन बनाए। यह आईपीएल में उनका पहला अर्धशतक था।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले वार्नर हासिल कर लेंगे फॉर्म : रॉस टेलर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

न्यूजीलैंड के बल्लेबाजी लीजेंड रॉस टेलर का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज डेविड वार्नर अपनी फॉर्म फिर हासिल कर लेंगे और जून में भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की अंतिम एकादश में जगह बना लेंगे। वार्नर आईपीएल के 2023 सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी संभल रहे हैं। वार्नर टीम को जीत दिलाने के अलावा ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह बनाने पर भी जोर लगाएंगे। वार्नर का इंग्लैंड में टेस्ट औसत केवल 26.04 है। उन्होंने हाल में भारत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में तीन पारियों में सिर्फ 26 रन बनाये थे। वह शेष दौरे में नहीं खेल पाए थे। टेलर के हवाले से आईसीसी ने कहाः डेवी ने काफी क्रिकेट खेली है। वह 100 से ज्यादा टेस्ट खेल चुके हैं। आप इन खिलाड़ियों को थोड़ी जगह दीजिये तो ये भी युवाओं जैसा प्रदर्शन करेंगे। वह सारी दुनिया में खेले हैं और सफलता हासिल की है और मुझे विश्वास है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम भी उनका समर्थन करेगी। उन्होंने कहाः यदि वह आईपीएल में रन बनाते हैं और दिल्ली का आगे बढ़कर नेतृत्व करते हैं तो इससे उन्हें डब्लूटीसी फाइनल और एशेज के लिए आत्मविश्वास मिलेगा।


# भारतीय महिला टीम ग्रुप स्टेज से बाहर



**एजेंसी। सिंगापुर**

भारतीय महिला 33 बास्केटबॉल टीम फीबा 33 एशिया कप 2023 के मुख्य ड्रॉ के ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रही। भारतीय टीम को क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए शीर्ष दो में रहने की आवश्यकता थी, लेकिन टीम अपने दोनों पूल डी मैच हार गई और पूल डी में तीसरे स्थान पर रही। भारतीय टीम को दुनिया के 21वें नंबर के थाईलैंड से 16-4 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए रसप्रीत सिद्धू, पुष्पा सेंथिल कुमार, धर्शिनी थिरुनावुक्करासु और काव्या सिंगला ने एक-एक अंक बनाए।

दूसरे मैच में रसप्रीत सिद्धू की मदद से भारतीय महिलाओं ने काफी बेहतर आक्रामक प्रदर्शन किया, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था और उन्हें दुनिया की 56वें नंबर की टीम ऑस्ट्रेलिया से 21-11 से हार का सामना करना पड़ा। बैक-टू-बैक हार का मतलब था कि भारत दो हार के साथ अपने पूल में सबसे नीचे था। पूल डी के दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने थाईलैंड को हराया और ग्रुप में शीर्ष पर रहा।



# इस सत्र में शुभमन गिल बना सकते हैं 600 रन : पार्थिव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गत चैम्पियन गुजरात टाइटंस ने 2023 आईपीएल में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए चार बार के विजेता चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हरा दिया। चेन्नई के लिए ऋतुराज गायकवाड़ ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 50 गेंदों में चार चौकों और नौ छक्कों की मदद से 92 रन बनाये जिसकी बदौलत चेन्नई ने स्कोर बोर्ड पर 178 रन का स्कोर खड़ा किया। गुजरात ने शुभमन गिल के 36 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से बने 63 रन की बदौलत अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में लक्ष्य को हासिल कर लिया। गुजरात के राशिद खान को उनके आलराउंड प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। राशिद अली ने मोईन अली और बेन स्टोक्स के महत्वपूर्ण विकेट लिए और तीन गेंदों में नाबाद 10 रन बनाये। जियोसिनेमा के आईपीएल विशेषज्ञ पार्थिव पटेल ने गायकवाड की बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहाः ऐसा लग रहा था कि गायकवाड़ टीम के अन्य बल्लेबाजों के मुकाबले एक अलग ही विकेट पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। जियोसिनेमा के आईपीएल विशेषज्ञ अनिल कुंबले ने गायकवाड़ के नौ छक्के मारने की सराहना करते हुए कहाः हम उन्हें छक्के मारने से जोड़कर नहीं देखते हैं, लेकिन पारी में नौ छक्के मारना अद्भुत है। उन्होंने पूरी तरह क्लीन हिटिंग की। पटेल ने गुजरात की जीत की सराहना करते हुए कहाः शुभमन गिल के लिए यह सत्र जबरदस्त होगा। गुजरात ने लक्ष्य का पीछा करने की शुरुआत शानदार ढंग से की। रिद्धिमान साहा को पहले छह ओवर में अपने शॉट खेलने का लाइसेंस मिला हुआ था। इस विकेट पर लक्ष्य औसत से कम था, इसलिए अच्छी शुरुआत जरूरी थी।

# मियामी ओपन : सिनर ने अल्काराज को हराया

### सेमीफाइनल में हराकर खत्म की नंबर एक खिलाड़ी की बादशाहत

### सर्बिया के नोवाक जोकोविच फिर से बन जाएंगे नंबर एक खिलाड़ी

**एजेंसी। अमेरिका/मियामी**

इटली के जानिक सिनर ने कार्लोस अल्काराज को मियामी ओपन के सेमीफाइनल में हराकर स्पेनिश खिलाड़ी की नंबर एक रैंकिंग पर बादशाहत खत्म कर दी। सिनर ने अल्काराज को पहला सेट हारने के बाद वापसी करते हुए 6-7(4), 6-4, 6-2 से हराया और फाइनल में जगह बना ली। इस हार के साथ अल्काराज का एटीपी रैंकिंग में नंबर एक स्थान भी छिन गया। अब सोमवार को जारी होने वाली रैंकिंग में सर्बिया के नोवाक जोकोविच फिर से नंबर एक बन जाएंगे। इस जीत से सिनर ने दो सप्ताह पहले अल्काराज से इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुका लिया। सिनर इस तरह अपने दूसरे एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल में पहुंचे हैं। उनके दोनों फाइनल मियामी में आये हैं।

सिनर ने मैच में अल्काराज के 22 विनर्स के मुकाबले 28 विनर्स लगाए और 25 नेट अंकों में से 16 जीते। सिनर की अल्काराज के खिलाफ यह पहली जीत है। इतालवी खिलाड़ी ने अल्काराज के खिलाफ अपना करियर रिकॉर्ड 3-3 कर लिया है। उन्होंने अलकाराज का 10 मैचों और 21 सेटों का विजय क्रम समाप्त किया।



## संशय : केन विलियमसन को कैच पकड़ने की कोशिश में लगी चोट

# आईपीएल 2023 में आगे खेलना संदिग्ध



**एजेंसी। नई दिल्ली**

न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन का मौजूदा आईपीएल में आगे खेलना संदिग्ध हो गया है। विलियमसन को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान बांउड्री पर रुतुराज गायकवाड़ का कैच पकड़ने की कोशिश में उनके दाएं घुटने में चोट लग गई थी। सीएसके की पारी के दौरान 13वें ओवर में गायकवाड़ ने हवाई शॉट खेला। लांग आन पर फील्डिंग कर रहे विलियमसन ने हवा में उछलकर कैच पकड़ा और फिर गेंद के बाहर फेंककर बांउड्री के बाहर गिर गए और उनके घुटने पर चोट लगी। इसके बाद वह लंगड़ाकर मैदान से बाहर चले गए। उनकी चोट कितनी गंभीर है, इसका अभी पता नहीं चला है। हालांकि, लेकिन शुक्रवार की रात जो देखा गया, उसे देखते हुए यह मामूली चोट नहीं लग रही थी। ऑन-फील्ड उपचार प्राप्त करने के बाद विलियमसन मैदान से बाहर चले गए और फिर बी साईं सुदर्शन इम्पैक्ट प्लेयर नियम के तहत उनके स्थान पर प्लेइंग इलेवन में शामिल हुए।

टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि उन्हें नहीं पता कि चोट कितनी गंभीर है। उन्होंने कहाः निश्चित रूप से यह घुटने की चोट है, लेकिन मेरे पास इस बारे में कोई अपडेट नहीं है कि वास्तव में क्या हुआ है। मुझे नहीं पता कि चोट कितनी गंभीर है और इसे ठीक होने में कितना समय लगेगा। ऑकलैंड में न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि विलियमसन की चोट राष्ट्रीय टीम के लिए एक बड़ा झटका है। उन्होंने कहाः मैंने अभी उसे मैसेज किया था। वह (विलियमसन) स्कैन के लिए गया है, एक बार जब वह स्कैन और डॉक्टरों की जांच (उस पर) के बाद वापस आएगा, तब ही हम जान पाएंगे कि यह वास्तव में क्या है।

विलियमसन के बाहर होने की स्थिति में टाइटन्स स्टीव स्मिथ और दासुन शनाका में से किसी एक को टीम में शामिल कर सकता है। स्मिथ वर्तमान में आईपीएल में कमेंट्री कर रहे हैं। स्मिथ और शनाका दोनों इस साल की शुरुआत में आईपीएल नीलामी में नहीं बिके थे। विलियमसन 2015 से सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेले थे और 2018 और 2022 में पूरी तरह से और 2019 और 2021 में आंशिक रूप से हैदराबाद की कप्तानी की थी।

